






# जन एक्सप्रेस


लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 298

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 11 अगस्त, 2023


## अविश्वास प्रस्ताव गिरा, 2 घंटे 12 मिनट बोले पीएम मोदी, विपक्षी अलायंस पर कहा

# यह इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन इसमें सबको प्रधानमंत्री बनना है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के तीसरे दिन (गुरुवार, 10 अगस्त) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब दिया। 2 घंटे 12 मिनट के भाषण में पीएम ने कहा, यूपीए को लगता है कि देश के नाम का इस्तेमाल कर विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है। ये इंडिया गठबंधन नहीं है। ये घमंडिया गठबंधन है। इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। सबको प्रधानमंत्री बनना है। मोदी के भाषण के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई, जिसमें ध्वनि मत से प्रस्ताव गिर गया। इधर, मोदी के भाषण शुरू होने के एक घंटे बाद विपक्षी दलों ने वी वॉन्ट मणिपुर के नारे लगाए। 90 मिनट बाद विपक्षी सांसद सदन से वॉकआउट कर गए। विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर 26 जुलाई को केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। अगले दिन यानी 27 जुलाई को लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार किया था।



### भारत की उपलब्धियों पर विपक्ष को अविश्वास

पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ढ्ढरूस्न लिखता है कि भारत ने अति गरीबी को करीब-करीब खत्म कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है जल जीवन के जरिए 4 लाख लोगों की जान बच रही है। यूनीसेफ ने कहा कि स्वच्छ भारत के कारण हर साल गरीबों के 50 हजार रुपए बच रहे हैं। इन उपलब्धियों पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कुछ दलों को अविश्वास है। जो सच्चाई दुनिया दूर से देख रही है, वो यहां रहकर नहीं देख पा रहे हैं।

### अधीर रंजन चौधरी लोकसभा से निलंबित

अधीर रंजन चौधरी के बयान को लेकर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आपत्ति जताई। उन्होंने मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कांग्रेस सांसद को सदन से निलंबित करने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने तक अधीर रंजन को निलंबित किया जाए। लोकसभा अध्यक्ष ने जोशी के प्रस्ताव पर मतदान कराया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### अधीर रंजन पर तंज, गुड़ का गोबर कैसे करना, इसमें ये माहिर हैं

सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता का बोलने की सूची में नाम ही नहीं था। 1999 में वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया। तब शरद पवार साहब ने नेतृत्व किया। 2003 में अटलजी की सरकार थी। सोनिया जी ने लीड ली, प्रस्ताव रखा। 2018 में खडगे जी थे, उन्होंने इसे आगे बढ़ाया, लेकिन इस बार अधीर बाबू का क्या हाल हो गया? उनकी पार्टी ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया, ये तो कल अमित भाई ने बहुत जिम्मेदारी के साथ कहा कि अच्छा नहीं लग रहा है। आपकी उदारता थी कि समय समाप्त हो गया था, तब भी आपने उन्हें मौका दिया। लेकिन गुड़ का गोबर कैसे करना, इसमें ये माहिर हैं।

### यह सरकार का नहीं, विपक्ष का फ्लोर टेस्ट

मैं भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे इसका प्रस्ताव लेकर आए। 2018 में भी वे अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। तब मैंने कहा था कि यह हमारी सरकार के लिए फ्लोर टेस्ट नहीं है। उन्हीं का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी वही। जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने भी जमा नहीं कर पाए थे।

### विपक्ष का अविश्वास हमारे लिए शुभ होता है

इतना ही नहीं, जब हम सब जनता के पास गए तो जनता ने भी पूरी ताकत के साथ इनके लिए नो कॉन्फिडेंस घोषित कर दिया। चुनाव में एनडीए को कहीं ज्यादा सीटें मिलीं। एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। एनडीए और बीजेपी 2024 के चुनाव में पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर जनता के आशीर्वाद से वापस आएगी।

### आपके लिए राजनीति प्राथमिकता

विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरुआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए। लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। देश की जनता ने जिस काम के लिए उन्हें यहां भेजा, उस जनता से भी विश्वासघात किया गया है।

### आप लोग तैयारी करके नहीं आए

आप जुटे तो अविश्वास प्रस्ताव पर जुटे। कट्टर भ्रष्ट साथी की सलाह पर मजबूर होकर जुटे। इस अविश्वास प्रस्ताव पर भी आपने कैसी चर्चा की। सोशल मीडिया पर आपके दरबारी भी बहुत दुखी हैं। मजा इस डिबेट का...फील्डिंग विपक्ष ने ऑर्गनाइज की, लेकिन चौके-छक्के यहीं से लगे। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस पर नो बॉल कर रहा है और इधर से सेंचुरी हो रही है। आप तैयारी करके क्यों नहीं आते जी।


### देश के लिए यह समय बेहद अहम

हम सब ऐसे टाइम पीरियड में हैं, चाहे हम हों या आप... ये टाइम पीरियड बेहद अहम है। कालखंड जो गढ़ेगा, उसका प्रभाव इस देश पर आने वाले 1000 साल तक रहने वाला है। इस कालखंड में हम सबका दायित्व है, एक ही फोकस होना चाहिए कि देश का विकास, सपने पूरे करने का संकल्प, सिद्ध करने के लिए जी-जान से जुटना।

## एएसआई सर्वे संवेदनशील मामला: बिना औपचारिक सूचना के मीडिया कवरेज पर रोक

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी के सर्वे के मीडिया कवरेज पर रोक लगाने संबंधी मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर गुरुवार को जिला जज की अदालत का आदेश आ गया। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के संबंध में एएसआई, वादी व प्रतिवादी के अधिवक्ताओं, जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) या अधिकारियों को कोई टिप्पणी करने या किसी को सूचना देने का अधिकार नहीं है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एएसआई, वादी पक्ष और प्रतिवादी पक्ष के द्वारा कोई जानकारी न दिए जाने के बावजूद बगैर औपचारिक सूचना के सर्वे के संबंध में प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया गलत प्रकार से कोई समाचार प्रकाशित करता है तो उसके खिलाफ विधि के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।



### कोर्ट ने कहा, सर्वे की प्रकृति संवेदनशील

जिला जज की अदालत ने कहा कि न्यायालय के आदेश से जो सर्वे का कार्य चल रहा है, उसकी प्रकृति संवेदनशील है। एएसआई के अधिकारी सर्वे की रिपोर्ट केवल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं। सर्वे के संबंध में कोई सूचना प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को दिया जाना न तो औचित्यपूर्ण है और न ही विधि सम्मत है।

### कोई कुछ भी कहीं साझा नहीं करेगा

अदालत ने एएसआई के अधिकारियों को आदेश दिया कि वे सर्वे के संबंध में किसी भी प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया या इलेक्ट्रानिक मीडिया को कोई जानकारी नहीं देंगे। सर्वे के संबंध में कोई जानकारी किसी अन्य व्यक्ति से भी नहीं साझा करेंगे और रिपोर्ट केवल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। जिला जज की अदालत ने कहा कि वाद के वादीगण व प्रतिवादीगण, उनके अधिवक्तागण, जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) और अन्य अधिकारियों को भी आदेशित किया जाता है कि सर्वे के संबंध में कोई जानकारी प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ साझा न करें। न सर्वे से संबंधित किसी जानकारी का प्रचार-प्रसार करें।

## लखनऊ से वाराणसी की फ्लाइट का सीएम योगी ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

वाराणसी के बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लखनऊ की सीधी विमान सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहली उड़ान के यात्रियों का स्वागत करने के बाद दोपहर विमान (6 ई7483) को हरी झंडी दिखाई। पर्यटन मंत्री उसी विमान से लखनऊ से बाबतपुर एयरपोर्ट आएंगे। वह यहां से लखनऊ जाने वाले यात्रियों का स्वागत करेंगे।




वाराणसी से लखनऊ की दूरी 55 मिनट में ही तय की जा सकेगी। हालांकि लखनऊ से वाराणसी पहुंचने में 1.10 घंटे ही लगेंगे। सीएम योगी ने कहा कि बनारस के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, विद्वत समाज और काशी विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुजनों ने लखनऊ से वाराणसी के लिए सीध विमान सेवा की मांग कर रहे थे।

### सप्ताह में 3 दिन चलेगी फ्लाइट

लखनऊ से वाराणसी जाने वाले लोगों के लिए इस फ्लाइट सुविधा को इंडिगो एयरलाइंस की तरफ से सप्ताह में 3 दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार को ये सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। दोपहर 2.20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी फ्लाइट और 55 मिनट वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचेगी ।तो वही वाराणसी एयरपोर्ट से शाम 4.05 बजे उड़ान भरेगी।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव की मिलीभगत से लाखों रुपए का घोटाला, जांच के बाद हुआ खुलासा

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

- जांच रिपोर्ट के दो महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक नहीं हुई कोई विधिक कार्रवाई
- शासन द्वारा निर्धारित नियमों व मानकों को ताक पर रखकर ग्राम प्रधान ने अपनी फर्म में भेज दिए लाखों रुपए

जौनपुर। शाहगंज तहसील के सुईथाकला ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरौल में कराए गए वित्तीय वर्ष 2022-2023 के विकास कार्यो में ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद यादव व ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश कुमार पाठक की मिलीभगत से शासन के नियमों व मानकों को ताक पर रखकर लाखों रुपए के सरकारी धन गबन करने का आरोप लगा है। जिसका खुलासा गांव के निवासी जंग बहादुर यादव, बृजेश कुमार उपाध्याय आदि के दिए गए प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा गठित टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद हुआ। जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव पर अपूर्ण सामुदायिक शौचालय निर्माण का रुपया निकाल कर पूर्ण दिखा दिया जाना,ग्राम प्रधान के मिलने वाले मानदेय रु -30,000 -रु 30,000 दो बार लिए जाना पाया गया। ग्राम पंचायत में दो इंटरलॉकिंग पर एक ही वित्तीय वर्ष में दो बार काम दिखाकर भुगतान कर लिया गया। वहीं एक चकरोड पर इंटरलॉकिंग लगा ही नहीं फिर भी उसका भुगतान कर लिया गया। शिकायती पत्र में दिये अन्य कार्य पर भी अनियमितता बरती गई है। उत्तर प्रदेश शासन का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का भुगतान अपने अथवा रिश्तेदार के फर्म पर भुगतान नहीं करेंगे, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा अधिकांश भुगतान अपनी ही फर्म 'जय बजरंग इंटरप्राइजेज' पर किया गया। जिसकी प्रोपराइटर उनकी पत्नी स्वयं है। और तो और अपने सगे भतीजे को सहायक पंचायत मित्र के पद पर नियुक्ति कर दिया, जो शासनादेश के के विपरीत है।

### तीन सदस्यीय कमेटी की थी गठित

गांव में कराए गए 39 विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत गांव निवासी जंग बहादुर यादव, बृजेश उपाध्याय समेत दर्जन भर लोगो द्वारा जिलाधिकारी जौनपुर के समक्ष शपथ पत्र के साथ 15 अप्रैल 2023 को दिया गया। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए मामले के जांच के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी जौनपुर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी।


"जांच रिपोर्ट आने के पश्चात ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी से जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था ग्राम प्रधान द्वारा स्पष्टीकरण दे दिया गया है। जांच परीक्षण कर रिपोर्ट मंगलवार को जिलाधिकारी महोदय को सौंप दिया गया है।


-नथ्थूराम, जिला पंचायती राज अधिकारी जौनपुर



### भ्रष्टाचारियों पर चलेगा बाबा का बुलडोजर

जांच अधिकारी द्वारा अपनी स्थलीय रिपोर्ट 31 मई 2023 को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव की मिलीभगत से लाखों रुपए के सरकारी धन का दुरुपयोग व गबन किया गया है, लेकिन जांच रिपोर्ट के कई महीने से बीत जाने के बावजूद अभी तक जिला प्रशासन द्वारा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं मामला प्रकाश में आने के बाद ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश पाठक जिले के अधिकारियों से मिलकर अपना स्थानांतरण सुईथाकला ब्लॉक से बदलापुर विधानसभा के महाराजगंज ब्लॉक में करा लिया। बहरहाल जिला प्रशासन अभी तक ऐसे भ्रष्टाचारियों पर विधिक कार्रवाई क्यों नहीं कर सका? यह तो पता नहीं। परंतु शिकायतकर्ता को यह विश्वास है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने वाली सरकार है। और जल्द ही ऐसे भ्रष्टाचारियों पर बाबा का बुलडोजर अवश्य चलेगा।





**रिपोर्ट** प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे और प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ.राजेश सिंह ने ठान ली है कि वो आसानी से कुर्सी से हटने वाले नहीं

# चाहे कोई कुछ भी कहे, कुर्सी से नहीं हटेंगे, हम सेवा विस्तार लेकर रहेंगे...

- प्रदीप दुबे की तो नियुक्ति से लेकर सेवा विस्तार का कार्यकाल पूरा हुए अरसा बीत गया फिर भी पद पर शोभायमान हैं
- डॉ.राजेश सिंह भी 65 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद भी प्रमुख सचिव विधान परिषद की कुर्सी पर जमे हुए हैं
- सूत्रों के अनुसार सीएम योगी इन दोनों की कार्यशैली से नाराज हैं, दोनों ही अधिकारी को संगठन के एक बड़े नेता और एक केंद्रीय मंत्री का संरक्षण है

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। सीएम योगी के सख्त तेवर देखकर भले ही उत्तर प्रदेश के माफिया और बाहुबली कांप रहे हों। उनके स्पष्ट दिशा निर्देश के बावजूद प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे और प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ. राजेश सिंह के ऊपर कोई असर नहीं है। दोनों ही अधिकारी अपना-अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और 65 वर्ष की उम्र भी पार कर चुके हैं। दोनों न्यायिक अधिकारी रहे हैं और कानून के अच्छे जानकार हैं। सारे नियम जानते हुए भी दोनों कुर्सी छोड़ने का नाम नहीं ले रहे। सूत्रों के अनुसार खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दोनों अधिकारियों की कार्यशैली से खफा हैं। वह नहीं चाहते अब यह दोनों अधिकारी पद पर बने रहें। इसके बावजूद इन दोनों अधिकारियों ने भाजपा के केंद्रीय संगठन और एक केंद्रीय मंत्री का आवेदन लिया हुआ है। यह छत्रछाया इन दोनों को कितने दिन सीएम योगी की कार्रवाई से बचाएगी यह तो वक्त बताएगा, फिलहाल दोनों पूरी धमक के साथ अपनी-अपनी कुर्सी पर काबिज हैं।



प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ. राजेश सिंह

### प्रदीप दुबे को तलब कर चुके हैं सीएम योगी

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार जन एक्सप्रेस की खबरों का संज्ञान लेकर सीएम योगी ने प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे के अतीत और वर्तमान की जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने अपने ऑफिस में प्रदीप कुमार दुबे को तलब किया उनसे ही पूछा आपके खिलाफ मीडिया में यह सब क्या छप रहा है। प्रदीप दुबे सिर झुकाए बैठे रहे। सीएम ने उन्हें सख्त लहजे में कहा की कोई कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों ना हो सभी को नियम और कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा।

### लगता है डॉ.राजेश सिंह ने साध लिया है सिस्टम को!

प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ. राजेश सिंह का जन्म जुलाई 1958 में हुआ था। यह हम नहीं कह रहे हैं, खुद विधान परिषद की वेबसाइट पर यह दर्ज है। इस हिसाब से डॉ. सिंह की उम्र जुलाई 2023 में 65 वर्ष पूरी हो गई है। लिहाजा अब तक उन्हें किसी भी तरह सेवा विस्तार मिलता रहा हो, नियमानुसार अब वह सेवा विस्तार के पात्र नहीं है। अगस्त महीने के भी 10 दिन बीत गए हैं। इसके बावजूद डॉ. राजेश सिंह अब तक अपने पद पर बने हुए हैं। उनके रिटायरमेंट और विदाई की भी कोई सूचना विधान परिषद से नहीं मिली है। इसलिए माना जा रहा है कि डॉ. राजेश सिंह ने तमाम नियमों को ताक पर रखकर एक बार फिर सिस्टम को साध लिया है।

### ...तो क्या प्रदेश में केंद्र का हस्तक्षेप जारी है

कुछ समय पहले केंद्र और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री दफ्तर के बीच तकरार की बातें सामने आई थीं। चर्चा आम हो गई थी के मुख्यमंत्री योगी प्रदेश के कामकाज में संगठन और केंद्रीय मंत्रियों के अनावश्यक हस्तक्षेप को पसंद नहीं कर रहे हैं। इस कारण भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी और कुछ केंद्रीय मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी खटकने लगे थे। इसके बाद सीएम योगी को दिल्ली तलब किया गया था। फिर बाद में तकरार की बातें आना बंद हो गईं। प्रदीप कुमार दुबे और डॉ. राजेश सिंह के मामले में भी मान कर चला जा रहा है यह दोनों अधिकारी दिल्ली में बैठे अपने रहनुमाओं की वजह से सुरक्षित बैठे हैं। वरना सीएम योगी ने इन्हें कब का हटा दिया होता।

### किसने रचा है प्रदीप दुबे को बचाने का चक्रव्यूह

जानकारी के अनुसार प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने 13 जनवरी 2009 में सचिव संसदीय कार्य से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। उनका वीआरएस स्वीकृत होने के साथ ही उसी दिन देर रात सचिव से प्रोन्नति होकर प्रमुख सचिव बना दिया गया। प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे का इस तरह से पद हथिया लेना सामान्य घटना नहीं है। सेवा मामलों के जानकार इसे अपवाद मानते हैं। उनका तर्क है कि एक ही विभाग में वीआरएस लेकर उसी रात उससे बड़े पद पर कैसे आसीन हुआ जा सकता है। इससे तो सरकार की कार्यशैली ही हास्यास्पद साबित होती है। यह सब तब हुआ जब दुबे इस पद के लए उम्र की पात्रता ही नहीं रखते थे। अधिकतम 52 वर्ष वाले इस पर आसीन होते समय दुबे की उम्र 53 वर्ष थी। इसके साथ ही 2017 में रिटायर होने के बाद भी इनके रिटायरमेन्ट का आदेश वर्ष 2019 में दो वर्ष विलम्ब से कैसे जारी हुआ।सेवानिवृत्ति का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से अब तक लगातार बिना किसी सेवा विस्तार के ही पद पर बैठे हैं। सूचना के अधिकार के तहत इनकी नियुक्ति और सेवा विस्तार के संबंध में मांगी गई जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। यही नहीं, अपीलीय अधिकारी स्तर से भी कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकार से लेकर अधिकारियों के स्तर तक इन्हें बचाने के लिए कौन चक्रव्यूह रच रहा है।



प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे

# ठग पीड़ितों ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



देश के लगभग 42 करोड़ ठगी पीडित जमाकर्ता परिवारों की डूब चुकी करीब 20 लाख करोड़ रुपये की मेहनत की रकम को वापस दिलाने के लिए मिशन भुगतान भारत यात्रा कार्यक्रम का आयोजन देश भर में संगठन के माध्यम से किया जा रहा है।

यह कि अनियमित जमा योजनाएं कानून 2019 का क्रियान्वयन करवाने और पीड़ितो का भुगतान करवाने के लिए मिशन भुगतान भारत यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लगातार राज्यों एवं केंद्र को ज्ञापन देकर कानून के विषय में जमाकर्ताओं को जागरूक करना और हर जिले में भुगतान पटल स्थापित करवाना हमारे संगठन का मुख्य कार्य है।

संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि कानून लागू होने के 4 साल बाद भी सरकार द्वारा पीड़ितों का भुगतान न करना नागरिकों का शोषण एवं उत्पीडन है। इसलिए हमारे संगठन ने निर्णय लिया है कि जो शासक-प्रशासक उक्त कानून का पालन नहीं करेंगे तो हम उनका बहिष्कार एवं प्रतिकार करेंगे तथा विरोध स्वरूप सत्ता में बैठे शासकों से सत्ता छोड़ने की मांग करेंगे। भुगतान करो या सत्ता छोड़ो और ठग बेईमानो भारत छोड़ो के नारे के साथ मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री व राष्ट्रपति को सम्बोधित ाापन दिया कि अविलम्ब कानून का अनुपालना सुनिश्चित करवाते हुए हमारा भुगतान हमारी जमाराशि के दो से तीन गुणा करें और ठग बेईमानो को मृत्युदंड देने का कानून बनायें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश कुमार साहू सहित बडी सख्या मे ठगी के शिकार उपस्थित रहे।

# अधिकारियों व कर्मचारियों को पंच प्रण की दिलाई शपथ



जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 से 30 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत् अमृत काल के पंच प्रण की शपथ विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाया।

अमृत काल के पंच प्रण में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना शामिल है। जिला विकास अधिकारी ने शपथ दिलाते हुए दोहराया मैं शपथ लेता हूं कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूं कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिये हमेशा कार्य करता रहूंगा।

मैं शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिये सदैव प्रयासरत रहूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्यों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि देश के गौरव के लिये प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिये समर्पित रहूंगा। इस मौके पर जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुराचार के आरोपी को दो माह के अन्दर विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

शौच के लिए गई लडकी को स्कूल के संकुल भवन में ले जाकर दुराचार करने के आरोपी को घटना के दो माह के अन्दर विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को सजा सुनाई है। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अपराधियों के विरूद्ध न्यायालयों में की जा रही प्रभावी पैरवी के चलते आरोप पत्र दाखिल करने के मात्र 35 दिन के अन्दर पीडिता को न्याय मिल गया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि सरधुवा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार बहन की तबियत खराब होने के चलते वह घर से बाहर गया था। इस दौरान बाहर से लौटने पर बीती 16 जून 2023 को घर पहुचने पर बताया गया कि उसकी पुत्री अपने दादी, बाबा के यहां गई थी।

जहां सिलाई सीखने के बाद घर से बीती 11 जून 2023 को उसकी लडकी शौच के लिए गई थी। इस दौरान रास्ते में सरधुवा थाना क्षेत्र के बरद्वारा गांव का निवासी शिवशंकर उर्फ निन्दा पुत्र बिन्दु यादव उसकी लडकी का हाथ पकडकर स्कूल के संकुल भवन में ले गया और वहां उसके साथ गलत काम किया। साथ ही मारपीट करने के बाद किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर महिला उत्पीडन के इस मामले में पुलिस टीम द्वारा त्वरित गति से प्रभावी पैरवी की गयी थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने गुरूवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी शिवशंकर उर्फ निन्दा को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# नोडल अधिकारी ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कराने पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी 9 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर अपर जनपद न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससीएसटी, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी दीपनारायण तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में नोडल अधिकारी दीप नारायण तिवारी ने प्रत्येक न्यायिक अधिकारी को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए नियत वादों की समीक्षा करते हुये आगामी 9 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक वाद चिन्हित कर निस्तारित किये जाने की अपेक्षा की है। आगामी 9 सितम्बर को पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, धन वसूलीवाद, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व, चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे से दीवानी न्यायालय प्रांगण, प्रत्येक तहसील एवं बाह्य न्यायालय मऊ तथा ग्राम न्यायालय मानिकपुर में आयोजित किया जायेगा।

इस मौके पर अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनीत नारायण पाण्डेय, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार, सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकधर दूबे, सिविल जज (सीडि) विदुषी मेहा, सिविल जज (जूडि) सोनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट संघमित्रा आदि मौजूद रहे।

## गांजा रखने का आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गांजा रखने का आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष कठोर कारावास एवं 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उप निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा ने बीती 14 जुलाई 2010 को बांदा जिले के बलखण्डी नाका निवासी शिवा उर्फ वीरेन्द्र उर्फ विपीन धुरिया पुत्र रामस्वरूप को तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। साथ ही पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी शिवा उर्फ वीरेन्द्र एक वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीएम को सौपा 16 सूत्री ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



पुरानी पेंशन की बहाली वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, शिक्षकों के विनियमितीकरण. निशुल्क चिकित्सा सुविधा आदि को लेकर विगत कई वर्षों से आंदोलित हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में अपनी मांगों के समर्थन में अनेक बार धरना-प्रदर्शन के साथ-साथ ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगे प्रेषित कर चुके हैं, किंतु उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मांगों के निराकरण के संबंध में कोई कार्यवाही नही किया गया। जिससे प्रदेश का शिक्षक समुदाय अत्यंत क्षुब्ध एवं आहत है। शिक्षक नहर कालोनी से जिलाधिकारी कार्यालय तक शांतिपूर्ण मोटर साईकल रैली निकाल कर अपनी मांगे दोहराते हुए यह ज्ञापन प्रेषित किया। 16 सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक संघ ने मांग किया।

पुरानी पुरानी पेंशन बहाल करें, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत पर वेतन एवं सेवा शर्तें लागू की जाएं, राजकीय शिक्षकों-कर्मचारियों की भांति सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमन्य किया जाय, विनियमितीकरण से वंचित तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करते हुए उन्हें नियमित वेतन भुगतान किया जाय।

सेवानिवृत्त किसी भी देयक का अद्यतन भुगतान नहीं किया गया है उनके सेवानिवृत्त लाभों का भुगतान अविलंब किया जाय, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन से की गई कटौती एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गए अंशदान को खातो मे अंकित किया जाय, बोर्ड परीक्षाओं की पारिश्रमिक दरें सीबीएसई के सामान किया जाय, बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित कई वर्षों से पारिश्रमिक के अवशेष का भुगतान ाअिबलम्ब कराया जाय, वेतन अवशेष, महंगाई भत्ता चयन वेतनमान पदोप्रति आदि अवशेष का भुगतान किया जाय, कार्यरत कंप्यूटर तथा व्यावसायिक शिक्षक पूर्णकालिक शिक्षक के रूप में समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत के आधार पर वेतन अनुमन्य किया जाय, शिक्षकों के स्थानांतरण नीति में आवश्यक संशोधन करना सुनिश्चित करे, बन्द सामूहिक बीमा को पुन चालू किया जाय, ऐसे शिक्षक जो 22 मार्च 2016 की अधिनियमित व्यवस्था के अंतर्गत विनियमित हुए उन्हें नियुक्ति से पुरानी पेंशन अनुमन्य किया जाय, ऐसे शिक्षक जिनका चयन 01 अप्रैल 2005 से पूर्व हो चुका था।

## राष्ट्रीय रामायण मेला में होगा खरीफ गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन 12 अगस्त को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि प्रदर्शनी और कृषक वैज्ञानिक संवाद का भी किया जाएगा। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में होने वाली इस गोष्ठी में लगाई जाने वाली कृषि प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। साथ ही किसानों को निवेश की उच्च तकनीकी जानकारियों के बारे में बताया जाएगा। गोष्ठी में कृषक वैज्ञानिक संवाद किया जाएगा, जिसमें वैज्ञानिक बताएंगे कि किस प्रजाति का बीज प्रयोग किया जाए तथा मिट्टी में कौन से तत्वों की आवश्यकता है, जिनको पर्याप्त मात्रा में डालने से उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इस दौरान कृषि निवेश की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के किसान अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर खरीफ की फसलों में नई तकनीकी का प्रयोग करें तथा उसका उपयोग खेती के कार्यों में करके लाभ उठाएं।

# जिलाधिकारी ने ली जल जीवन मिशन के निर्माणाधीन कार्यों की बैठक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गुरूवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट की सभागार में हुई। बैठक में रैपुरा, सिलौटा चांदी बांगर के इंटकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सी डब्ल्यू ऑर, सी एल एफ, फिल्टर हाउस पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो पाइप लाइन बिछाई गई है, उससे पानी गंदा नहीं आना चाहिए, उसको क्लोरीन, डेजिग व सैम्पलिंग कराकर कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य 5 दिन के अंदर हो जाना चाहिए, किसी भी ग्राम पंचायत से शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने रैपुरा इंटकबेल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरिनेशन, एल एम डोजी के सम्बन्ध में कहा कि 16 अगस्त तक इसका निरीक्षण किया जाएगा। अपूर्ण होने की स्थिति में जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने सिलौटा में इनटेकबल के कार्य के बारे में जानकारी की। साथ ही एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि रेगुलर पानी दिया जाना चाहिए। जितनी ग्राम पंचायतें जल जीवन मिशन के अंतर्गत आ रही है, उसमें राशन कार्ड धारको का भी कनेक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नल की ऊंचाई अधिक नहीं होनी चाहिए व घर के बाहर ही टोटी लगाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेंटर, स्कूल, स्वयंसेवी संस्थाओं में भी कनेक्शन कराएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची की सीडीपीओ के माध्यम से प्रोजेक्ट मैनेजर को शेयर करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जो टीम बनाई गई है वे गांव में जाकर हर घर का सर्टिफिकेशन कराएं। उन्होंने एलएनटी व जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि इसमें श्रम शक्ति बढ़ाकर जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदन सुधाकरन, जल निगम अधिशासी अभियन्ता संजय कुमार गुप्त, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण सुमित कुमार, अवर अभियन्ता विजय शंकर यादव, हरिकेश सिंह, गिरजाशंकर, एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## ''जल ही जीवन'' स्लोगन बना मजाक, जिम्मेदार ही गैरजिम्मेदार

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

वैसे तो शासन-प्रशासन समेत स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा जल ही जीवन है का नारा देते हुए पानी बचाओ-जीवन बचाओ के प्रति जागरूकता अभियान आये दिन चलाते जा रहे हैं। किंतु इस नारे को जमीनी हकीकत में साकार करने के लिए जिम्मेदारी का निर्वहान कर रहा विभाग ही जब अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ ले तो ऐसे में यह नारा कहीं ना कहीं बेबस नजर आता है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रो की पानी सप्लाई व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाला नगर पालिका परिषद का जलकल विभाग अपने दायित्वों के प्रति कितना गंभीर है। आपको इसकी बानगी शहर सहित ग्रामीणान्चलो के कदम-कदम पर देखने को मिल जाता है। जहॉ शहर के प्रमुख सडको, चैराहो सहित आलाधिकारियो के कार्यलयो के सामने ही खुलं नलो से बहता पानी तो आम है।

वहीं लाखों-करोड़ो की लागत से खोदे गये तालाबों में पानी का एक बूंद भी मिलना मुश्किल है। तालाबो की खुदाई मात्र मनरेगा का काम के लिए खोदे गये। जब कि उचे स्थान तथा पानी व निकासी की कोई भी व्यवस्था नही की गई। वहीं तालाबो के अतिक्रमण हटाओ अभियान तो मात्र औपचारिकता व दस्तावेजो के आकडे एकत्रित किया गया है। जब कि हकीकत से कोसो दूर ही है। इस प्रकार की अनेक अनियमितता शासन -प्रशासन क`जल ही जीवन है का स्लोगन बेकार साबित हो रहा है। आश्चर्य तो तब होता है कि इसकी सूचना जिम्मेदार अधिकारियो व कर्मचारियों को समय-समय पर जागरुक लोगो द्वारा दिया जाता है। किन्तु जिम्मेदारी से मुँह मोड़े विभागीय अफसर व कर्मचारियों ने इसकी सुध लेना भी उचित नहीं समझते। नगर पालिकाओ व नगर पंचायतो के पानी सप्लाई की पाईपे छतिग्रस्त होकर कई-कई दिनो तक पानी की बर्बादी करती रहती है और जिम्मेदार कर्मचारी न होने सहित अनेक बहाने बनाते रहते हैं।

## चोरी के आरोपी को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मोबाइल चोरी के आरोपी को न्यायालय ने दो वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही चार हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि मानिकपुर जीआरपी थाने के पुलिस ने स्टेशन में तलाशी के दौरान मानिकपुर रेलवे स्टेशन में मध्य प्रदेश के रीवा जनपद के मनोज कुमार गुप्ता पुत्र कौशल किशोर गुप्ता बाइक से मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड आदि दस्तावेज बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी इस सामग्री की सही जानकारी नहीं बता पाया। जांच के दौरान पता चला की यह सामान चोरी का है।

## दुष्कर्मी ने हैवानियत को भी किया शर्मसार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** दुष्कर्मी ने पॉच वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करके हैवानियत को भी शर्मशार कर दिया। बच्ची को नाजुक हालत में परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है। नाबालिक बच्चाी घर के बाहर खेल रही थी और परिवार जंगल खेत का काम करने गये थे। मामला थरियांव थाना क्षेत्र के निवासी ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि बीते 5 अगस्त को वह और उसकी पत्नी खेतों में काम करने के लिए गए थे। उसकी बड़ी बेटी स्कूल गई थी। इस दौरान उसकी 5 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस का रहने वाला एक 18 वर्षीय युवक मासूम को अकेला देख टॉफी देने के बहाने अपने घर बुला ले गया। इसके बाद उसके साथ हैवानियत किया और मौके से भाग निकला। खून से लथपथ मासूम रोते बिलखते घर पहुंची। खेतों से काम कर घर लौटे परिजनों से बच्ची ने आपबीती बताई। वही आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे तो परिजनों को जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। मासूम की हालत नाजुक देखकर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## विधान सभा में सदर विधायक ने उठाया किसानों का विद्युत बिल माफ करने का मुद्दा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

विधानसभा के मानसून सत्र के चैथे दिन सदर विधायक अनिल प्रधान ने बुंदेलखंड के किसानों के लघु, सीमांत दायरे को बढ़ाने तथा प्रदेश के सभी निजी नलकूप धारक किसानों का 100 प्रतिशत विद्युत बिल माफ करने के लिए सरकार की योजना के बारे में प्रश्न किया।

बताया कि वर्ष 2023-24 के बजट में किसानों को उनके निजी नलकूप के लिए 100 प्रतिशत बिल माफ करने की घोषणा की गई है। सरकार किसानों के विद्युत बिल माफ करती है तो यह सदर विधायक अनिल प्रधान की बड़ी जीत होगी। साथ ही बुंदेलखंड समेत समूचे उत्तर प्रदेश के किसानों को राहत मिलेगी। सदर विधायक ने समाजकल्याण मंत्री से उत्तर प्रदेश में अध्यनरत छात्र-छात्राओं तथा प्रदेश से बाहर स्थित संस्थाओं में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को शुल्क प्रतिपूर्ति (छात्रवृत्ति) प्रदान करने की सरकार की योजना के बारे में प्रश्न किए। जिस पर सरकार का संतोषप्रद जवाब न मिलने पर असंतुष्टि जताई। इसी प्रकार आगजनी की घटनाओं में किसानों और पीड़ितों के हुए नुकसान की 100 फीसदी मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की। सदर विधायक ने प्रदेश में कृषि स्नातकों से जुड़े समस्त विभागों में जो पद रिक्त है, उनको कब भरा जाएगा। कृषि विश्वविद्यालयों की भर्तियों में आरक्षण का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। कृषि विभाग में लंबित भर्तियों को कब तक पूरा कर लिया जाएगा। बुंदेलखंड के किसानों को समाजवादी सरकार की भांति बुंदेलखंड एवं समूचे प्रदेश में सूखा अथवा बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि प्रदान किए जाने, खेतों को सांडों से बचाने और सांडों के हमलों से हुई मृत्यु में आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की सरकार से मांग की।

याचिका उपस्थापन के तहत भैसौंधा में राजकीय इण्टर कॉलिज की स्थापना कराए जाने के सम्बन्ध में विधान सभा में याचिका प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में स्थापित पेट्रोल पंपों में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति टैंकर लारी द्वारा किये जाते है तथा टैंकर लारी के डिजाइन की नियमावली में विसंगति होने एवं पेट्रोलियम पदार्थों की चोरी को रोकने के लिए सदन का ध्यान आकृष्ट कराया।

जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर जल्द ही इस समस्या के निराकरण के लिए कमेटी गठित कर दी जायेगी। उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में हुए भ्रष्टाचार की जांच आईआईटी कानपुर से कराने, अधूरे निर्माण कार्य के बावजूद जनता के शोषण के लिए टोल टैक्स वसूली को रोकने, एक्सप्रेसवे में पेट्रोल पंप और फूड प्लाजा की स्थापना कराए जाने के लिए सदन को अवगत कराया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 31.08.2023 को 15.00 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | GSU-LKO-PSSA-01 दिनांक 10.08.2023 |
| 2 | निविदा संख्या | GSU-LKO-PSSA-01 |
| 3 | कार्य का नाम | गति शक्ति यूनिट, लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे की परियोजनाओं के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी की नियुक्ति। |
| 4 | अनुमानित लागत | रू. 5,05,88,412.84 |
| 5 | धरोहर राशि | रू. 4,03,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से अठारह माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 17.08.2023 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 31.08.2023 15.00 बजे |
| 9 | बेवसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2475/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रीयल संघ के अध्यक्ष बने अवध नारायण, महामंत्री बने अरुण शुक्ला

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



कलेक्टरेट मिनिस्ट्रीयल संघ के चुनाव में गुरूवार को सर्व सम्मति से अवध नारायण को अध्यक्ष चुन लिया गया। साथ ही अरूण शुक्ला को महामंत्री चुना गया है। कलेक्टरेट परिसर में गुरूवार को हुई बैठक के बाद कलेक्टरेट मिनिस्ट्रीयल संघ का चुनाव कराया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों को सर्व सम्मति से चुन लिया गया। जिसमें अवध नारायण अध्यक्ष, मनोज कुमार मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अरूण कुमार शुक्ला महामंत्री, जग्गीलाल सचेतक, राहुल कुमार संयुक्त मंत्री, विक्रम सिंह संगठन मंत्री, हिमांशु पाण्डेय कोषाध्यक्ष, विनीता श्रीवास्तव सांस्कृतिक मंत्री, गजनफर अली आडिटर बनाए गए। कलेक्टरेट कार्यकारिणी में नरसिंह व विनोद सिंह, कर्वी तहसील कार्यकारिणी में कंचनलता, मऊ तहसील कार्यकारिणी में पूजा, राजापुर तहसील कार्यकारिणी में कैलाश और मानिकपुर तहसील कार्यकारिणी में सुरेश को स्थान दिया गया है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ । शुक्रवार । 11 अगस्त 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 10- 13 अगस्त 2023 के मध्य मेघ गर्जना एवं बज्रपात के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) = 32.4 (+0.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) = 26.8 (+1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम = 78 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम = 69 प्रतिशत
हवा की औसत गति = 8.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) = 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# मानक विहीन वेदस, विनायक, केएस डायग्नोस्टिक सेंटर पर कब होगी कार्रवाई?

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर जहां एक और मानक विहीन अस्पतालों की वजह से पहले ही सुर्खियों में छाया रहता था वहीं अब मानक विहीन पैथोलॉजी जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लिए सर दर्द बना हुआ है। कल्याणपुर क्षेत्र में 4 दर्जन से अधिक मानक विहीन पैथोलॉजी कार्य कर रही है।

आपको याद दिलाते चलें कि जन एक्सप्रेस समाचार पत्र में बीते काफी समय से मानक विहीन अस्पतालों व पैथोलॉजी के विरुद्ध अभियान छेड़े हुए हैं। और समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए कई अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही भी शुरू कर दी है। लेकिन अब कल्याणपुर क्षेत्र में मानक विहीन पैथोलॉजी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लिए मुसीबत का सबक बनती जा रही है। क्षेत्र में संचालित मानक विहीन वेदस पैथोलॉजी, विनायक पैथोलॉजी, केएस डायग्नोस्टिक सेंटर, श्री साइन पैथोलॉजी, डॉक्टर चॉइस पैथोलॉजी, माधव पैथोलॉजी, मीरा पैथोलॉजी, गोपाल पैथोलॉजी, साक्षी पैथोलॉजी, संचालित है। इन सभी पैथोलॉजी का अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन तो यह कहती है कि पैथोलॉजी में परमानेंट एमडी पैथोलॉजिस्ट और पैरामेडिकल स्टाफ होना चाहिए। लेकिन इन सभी पैथोलॉजी में ना तो परमानेंट एमडी पैथोलॉजिस्ट है और ना ही परमानेंट मेडिकल स्टाफ है। अब देखने वाली बात यह होगी कि शहर का स्वास्थ्य विभाग आखिर का मानक विहीन पैथोलॉजी पर कार्यवाही करता है।










# सीडीओ ने फायलेरिया उन्मूलन अभियान का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा/हिमांशु दीक्षित

**कानपुर नगर।** मा. काशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सुधीर कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का किया शुभारंभ। इस दौरान उन्होंने दवा खाकर जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने सभी को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने बताया कि 10 से लेकर 28 अगस्त तक मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। 3700 टीमें घर-घर जा कर वयस्कों और बच्चों को दवा खिलायेगी। इस अभियान में सभी कोबढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिये। जिससे कि इस भयंकर बीमारी के प्रकोप को रोका जा सके।




**एक वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों, वयस्कों को खानी होगी दवा**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि फाइलेरिया (आईडीए) अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अभियान में एक वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों, वयस्कों सहित सभी को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

**फाइलेरिया के 5 से 15 साल बाद दिखाई देते हैं लक्षण**

मान्यवर काशीराम अस्पताल के सीएमएस डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया (फीलपांव व हाथी पांव) वाहक मच्छर क्यूलेक्स के काटने के बाद इसके लक्षण 5 से 15 साल बाद दिखाई देते हैं इसलिए 1 साल से ऊपर के सभी बालक-बालिकाओं, वयस्कों एवं वृद्धजनों को फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खानी चाहिए। इस दवा का साल में एक बार और 3 साल लगातार सेवन करने से फाइलेरिया से सुरक्षित रहा जा सकता है। गर्भवती महिला को दवा का सेवन नही करना है। इस मौके पर सीएमओ डॉ आलोक रंजन, सीएमएस डॉ. स्वदेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. एसपी यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश्वर, जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी यूपी सिंह और सहयोगी संस्था सीफार, पाथ सीएचआरआई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## मंदिर को ढहाने के लिए जेसीबी के साथ पहुंचे नगर निगम के अधिकारी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के किदवई नगर एच ब्लॉक में बीते कई दिनों से एक बजरंगबली के मंदिर को लेकर विवाद चल रहा है, जिसके चलते बीते दिन नगर निगम के अधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ वहां पर पहुंचे पर क्षेत्रीय लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे और मंदिर हटाने का विरोध करने लगे एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों को सूचना मिली तो वह सभी मौके पर पहुंचे कोई बड़ा विवाद होने से बचा, यथा स्थिति बरकरार है। क्षेत्रीय लोगों का ऐसा कहना है कि यह विवाद काफी दिनों से चल रहा है, आगे कोई बड़ा विवाद या घटना होने की संभावनाएं हैं, जिसकी रिपोर्ट स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से की थी नगर निगम और पुलिस प्रशासन आरोपियों को गिरफ्तार करने की बजाय फिर से मन्दिर को तोड़ने के लिए भारी फोर्स के साथ जेसीबी लेकर आये हैं, पर क्षेत्रीय लोगों के भारी विरोध के बाद सभी को वहां से वापस लौटना पड़ा।

**फास्ट फॉरवर्ड**

## रायपुरवा पुलिस ने वाहन चोर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। रायपुरवा पुलिस को बीते दिन बड़ी सफलता हाथ लगी चोरी की बाइक समेत एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाल अमान सिंह की अगुवाई में राय पुरवा पुलिस अनवर गंज स्टेशन के पास चेकिंग अभियान चला रही थी।तभी पुलीस ने एक बाइक सवार को रोका तो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे।जिस पर पुलिस ने दौड़ाकर बाइक सवार एक युवक को पकड़ लिया जबकि उसका एक साथी मौके से भागने में सफल हो गया।पकड़े गए युवक की पहचान कर्नल गंज निवासी शातिर वाहन चोर हसीब के रूप में हुई है।जबकि उसका साथी बजरिया निवासी गोपाल पासवान भाग रफूचक्कर हो गया।




## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सम्पूर्ण भारत में मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बीते दिन गुरुवार को विस्तार इकाई ,सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र, कानपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ केंद्र प्रभारी डॉ. भक्ति विजय शुक्ला द्वारा सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विकास संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा केंद्र में आने वाले उद्यमियों को पंच प्रण की शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर केंद्र पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी डॉ.भक्ति विजय शुक्ला, सहयक निदेशक एस.के. पाण्डेय, अविनाश कुमार, नीरज कुमार, के.पी. शील, अमर सिंह सहित उद्यमी मयंक गहोई, अमित खन्ना,राजीव कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। साढ़ थाना क्षेत्र के सुडौली गाँव मे उस वक्त कोहराम मच गया जब एक युवक ने फाँसी लगा कर जान दे दी । सड़ौली गांव निवासी रमजानी के पुत्र इमरान 25वर्ष ने आज घर के अंदर कमरे में कुंडे से अंगौछे के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली रम जानी ने लिखित शिकायत करते हुए पुलिस को बताया की पड़ोस की रहने वाली एक युवती से युवक के प्रेम संबंध थे जिसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व दूसरी जगह कर दी गई थी परंतु शादी के बाद भी दोनों के संबंध बन रहे इसी बात को लेकर युवती के परिजनों ने इमरान को तरह-तरह से टॉर्चर करना शुरू कर दिया दो दिन पूर्व युवती के परिजनों ने इमरान को धारदार हथियार लेकर दौड़ा लिया था जिससे उसकी किसी तरह जान बच गई थी परंतु उसे दिन से वह काफी छुब्ध था इधर आनन-फानन में युवती को आज सुबह ससुराल भेज दिया गया जिससे और अधिक परेसान होकर मात्र एक घंटे के अंदर इमरान ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली जिस समय सभी परिजन खेतों मे काम करने गए थे सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच करते हुए शव का पंच नामा भर के पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी साढ़ विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों की ओर से लिखित सिकायत युवती व उसके परिजनों के विरुद्ध की गई है जिसकी जांच करते हुए मुकदमा पंजीकृत करवाई की जाएगी ।



# राहुल गांधी का बयान अमर्यादित, सनातन वैदिक रामराज परिषद्

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने कहा कि राहुल गांधी का संसद भवन के अंदर दिया गया बयान असंसदीय एवं अमर्यादित है। यह पूरा राष्ट्र जानता है कि कौन देशद्रोह का कार्य कर रहा है। जो आरोप वह वर्तमान सरकार पर लगा रहे हैं कि सेना एक दिन में मणिपुर को ठीक कर सकती है ठीक वही आरोप कांग्रेस पर भी लगते रहे हैं जब कश्मीर में हिंदुओं की हत्याएं हो रही थी और सेना से उनके अधिकार छीन लिए गए थे।

विपक्ष का अधिकार होता है वर्तमान सरकार के कार्यों की समीक्षा एवं आलोचना करना मगर आलोचना सिर्फ आलोचना के लिए नहीं की जाती बल्कि छिपे हुए सत्य को बाहर लाकर जनता के सामने पेश करने के लिए की जाती है और इसमें इतना आवेश में आने की आवश्यकता नहीं होती कि भारत माता की हत्या और देशद्रोही जैसे शब्द प्रयोग किए जाएं। साथ ही साथ राहुल गांधी को अपने गिरेबांन में भी झांक कर देखना चाहिए कि क्या वह विदेशों में जाकर भारत की छवि खराब कर देशद्रोह अथवा भारत माता की गलत छवि पेश नहीं कर रहे हैं?

अपने बयान में अजय कुमार मिश्र ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मणिपुर के मामले में कई भयंकर भूलें की है जो निश्चित रूप से अक्षम्य है जिसके कारण मानवता शर्मसार हुई है । भारत राष्ट्र नारियों की मर्यादा की रक्षा करने वाले राष्ट्र के रूप में जाना जाता है। यहां भारत की स्त्रियों की मर्यादा के रक्षा के लिए बड़े-बड़े युद्ध लड़े गए हैं वर्तमान सरकार को याद रखना चाहिए कि इन सब समस्याओं की जड़ है तुष्टीकरण की राजनीति और वर्तमान शासन प्रणाली और इन सभी समस्याओं का समाधान है रामराज्य जैसी शासन प्रणाली जहां राजधर्म और राजदंड इतना प्रभावी था कि कोई भी गलत कार्य संभव ही नहीं था। सनातन वैदिक रामराज परिषद यह मांग करती है कि भारत में पुनः रामराज जैसे शासन प्रणाली की स्थापना की जाय जिससे हमारा भारत राष्ट्र पुनः सर्वविध सुखी बनाया जा सके।




# शिवली ट्रैफिक पुलिस पर यह मसल सटीक बैठती है खुद करे तो रास लीला दूसरा करे तो करेक्टर ढीला

जन एक्सप्रेस । शिवली कानपुर देहात

शिवली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैरी सवाई चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी बीते दिन गुरुवार को खुद ही यातायात नियमों की धज्जियां उड़ते हुए नजर आए। यह ट्रैफिक पुलिस कर्मी बिना हैलमेट और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के अपाचे से फर्राटा भरते नजर आए। जिसका फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

आपको बताते चलें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सभी जिलों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लगाए जाने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। जिसको लेकर खासकर कानपुर में डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी द्वारा सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया है कि कोई भी बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट व हेलमेट के वाहन चलाते हुए देखे जाने पर उसका चालान कर दिया जाए। लेकिन शायद शिवली ट्रैफिक पुलिस ने टीसीपी ट्रैफिक द्वारा बताए गए निर्देशों को ध्यान से नहीं सुना है। गुरुवार की दोपहर शिवली के सवाई चौराहे पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट व हेलमेट के अपाचे बाइक पर सवार होकर फर्राटे भरते हुए देखा गया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों का फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।



# भोजन में पाये जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने गुरुवार को भोजन में पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया भारत की अगुवाई में वर्ष 2023 को मिलेट ईयर के रूप में मना रही है। समय के साथ मिलेट का भोजन की थाली में स्थान कम होता गया। प्रधानमंत्री के निर्देशन में जी-20 की बैठकों के माध्यम से भी मिलेट के प्रचार-प्रसार की योजना तैयार की गई है इसके साथ ही इस वर्ष देश भर के लगभग 50 शहरों में जी-20 की बैठके आयोजित होनी है। जिसमें विदेश से लगभग 2 लाख लोग भारत आएंगे। उन्होंने बताया कि जी-20 के सभी कार्यक्रमों में भोजन में मिलेट को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि जब ये लोग अपने देश लौटे तो यहां से भोजन का अच्छा स्वाद लेकर जाएं और दुनिया भर में भारतीय श्री अन्न को नई पहचान मिलें। उन्होंने बताया कि परंपरागत व्यंजनों को दोबारा थाली में जगह देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर ने ग्राम जुगराजपुर शिवली, विकासखंड मैथा में श्री अन्न आधारित व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शकुंतला देवी, द्वितीय स्थान मुन्नीदेवी और तृतीय स्थान कुमारी आकांक्षा ने प्राप्त किया व टॉप आठ प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में गांव के प्रधान राम बालक, सेवानिवृत शिक्षक राम बाबू पाल, प्रोग्रेसिव किसान रवि सहित केंद्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह, मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान, डॉ.अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



# सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र के प्रांगण, फजलगंज में पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा बीते दिन गुरुवार को सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र के प्रांगण, फजलगंज में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब गाज़ियाबाद इंदिरापुरम परिवार के वरिष्ठ सदस्य रो. एस. एस आचार्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने सभी रोटेरियन को रोटरी तथा इसके कार्यो के बारे में बताने के साथ ही रोटरी के माध्यम से सी एस आर के अंतर्गत कौशल विकास केंद्र कैसे खोले जा सकते है विषय पर जानकारी दी। क्लब के अध्यक्ष रो. राजीव कटियार ने बताया कि सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र के प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के 20 फलदार पेड़ लगाए गए। इस पौधरोपण कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक रो. अमित गुप्ता रहे।

कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष रो. डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, चार्टर सचिव रो. मयंक गहोई, अध्यक्ष रो. राजीव कटियार, निर्वाचित अध्यक्ष रो. डॉ. बी. यन. आचार्य, सचिव रो. अमित खन्ना, पूर्व सचिव रो.अर्पित गुप्ता, कोषाध्यक्ष रो.गोपाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।




# बिजनौर के भटपुरा से लाया गया नरभक्षी गुलदार, चिड़ियाघर में क्वारंटीन

## भटपुरा गांव में 5 लोगों को बना चुका है अपना शिकार, रहेगा डॉक्टरों की निगरानी में

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** बिजनौर के भटपुरा गांव में 5 लोगों का शिकार कर बेरहमी से मौत के घाट उतार उतारकर भटपुरा में आतंक मचाने वाले नरभक्षी गुलदार पकड़ने के बाद कानपुर के वन्य प्राणी उद्यान में चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। वन विभाग की टीम को 5 माह की कड़ी मशक्कत के बाद खूंखार नरभक्षी गुलदार को पकड़ने में सफलता मिली है।

आपको बताते चलें विगत दिनों बिजनौर के भटपुरा क्षेत्र में एक नरभक्षी गुलदार ने 5 लोगों को बहुत ही बेरहमी से शिकार कर मौत के घाट उतार दिया था। जिस वजह से बिजनौर क्षेत्र की जनता के बीच दहशत कायम हो गई थी। गुलदार द्वारा एक युवती और एक 80 वर्षीय बुजुर्ग, दो बच्चियों सहित एक बच्चे को अपनी खुराक बनाने के लिए शिकार किया गया था।

वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए बिजनौर के सदकपुरा गांव में एक खेत के अंदर पिंजरा लगाकर कांबिंग करते हुए नरभक्षी नर गुलदार को पिंजरे में कैद कर लिया था। जिसके बाद नरभक्षी वयस्क गुलदार को कानपुर चिड़ियाघर लाया गया।

सूत्रों ने बताया कि नर गुलदार के आक्रामक होने के कारण उसने पिंजरे से टकराकर अपनी नाक को जख्मी कर लिया है। ऐसी स्थिति में कानपुर चिड़ियाघर के डॉक्टर अनुराग कुमार सिंह द्वारा ने बताया कि बिजनौर क्षेत्र में पकड़ा गया गुलदार मैन ईटर होने के कारण काफी आक्रामक है। उसके पिंजरे के पास किसी भी व्यक्ति के जाने पर वह आक्रामक हो जाता है। अपने आप को घायल भी कर सकता है। जिसकी वजह से गुलदार को 15 दिन के लिए क्वॉरेंटाइन किया गया है। ताकि उसके आक्रमण व्यवहार में कमी आ सके। वही डॉक्टर अनुराग द्वारा बताया गया कि भविष्य में विशेषज्ञों के अध्ययन के बाद ही निर्णय लिया जाएगा कि नर गुलदार को प्राकृतिक माहौल में छोड़ा जाए या न छोड़ा जाए क्योंकि पकड़ा गया गुलदार एक नरभक्षी जानवर है।

जब तक गुलदार के आक्रामक स्वभाव में कमी नहीं आ जाती है। तब तक वह चिड़ियाघर के डॉक्टरों की निगरानी में रहेगा। और उसे अन्य चिड़ियाघर के जानवरों जैसे देखने के लिए बाड़े में नहीं रखा जाएगा।



# आज के बच्चे कल के भविष्य हैं: आराधना राज



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

गुरुवार को रणंजय इंटर कॉलेज ठेंगहा में नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री के पंच प्रण मंत्र पर आधारित युवा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत राजेश अग्रहरि और नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने भगवती सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।अतिथि सत्कार के उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।जिसमें रिया गुप्ता कक्षा बारह ने प्रथम अंशिका तिवारी कक्षा ग्यारह द्वितीय अनुज तिवारी कक्षा दस ने तृतीय व दुर्गेश सिंह कक्षा दस ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसके उपरांत पंचप्रण पर व्याख्यान हुआ। जिसमें विकसित भारत पर देवनारायण तिवारी ने, गुलामी के हर अंश से मुक्त विषय पर जगन निवास मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किये। हमारी विरासत पर गर्व की भावना पर अम्बरीष ने अतीत की झांकी प्रस्तुत करते हुए विश्व गुरु भारत का परिदृश्य परिलक्षित किया। वहीं नागरिकों में कर्तव्य की भावना विषय पर डॉ अर्जुन पांडेय ने विस्तृत प्रकाश डाला और नागरिकों को कर्तव्य बोध कराते हुए सुंदर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका तय करने के लिए उनका आह्वान किया। एकता और एकजुटता विषय पर संयोजक साधना त्रिपाठी ने मार्मिक वक्तव्य देते हुए लोगों को एकजुट होकर अपनी सामर्थ्य प्रदर्शित करने की अपील की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं।इन्हें सवार कर ही हम सुंदर राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प को पूरा करने के लिए हम कंधे से कंधा मिलाकर अपने प्रत्येक दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने बच्चों सफलता के मंत्र बताये। कार्यक्रम को विद्यालय के प्रधानाचार्य जयप्रकाश द्विवेदी अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।पंच प्रण पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। इसके अलावा प्रतिभागियों को शील्ड मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किया गया।अंत मे राष्ट्रगान और वृक्षारोपण हुआ। इस मौके पर सुनील त्रिपाठी, शिव प्रसाद तिवारी विकास शुक्ल शुभ त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नेहरू युवा केंद्र अमेठी द्वारा जनपद के सभी तेरह विकास खंडों में तिरंगा रैली निकाली गई। गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद अमेठी के गौरीगंज, जामो, बहादुरपुर, तिलोई, शाहगढ़,जगदीशपुर अमेठी आदि विकास खंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको के द्वारा युवा मंडल के सदस्यों और स्कूली छात्रों की मदद से पंच प्रण की शपथ व तिरंगा रैली निकाल कर आजादी के नायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अमेठी विकास खण्ड में उप निदेशक डॉ आराधना राज के नेतृत्व में विकास खंड संग्रामपुर में पौधरोपण व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विवेक मिश्र द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। और पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क को सही किए बिना ठेकेदार गायब

**जन एक्सप्रेस । धर्मेंद्र मौर्य**

**तिलोई अमेठी।** तिलोई तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरी अहमदाबाद में में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल पहुंचाने के लिए कुछ दिन पहले जेसीबी मशीन द्वारा सड़को में गड्ढा खोदकर पाइप लाइन बिछाई गईं ।सभी सड़कों में पाइप लाइन बिछाने के दौरान सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। लाखों रुपये की लागत से बनी सड़कों को दुरुस्त कराए बिना ही ठेकेदार गायब हो गया है।

### बिना सड़क बनाए ही गायब हो गए ठेकेदार

ग्राम पंचायत पिपरी अहमदाबाद में हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइनें बिछानें का काम ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। कार्यदायी संस्था ने पाइप लाइन डालने के लिए जेसीबी मशीन से सड़कें खोद डालीं। जिससे गांव की सभी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ठेकेदार सड़क की दशा सुधारे बिना ही गायब हो गया ।जबकि योजना के तहत पाइप लाइनों को डालने के बाद तोड़ी गईं सड़कों को सुधारने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की है। सड़क टूटने से ग्रामीण खासकर परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में जल निगम के अधिशासी अभियंता से बात करने का प्रयास किया तो उनसे बात नहीं हो सकी।



**जिम्मेदार बोले :** इस मामले में तिलोई तहसील के एसडीएम दिग्विजय सिंह ने बताया कि पाइप लाइन डालने के लिए तोड़ी गई सड़कों की जांच के साथ ही संबंधित अधिकारियों से पूछताछ करके जल्द मरम्मत कराई जाएगी।

### मरम्मत न होने से नाराजगी

गड्ढों में तब्दील सड़कों पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत न कराने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। वर्तमान में लोग अपने अपने घरों के सामने खुद ही सड़क ठीक कर रहे हैं। ग्राम पंचायत पिपरी अहमदाबाद के प्रधान कोमल यादव ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के मियां गंज,और जोरई पुरवा,जहान पुरवा, पिपरी अहमदाबाद गांव में लाखों रुपए की लागत से बनी इंटरलाकिंग सड़कें उखाड़ कर ठेकेदार पाइप लाइन बिछाकर फरार हो गए जिससे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। जिससे गांव के नागरिक परेशान हैं।

# अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बृहस्पतिवार को कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में मेरी माटी मेरा देश व आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को शपथ भी दिलाई गई।उसके बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रगीत, झंडा गीत एवं मेरी माटी मेरा देश गीत के साथ-साथ देशभक्ति नारों के साथ बच्चों ने उल्लास एवं उत्साह के साथ गांव गली गली में प्रभात फेरी निकाली।बच्चों को देख कर अभिभावकों में भी खासा उत्साह दिखा। मेरी माटी मेरा देश के तहत विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।आजादी के अमृत महोत्सव के स्वर्णिम दिवस की तैयारी में सभी शिक्षिकाएं स्वर्णिम दिवस पन्द्रह अगस्त स्वतंत्रता दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए सांस्कृतिक तैयारी चल रही है। और अभिभावकों का भी सराहनीय योगदान मिल रहा है।

# गंभीर नहीं ग्राम पंचायत के जिम्मेदार

**जन एक्सप्रेस । राजेश पाल**

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** पंचायत के जिम्मेदार अपने कर्तव्यों के प्रति कितना उदासीन हैं इसकी बानगी क्षेत्र के पंचायतों मैं देखी जा सकती है।जहां जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे देखे जा रहे है। देश के मुखिया द्वारा आम जनमानस से साफ सफाई को लेकर सजग रहने व संक्रमण न फैले इसे लेकर सावधानी बरतने की अपील कर की जा रही हैं। ग्राम पंचायतों में संक्रमण को रोके जाने के लिहाज से साफ सफाई एव सेनेटाइजर के इस्तेमाल करने के संबंध में जागरूक करने के निर्देश भी दिये गए हैं।

कागजी कोरम देखा जाए तो प्रशासन के निर्देशन में निरन्तर युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद भी पंचायत के जिम्मेदार गंभीर नहीं दिख रहे हैं। यहां ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा जनमानस को जागरूक करना तो दूर की बात यहां कई-कई महीनो तक पंचायतों में मुख्य मार्गों के किनारे जमा कचरे के अंबार की सफाई होते नहीं देखी जा रही है।



### सार्वजनिक स्थलों पर साल में दो बार होती है सफाई

जानकारी के अनुसार विकासखंड के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर साल में दो बार सफाई कर कोरम पूरा किया जाता है। सफाई के नाम पर केवल दिखावे के लिए साल में दो बार यानी गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर सफाई के नाम पर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। ग्राम पंचायत के द्वारा साफ सफाई की तरफ ध्यान न देना भविष्य में एक गंभीर संकट बन सकता है। समय रहते सफाई व्यवस्था की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो स्थित काफी भयावह हो सकती है पंचायतों के जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते साफ सफाई की दृष्टि से अपेक्षा का शिकार देखा जा रहा है।

# चाचा ने मासूम भतीजे की हत्या कर शव कुएं में फेंका

**जन एक्सप्रेस । बल्दीराय/सुल्तानपुर**



थाना क्षेत्र बल्दीराय में चाचा ने भतीजे की निर्मम हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी चाचा श्यामू उर्फ लेखपाल की निशानदेही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया।

घटनाक्रम के मुताबिक थाना बल्दीराय के पूरे चेत सिंह का पुरवा मजरे देहली में श्यामू उर्फ लेखपाल पुत्र सियाराम नें अपने सगे भतीजे रितेश कुमार पुत्र रामू चैहान उम्र साढ़े चार वर्ष को बहला फुसलाकर दोपहर बाद में अपने साथ गांव की बाग के तरफ लेकर चला गया। रितेश का पिता जीविकोपार्जन के लिए बम्बई में रहता है और मां पूनम खेत में धान की निराई करने गई हुई थी आनें के बाद बच्चे को घर न पाकर खोज बीन शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद मृतक का बड़ा भाई जो 7 वर्ष का है ने बताया कि रितेश चाचा के साथ गया है। जानकारी के बाद जब चाचा ने बच्चे की जानकारी से इंकार किया तो मां को शंका हुई बहुत देर तक खोजबीन पर पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची बल्दीराय पुलिस ने परिवारी जनों से जानकारी की और आरोपी श्यामू उर्फ लेखपाल को अपने साथ ले गई देर रात आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गन्ने के खेत के बीच पुराने कुएं से मृतक रितेश का शव बरामद हुआ जिसे पत्थर से सिर पर चोट मार मारकर कुएं में फेंका गया था। बल्दीराय पुलिस आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सपाइयों ने मनायी फूलन देवी की जयन्ती, फूलन किसी के लिए दस्यु सुन्दरी तो किसी के लिए देवी थी: रामसेवक वर्मा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी की पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती व सलोन विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन यादव के पुत्र सिद्धार्थ यादव की पंजाब में हुई हत्या पर एक श्रद्धाँजलि सभा का आयोजन पूर्व विधान सभा अध्यक्ष जागेश्वर यादव के नेतृत्व में कैम्प कार्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष/महामंत्री राम सेवक वर्मा ने कह की फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त 1963 को उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के पुरवा गांव में हुआ था। फूलन देवी एक मल्लाह परिवार की सदस्य थी, श्री वर्मा ने कहा कि वो फूलन ही थी जो किसी के लिए दस्यु सुंदरी तो किसी के लिए देवी। गरीब परिवार की बच्ची की 11 वर्ष की उम्र में अधेड़ से शादी हो जाती है, इसके बाद 15 वर्ष की उम्र में कुछ लोग बदला लेने की खातिर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करते हैं। बाल उम्र में तमाम तूफान झेलने वाली इसके बाद चंबल के बीहड़ का रुख कर लेती है। पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप 'राजू' ने कहा कि चंबल की दस्यु सुंदरी बनने से लेकर सांसद बनने तक के सफर में फूलन देवी की कहानी किसी फिल्म की मानिंद ही है। मल्लाह परिवार में जन्मी फूल सी बेटी के चंबल में दहशत की फूलन बनने की कहानी में अत्याचार, यातानाएं, प्रतिशोध, बेरहमी और प्रायश्चित सबकुछ है।

लोहियावाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष मो0 साहिल ने कहा कमजोर काया वाली बाला ने जब बंदूक थामी तो प्रतिशोध की आग में जलकर बेहमई में बेरहम फूलन बन गई, वो फूलन जिसने 22 लोगों को लाइन से खड़ा कर गोलियों से भुनवा दिया। जब बीहड़ और पुलिस की गिरफ्त में पूरी तरह जिंदगी आ गई तब प्रायश्चित के लिए आत्मसमर्पण कर दिया। समाज के लिए वो दस्यु थी लेकिन उसके खुद के मुताबिक वो अपने इंसाफ के लिये बागी बनी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव ने कहा बचपन की गरीबी और बाल विवाह से परेशान होने के बाद फूलन देवी डकैतों के एक गिरोह में शामिल हो गई। प्रान्तीय नेता राजेश चन्द्रा ने पंजाब प्रान्त में हुई सलोन विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन यादव के बेटे की हत्या पर गहरा दुख जताया व उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख के मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में लोकल इंटेलिजेंस की दिखी नाकामी

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के दावों पर एक बार फिर सुल्तानपुर जनपद में सवालिया निशान लगते दिख रहे हैं। बीते दिनों थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में गैंगस्टर सिराज अहमद उर्फ पप्पू ने अपने लगभग आधा दर्जन गुर्गों के साथ मिलकर अधिवक्ता आजाद व उसके भाई मुनव्वर पर जमकर अंधाधुंध गोलीबारी कर दहशत कायम कर दी।

गोली लगने के चलते अधिवक्ता आजाद की मौत हो गई वहीं भाई मुनव्वर जिंदगी से गलबहिंया करते हुए ट्रामा सेंटर में नजर आ रहा है। बताते चलें कि वर्ष 2022 में गैंगस्टर सिराज अहमद उर्फ पप्पू पर गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति कुर्की की भी कार्यवाही कागजी तौर पर अमल में लाई गई थी, लेकिन अभियोजन की लचर पैरवी के चलते महज चंद दिनों में ही कुर्क संपत्ति रिलीज कर दी गई और फिर क्या था गैंगस्टर सिराज के हौसले बुलंद हो गए जिसके नतीजे के तौर पर अधिवक्ता आजाद की मौत सामने एक नजीर है। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि गैंगस्टर सिराज का राजनीति से गहरा नाता है चाहे सत्ता पक्ष हो या फिर विपक्ष में राजधानी स्तर के सफेदपोशओं का उसको वरदहस्त प्राप्त है।

### जिले के भाजपा नेताओं समेत कई प्रदेश स्तर के नेताओं से है गैंगस्टर सिराज का नाता

जिले की भारतीय जनता पार्टी से ताल्लुक रखने वाली जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह व उनके पति भाजपा ब्लाक प्रमुख बल्दीराय शिव कुमार सिंह का गैंगस्टर सिराज अहमद खास शागिर्द माना जाता है।

जानकारों की माने तो पिछले दशक ब्लॉक प्रमुख चुनाव के दौरान धनपतगंज क्षेत्र में बाहुबली यशभद्र सिंह उर्फ मोनू व उनके भाई पूर्व विधायक सोनू सिंह के बीच हुई अदावत में जमकर गोलीबारी हुई थी जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह की तरफ से गैंगस्टर सिराज अहमद ने मोहरा थामते हुए बाहुबली भाइयों पर भी जमकर गोलियां बरसाई थी इसके बाद जरायम की दुनिया में सिराज का कद बढ़ता चला गया। पिछले दिनों हुए सिराज के खिलाफ संपत्ति कुर्की की कार्यवाही पर उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी गिरोह से भी सिराज को जोड़कर देखा गया लेकिन लोकल इंटेलिजेंस ने सिराज अहमद पर चुप्पी साधे रखी जिसका नतीजा यह रहा कि सुल्तानपुर लॉ एन आर्डर के लिए सिराज अहमद अब कॉल बनता नजर आ रहा है वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश सरकार के विपक्षी दल के चर्चित नेता व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य गैंगस्टर सिराज अहमद को वरदहस्त प्राप्त है। अधिवक्ता आजाद की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सपा राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ गैंगस्टर सिराज की फोटो जमकर वायरल हो रही है। फिलहाल हत्या के 4 दिन बीतने के बावजूद भी मुख्य आरोपी गैंगस्टर सिराज अहमद पुलिस की पकड़ से कोसों दूर नजर आ रहा है और पुलिस लॉ एन ऑर्डर की बात कहती नजर आ रही है।

### पूर्व सांसद की पुण्यतिथि पर आयोजित हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** पूर्व सांसद एवं विधायक स्वर्गीय बाबू राम सिंह की आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत दर्जनों पदाधिकारीयों ने स्वर्गीय बाबू राम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात लंभुआ क्षेत्र में स्थित चैकिया महाविद्यालय के प्रांगण में स्वर्गीय बाबू राम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, विशिष्ट अतिथि देवव्रत मिश्र ने शिरकत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के पहुंचते ही स्वर्गीय बाबू राम सिंह अमर रहे के नारे लगे। विद्यालय के प्रबंधक व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व सांसद के सुपुत्र योगेश सिंह, कॉग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र समेत भारी संख्या में कांग्रेसियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कार्यक्रम स्थल पर स्वर्गीय बाबूराम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद विद्यालय के प्रांगण में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों को पुरस्कृत कर उन्हें हौसला अफजाई किया गया तो वही वरिष्ठ व सम्मानित नेता व कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस कायालय तिलक भवन में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में बहुत कम समय रह गया है, ऐसे में कांग्रेस प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर मा.सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी द्वारा कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दें, और बताये कैसे भाजपा की सरकार बनने के बाद रायबरेली की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कांग्रेस पार्टी के फ्रन्टल, विभाग व प्रकोष्ठ की सयिता बढ़ाने पर चर्चा हुई, साथ ही कांग्रेस पदाधिकारियों का जनता से अधिक से अधिक संवाद पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्यरूप से प्रत्याशी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के.शुक्ल, प्रदेश सचिव रमेश कुमार शुक्ल, अषोक कुमार सिंह, विजयशंकर अग्निहोत्री, नगर पालिका चेयरमैन शत्रोहन सोनकर, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका मो. इलियास, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, संजीव पाण्डेय, शिवानंद मौर्य, शिवकरण तिवारी, महेश प्रसाद शर्मा, अजीत सिंह, संतोष कुमार त्रिवेदी, सतगुरूदेव लोधी, नागेन्द्र बहादुर सिंह, रवीन्द्र सिंह, आयुष द्विवेदी, अम्बरीष बाजपेई, हाफिज रियाज, अनिल मिश्रा, राहुल बाजपेई, अनवार खान, दीपेन्द्र गुप्ता, सतीष पासी, आलोक विम यादव, सुमित्रा रावत, संतोष पासवान, घनष्याम शुक्ला, शषिकांत पाण्डेय, मनोज तिवारी, गिरिजेष श्रीवास्तव, मेराजुल हसन फारूकी, दिनेष यादव, जितेन्द्र द्विवेदी, अभय सिंह, राम बहादुर गुप्ता, सौरभ शुक्ला, समन्वयक विधानसभा हरचन्दपुर शूजा खान गांधी, गिरीश बहादुर सिंह, कामता प्रसाद गौड़, विनोद प्रताप सिंह, गौरव मिश्रा, कामता नाथ सिंह, मो.अषरफ खान, ओम प्रकाष त्रिपाठी, दल बहादुर सिंह, शम्भूषरण पाल, रतीपाल पासी, दिलीप तिवारी, अरूण कुमार यादव, प्रियंका रावत, अंकुर जायसवाल आषीष त्रिवेदी मौजूद रहें है।

### आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिये नगर पालिका ने चलाया कैटल कैचर अभियान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आवारा मवेशियों कि समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद रायबरेली ने कसी कमर ।आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिये चलाया गया कैटल कैचर अभियान। सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को सुरक्षित गौशालाएं पहुंचाने के लिए अधिशासी अधिकारी ने दिया निर्देश। शहर में आवारा मवेशियों की संख्या में लगातार हो रही थी बढ़ोतरी। सड़कों पर बढ़ती मवेशियों की संख्या लगातार बन रही थी दुर्घटनाओं का कारण ।नगर पालिका के कैटल कैचर अभियान को जनता ने सराहा। अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह के इंसान और पशु की सुरक्षा के लिए किये जा रहे हैं प्रयासो की शहरवासियों ने की प्रशंसा अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह के प्रयास से सड़कों पर घूम रहे भूखे प्यासे व घायल मवेशियों को इलाज एवं खानें समेत गौशालाओं से मिलेगी अन्य सुविधाएं।

# क्षत्रिय कल्याण परिषद ने सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद जनपद इकाई सुल्तानपुर के आह्वान पर पूर्वान्हे 11, 30 बजे परिषद के बैनर तले जनपद के सभी विकास खंडों के क्षत्रियों ने तिकोनिया पार्क से चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर 5 सूत्रीय मांगो का महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सुल्तानपुर को सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सचिव संगठन आर पी सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के पूर्व तिकोनिया पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने पुरजोर मांग की कि सवर्णों के सर्वांगीण विकास के लिए शीघ्र ही सवर्ण आयोग का गठन अनिवार्य रूप से किया जाय। राष्ट्रीय सचिव संगठन श्री आर पी सिंह ने सवर्णों के विरुद्ध फर्जी तरीके से एससी एसटी एक्ट लगाकर हो रहे सवर्ण अत्याचार को रोकने के लिए एससी एसटी एक्ट को तत्काल समाप्त करने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रमोशन में आरक्षण समाप्त करने तथा आरक्षण के पूर्ण समीक्षा कर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सभी वर्गों के गरीब परिवारों को लाभ देने की मांग की।

# सीडीओ ने तिरंगा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली से ''मेरी माटी मेरा देश'' व ''हर घर तिरंगा'' अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

तिरंगा यात्रा में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली, आचार्य द्विवेदी इ0का0, महात्मा गांधी इ0का0 रायबरेली, रा0 रा0 सिंह वैदिक इं0का0 रायबरेली, रा0 रा0 सिंह वैदिक कन्या इ0का0 रायबरेली, लाल ऋषि कन्या इ0का0 रायबरेली के छात्र/छात्राओं सहित बेसिक शिक्षा विभाग से एस0पी0सी0 एवं स्काउट/गाइड ने प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा में लगभग 2000 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया पूरा शहर देशभक्ति के नारों से गुंजायमान रहा। सभी छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हाथों में तिरंगा लहराते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाया। माध्यमिक के सभी विद्यालयों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। रैली के सफल यिान्वयन हेतु अजय सिंह चन्देल खेल सचिव मा0शि0 रायबरेली एवं खेल समिति के सदस्यों ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, राजकीय इण्टर कालेज रायबरेली प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव, आचार्य द्विवेदी इ0का0 प्रधानाचार्य, एन0सी0सी0एस0 पी0सी0 एवं स्काउट/गाइड प्रभारी एवं विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

# एमएलसी से अभद्रता, चिकित्सक बर्खास्त अस्पतालों में हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश

## डिप्टी सीएम ने लोहिया संस्थान के अफसरों को किया तलब

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज कराने आए विधान परिषद सदस्य ने डॉक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को गंभीर से लिया। संस्थान प्रशासन को सदन में तलब किया। डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

लोहिया संस्थान प्रशासन ने डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही इमरजेंसी ईएमओ को चेतावनी दी गई है।

बुधवार की रात करीब साढ़े 10 बजे एक विधान परिषद सदस्य की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उनका चालक उन्हें लेकर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में पहुंचा। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक पर अभद्रता का आरोप लगाया गया।

विधान परिषद सदस्य की शिकायत का डिप्टी सीएम ने संज्ञान लिया। उन्होंने संस्थान प्रशासन को तलब किया। प्रकरण की जांच के आदेश दिए। आनन-फानन संस्थान प्रशासन ने जांच कराई गई। जांच में डॉक्टर दोषी पाए गए। डिप्टी सीएम के आदेश के बाद डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। साथ ही इमरजेंसी के श्वस्ल्ह को चेतावनी दी गई।



### कठोर कार्रवाई होगी

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सदन में कहा कि जनप्रतिनिधियों, जनसामान्य रोगी और उनके परिवार से अभद्रता करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा कोई भी प्रकरण संज्ञान में आयेगा तो स्वास्थ्य विभाग एवं सरकार की तरफ से दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

### अस्पतालों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी

डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी प्रमुख अस्पताल, संस्थानों में जनप्रतिनिधिगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान परिषद सदस्यगण के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएगी ताकि इलाज में किसी की असुविधा से बचाया जा सके। हेल्प डेस्क का संचालन 24 घंटे होगा। फिलहाल यह व्यवस्था लखनऊ के प्रत्येक अस्पताल, चिकित्सा संस्थानों में एक अलग से वीआईपी काउन्टर की व्यवस्था की जाएगी। उक्त काउन्टर में जन संपर्क अधिकारी की तैनाती की जाएगी। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित संपर्क अधिकारी का नाम और उसका मोबाइल नम्बर भी काउंटर पर भी अंकित किया जाए ताकि जनप्रतिनिधियों द्वारा संपर्क करने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें चिकित्सा संबंधी समस्त सेवायें समय और सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जा सकें।

# 'जोशो-खरोश के साथ मनाएं स्वतंत्रता दिवस पर्व'

## स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई से शुरू हुआ स्वतंत्रता दिवस का महा उत्सव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

### जश्न ए आजादी ट्रस्ट के सदस्यों ने शहर के कई हिस्सों में बांटा तिरंगा झंडा

जश्न ए आजादी ट्रस्ट की ओर से गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ हो गया है।

आज जश्न ए आजादी ट्रस्ट,हम भारत हैं और पीस एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट (शराबबंदी संघर्ष समिति) के संयुक्त तत्वाधान में लखनऊ,बनारस,जौनपुर बाराबंकी और प्रदेश के कई जिलों में नगर निगम के सहयोग से स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं की साफ सफाई, झंडा लगाना, रोशनी की व्यवस्था और माला अर्पण का कार्यक्रम संपन्न किया गया । इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा कहा कि 8 दिवसीय प्रोग्राम का आज दूसरा दिन था जिसमें लखनऊ शहर की अधिकांश प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता उत्सव की शुरुआत करते हुए लखनऊ में विभिन्न स्थानों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की गई।उन्होंने कहा कि आज हमारी टीम के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत पॉलिटेक्निक चौराहे से रफी अहमद किदवई साहब की प्रतिमा से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, बाबा भीमराव अंबेडकर जी,वीर अब्दुल हमीद की मूर्ति कैंट,तिलक प्रतिमा सुभाष चंद्र बोस,चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा,रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा ,शहीद मनोज पांडेय की प्रतिमा, बेगम हजरत महल पार्क मैं बेगम हजरत महल को माल्यार्पण करके संपन्न किया गया।




ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य जुबैर अहमद और अब्दुल वहीद ने इस मौके पर नगर निगम लखनऊ के सहयोग का शुक्रिया अदा किया और जश्न ए आजादी ट्रस्ट के सदस्यों के साथ शहर के कई हिस्सों में तिरंगा झंडा बांटा।

इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष वामिक खान ने पूरे देश के युवाओं से अपील की कि वह स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाएं।ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य और पीस एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुर्तुजा अली ने इस मौके पर सुबह से इस कार्यक्रम में साथ देने वाले सभी संगठन के साथियों ट्रस्ट के सहयोगी और लखनऊ नगर निगम और हम भारत हैं के ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष साकिब भारत द्वारा बनारस जौनपुर और कई जिलों में इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उनका और उनके साथ सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर ट्रस्ट की चेयरपर्सन रजिया नवाज, अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा,महामंत्री निगहत खान, प्रदीप सिंह बब्बू,नानक चंद लखमानी, संजय सिंह,राजीव गांधी, जुबैर अहमद,अब्दुल वहीद, साकिब भारत, आबिद भाई (वाहिद बिरियानी), इमरान खान, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अल्वी, शमीम सिद्दीकी, हलीमा अजीज, फहद, हर्षित श्रीवास्तव, सुरेश रावत, रुस्तम, वरिष्ठ छायाकार आरिफ मुकीम, प्रिंस आर्या, खालिद आदि लोग उपस्थित थे।

# सिंचाई विभाग आया हरकत में, पारा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर चला बाबा का बुलडोजर

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ ऐसा लग रहा है कि अब राजधानी लखनऊ मे सिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों की ख़ैर नहीं है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने 3 दिन पहले अतिक्रमण हटाने को लेकर अतिक्रमण वाली जगहों पर नोटिस चस्पा किए थे। नोटिस चस्पा के बाद अतिक्रमण करने वालों में सिंचाई विभाग की कार्यवाही का डर देखने को मिला। वहीं पारा क्षेत्र में सिंचाई विभाग की ज़मीन पर अतिक्रमण पर बाबा का बुलडोज़र चल ही गया। कई वर्षों से सिंचाई विभाग की ज़मीन पर कहीं सब्ज़ी मंडी तो कई जगहों पर बॉस बल्ली और अवैध स्टैंड के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। आज सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ पारा क्षेत्र को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वाले लोगो को हिदायत भी दी।



## लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने की प्रेस वार्ता

# तख्त हुजूर साहिब में गैर सिख प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त करने का जताया विरोध

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश से आए अन्य गुरुद्वारों के पदाधिकारी उपस्थित थे। सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा अध्यक्ष लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अवगत कराया कि इस प्रेसवार्ता का संदर्भ हाल ही में तख्त श्री हजूर साहिब में एडमिनिस्ट्रेटर प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त करने पर है जिससे सिख समाज आहत है श्री हजूर साहब सिखों का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल है जहां पर सिखों के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ज्योति जोत समाए थे।



सरदार हरपाल सिंह जग्गी महासचिव लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अवगत कराया कि पूर्व में तख्त श्री हजूर साहिब में पूर्व डी0जी0पी0 पुलिस महाराष्ट्र सरदार परविन्दर सिंह पसरीचा जी को सरकार ने एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया था जिन्होंने हजूर साहिब के विकास एवं सिख इतिहास पर उच्चस्तरीय कार्य किया था वर्तमान में नांदेड के कलेक्टर अभिजीत राजेन्द्र राउत को एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया गया है जिनको सिख धर्म के बारे में इतिहास के बारे ज्ञान नहीं है हजूर साहिब जैसे ऐतिहासिक स्थान एवं पांच तख्तों में गैर सिक्ख को नियुक्त करने का कोई औचित्य नहीं है। हजूर साहिब बोर्ड जो कि इस स्थान की देख रेख करता था 2022 से भंग है। महाराष्ट्र सरकार से सिक्ख समाज की मांग है की श्री हजूर साहिब बोर्ड के चुनाव शीघ्र कराए जाएं। जिससे हजूर साहिब की मर्यादित सेवा हो सके। तत्काल किसी भी सिक्ख सेवानिवृत आई0पी0एस0, आई0ए0एस0 या अन्य उच्चस्तरीय प्रशासनिक अधिकारी को नियुक्त किया जाए एवं गैर सिक्ख अधिकारी को पदमुक्त किया जाए। स0 सतपाल सिंह मीत प्रवक्ता ने अवगत कराया की जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से ज्ञापन मुख्यमंत्री मंत्री महाराष्ट्र को प्रेषित किया जा है। तख्त श्री हजूर साहिब के लिए सिक्ख समाज अत्यंत संवेदनशील है। अगर सरकार के पास विकल्प नहीं है तो सरदार परविन्दर सिंह पसरीचा के कार्यकाल की अवधि बढ़ाई जाये। इस प्रेस वार्ता मे मुख्य रूप से स0 हरमिंदर सिंह टीटू,डा0 अमरजोत सिंह, जसबीर सिंह,स0 हरजोत सिंह एडवोकेट, स0 तेजपाल सिंह रोमी, स0 इन्द्र सिंह छाबड़ा, स0 दविन्दर सिंह बग्गा,नरेंद्र सिंह मोंगा,स0 राजवंत सिंह बग्गा,स0 जसविंदर सिंह भाटिया, स0 गुरदीप सिंह भाटिया,स0 रनबीर सिंह भसीन,आदि सदस्यों ने अपना पक्ष रखा।

# बिहार से संकल्प यात्रा यूपी के सुल्तानपुर पहुंची

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी गुरुवार को अपनी निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के क्रम में उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर पहुंचे। मुकेश सहनी के उत्तर प्रदेश सीमा पर ही जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद उनका काफिला सुल्तानपुर पहुंचा जहां लोगों ने दिल खोलकर स्वागत करते हुए वीआईपी तथा मुकेश सहनी के पक्ष में नारे लगाए। गुरुवार की संकल्प यात्रा की शुरुआत सुल्तानपुर के कादीपुर से प्रारंभ हुआ। यहां बड़ी संख्या में महिला, बुजुर्ग, युवा सहित बच्चो ने सहनी का स्वागत किया। यहां लोगों ने आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए पढ़ाने का तथा संघर्ष करने का हाथ में गंगाजल लेकर संकल्प लिया। यहां उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा, आरक्षण नहीं तो वोट नहीं।

# ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ किया धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**लखनऊ।** राजधानी के इको गार्डन में धरने पर बैठे इमामुद्दीन सिद्दीकी ऑल इंडिया मजलिस ए इस्तहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला महासचिव ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ शासन और प्रशासन से मांग करते हैं देश में अमन और शांति के माहौल मे बजरंग दल वाले पूरी तरह से नफरत का जहर घोलने का काम कर रहे हैं। हाल ही में हरियाणा मेवात में जो दंगा हुआ उस दंगे में मोनू मानेसर बिट्टू बजरंगी का बहुत ही ज्यादा अहम रोल रहा जो सबूत सबके सामने है सीसीटीवी फुटेज और बहुत सी वीडियो भी वायरल हुई है जिसमें साफ नजर आ रहा है मुख्य आरोपी कौन है तो फिर क्यों भेदभाव हो रहा है मेवात के अल्पसंख्यक समाज पर अत्याचार क्यों हो रहा है जो मकान बुलडोजर द्वारा तोड़े गए हैं उन मकानों में बहुत से मासूम बच्चे और बहुत सी महिलाएं भी हैं वह आज बेघर हो गए हैं लिहाजा मैं मांग करता हूं, सरकार में जो दोषी है सजा उनको मिलनी चाहिए ना के पूरे परिवार को और जो इस दंगे के आरोपी हैं उन पर भी जांच होनी चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए।



# जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र में धूमधाम से मनाई गई वीरांगना फूलन देवी की जयंती

जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

अखिल भारतीय जलवंशी महासभा द्वारा जवाहरलाल नेहरू युवा केंद्र में वीरांगना फूलन देवी की जयंती को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे माता प्रसाद कश्यप ने दीप प्रज्वलित करके वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं महासभा के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने फूलन देवी के जीवन एवं संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला, और वीरांगना के नाम से वीरता पुरस्कार महिलाओ को देने की सरकार से किया इंजीनियर एस एन कश्यप ने फूलन देवी को महिलाओं के लिए आदर्श महिला बताया। उन्होंने अत्याचार के खिलाफ मजबूती से संघर्ष किया। एडवोकेट इंदु प्रकाश कश्यप, दयाराम कश्यप, परशुराम कश्यप, अखिलेश कश्यप, महर्षि कश्यप फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कश्यप, अरविंद कश्यप, राधेलाल निषाद, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार कश्यप, कश्यप स्वाभिमान चेतना समिति के अध्यक्ष बृजमोहन कश्यप ने संबोधित किया।




नीरज गौड़ और डा0 राजमोहन निषाद ने फूलन देवी पर गीत प्रस्तुत किए। बालकिशन कश्यप ने कार्यक्रम का संचालन किया। लखनऊ जनपद तथा आसपास के सैकड़ो लोगों ने जयंती समारोह में भाग लिया इस कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी व सपा सरकार में राज्य मंत्री पप्पू निषाद ने फूलन देवी को एक क्रांतिकारी महिला बताया।

# परिषदीय विद्यालयों में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस। बख्शी का तालाब

लखनऊ के बीकेटी क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हमारी माटी हमारा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी तिरंगा यात्रा निकाली। वहीं इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और कर्मचारियों ने 'पंच प्रण' की शपथ दिलाई गई। 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के तहत विकासखंड बख्शी का तालाब क्षेत्र के 269 परिषदीय विद्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरधौरपुर, प्राथमिक विद्यालय रायपुर राजा प्रथम के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारों का जयघोष किया। एकेडमी रिसोर्स पर्सन अनुराग सिंह राठौड़ ने बच्चों व अभिभावकों के संग समूह बनाकर मिट्टी को नमन किया। तिरंगे के समक्ष नागरिक कर्तव्यों के पालन हेतु शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को निपुण भारत मिशन में जनभागीदारी करने व निपुण विकासखंड बनाने हेतु अनुराग सिंह राठौर द्वारा निपुण शपथ भी दिलाई गई।



साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा में अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने डॉक्टरों और कर्मचारियों को 'पंच प्रण' शपथ ग्रहण कराई गई। आजादी के 75वें वर्ष में 75 सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम का समापन 29-30 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य-पथ पर किया जाना प्रस्तावित है। मेरी माटी-मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो गई। प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में, केंद्र सरकार की मेरी माटी, मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान को उत्तर प्रदेश में भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा निर्धारित किया है।

केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की तय की गई रुपरेखा के अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना ये वो लक्ष्य हैं। जिनको लक्षित करके पंच प्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है।

## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

3, त्रिलोकनार्थ मार्ग, लालबाग, लखनऊ

ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0 : D-327/CE(E/m) दिनाँक: 10.08.2023

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ महानगर की मार्गीय प्रकाश व्यवस्था के अनुरक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु 16एम0एम0 सिंगिल कोर केबिल की आपूर्ति लिये जाने के सम्बन्ध में।**

मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा लखनऊ महानगर की मार्गीय प्रकाश व्यवस्था के अनुरक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु 16एम0एम0 सिंगिल कोर केबिल की आपूर्ति लिये जाने का कार्य एकल लिफाफा पद्धित के माध्यम निविदा आमंत्रित है। प्रश्नगत कार्य से सम्बन्धित सामग्रियों की संख्या/मानक बी0ओ0क्यू0 में उल्लिखित होगी। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर ऑन लाइन जमा करना होगा तथा धनराशि ट्रॉसफर का यू0टी0आर0 नम्बर आदि की स्कैन कापी निविदा के साथ बेवसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय लखनऊ को होगा। सर्शत निविदा मान्य नहीं होगी। धरोहर धनराशि आगणक का 2% (EMD) की आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. मुख्य अभियन्ता (वि0/यॉ0), नगर निगम लखनऊ के नाम बंधक होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा खोलने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि | 11.08.2023, 10.00AM | 23.08.2023, 03.00PM |
| 02. | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | | 23.08.2023, 03.00PM |
| 03. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 23.08.2023, 04.00PM | |

नोट- नियम व शर्ते नगर निगम लखनऊ की बेवसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता(वि0/यॉ0)
नगर निगम लखनऊ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अंधाधुंध शहरीकरण से उपजी समस्याओं का निदान जरूरी

**शहरों के मूलभूत सुविधाओं के ढांचे पर तेजी से बढ़ती शहरी आबादी का बोझ इतना अधिक बढ़ गया है, उस बोझ को उठाने में अब हमारे शहरों का सिस्टम जवाब देने लगा है। आज सिस्टम अपने शहर के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण एक औसतन जीवन शैली देने में विफल होता जा रहा है। आज शहर के लोगों के सामने 'सुरसा' की तरह गंभीर समस्याएं मुंह खोल कर तैयार खड़ी हैं, शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से बढ़ती आबादी का बोझा उठाने में बार-बार विफल हो रहा है। हाल ही में दिल्ली सहित देश के कुछ अन्य भू-भागों में आयी बाढ़ भी इस स्वरूप का एक हिस्सा था।**

*भारत में पिछले कुछ दशकों में ग्रामीण क्षेत्रों से तेजी के साथ शहरों की तरफ बड़ी आबादी का पलायन हुआ है, जिसके चलते देश में जगह-जगह अंधाधुंध अव्यवस्थित शहरीकरण हुआ है। हालांकि किसी क्षेत्र को शहरी क्षेत्र माने जाने के लिए कुछ आवश्यक मानदंड हैं, जिनके अनुसार उस क्षेत्र में 5000 या इससे अधिक व्यक्तियों की आबादी का निवास करना जरूरी है, वहां की 75 फीसदी आबादी गैर-कृषि व्यवसाय करती हो, वहीं इस क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व भी 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर होना चाहिए। शहरी क्षेत्र के लिए कुछ अन्य विशेषताएँ भी होती हैं, जिसमें उस क्षेत्र में उद्योग-धंधे, व्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, सुनियोजित ढंग से बिजली-पानी, सीवरेज की व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था होती है, ऐसे आबादी वाले क्षेत्र को ही शहर के अंतर्गत मानते हैं। इन सुविधाओं से आकर्षित होकर व ग्रामीण क्षेत्रों की कठिन जीवनशैली के चलते देश में पिछले कुछ दशकों में लोगों ने रोजी-रोटी व सुविधाओं की तलाश में बड़े पैमाने पर गांव से शहरों की तरफ पलायन किया है, जिसके चलते आज आलम यह है कि पुराने शहरों के अव्यवस्थित विस्तार के साथ कुकुरमुत्ते की तरह जगह-जगह अंधाधुंध वैध व अवैध शहरी क्षेत्र बन गये हैं, जिन क्षेत्रों के सभी निवासियों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारे सिस्टम के सामने बड़ी चुनौती बन गयी है। वैसे, शहरीकरण से संबंधित अगर कुछ आँकड़े देखें तो साफ नजर आता है कि कभी गांवों का देश माने जाने वाला भारत अब तेजी से शहरों में बदल रहा है। इन आँकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2001 तक हमारी आबादी का 27.81 फीसदी हिस्सा शहरों में रहता था। जबकि वर्ष 2011 के आँकड़ों के अनुसार यह स्थिति बदल कर 31.16 फीसदी तक पहुंच गई और वर्ष 2018 में तेजी के साथ बदलते हुए शहरीकरण का यह आँकड़ा बढ़ कर 33.6 फीसदी तक पहुंच गया। देश में शहरी आबादी में तेजी से हुई यह बढ़ोत्तरी बेहद आश्चर्यजनक है। वहीं देश में वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार शहर-कस्बों की कुल संख्या 5,161 थी, जो कि वर्ष 2011 की जनगणना में तेजी से बढ़ कर 7,936 हो गई, वहीं अब नयी जनगणना में इस स्थिति में फिर से वृद्धि देखने को नजर आयेगी। देखें तो संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की करीब आधी आबादी शहरों में निवास करने लगी है, वहीं जिस तेजी के साथ भारत में गांवों से रोजी-रोटी व सुविधाओं की तलाश में पलायन अनवरत चल रहा है, उसको देखकर लगता है कि वर्ष 2050 तक हमारे देश की भी आधी आबादी शहरों-कस्बों के क्षेत्र में आकर के निवास करने लगेगी। जो यह दर्शाती है कि भारत में शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। देश में तेजी के साथ होते इस शहरीकरण का सबसे दुखद पहलू यह है कि हम लोग नित-नयी समस्याओं से जूझने के चलते औसत स्तर का जीवन जीने से भी वंचित होते जा रहे हैं। आज देश में शहरी क्षेत्रों में आलम यह है गया है कि शहरी आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा लगभग 17.4 फीसदी लोग तो सुविधाओं के भारी अभाव के साथ ही झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं। बाकी बची शहरी आबादी की बात करें तो उसके सामने भी तरह-तरह की ज्वलंत समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। देश में तेजी के साथ होते शहरीकरण के चलते ही आज देश के अधिकांश शहर अव्यवस्थित शहरीकरण के गंभीर रूप से शिकार होकर के समस्याओं के अंबार से बुरी तरह से घिर गये हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सरकारों का काम है किसी भी चीज के लिए कानून या नियम बनाना और जन-जागरूकता पैदा करना लेकिन ईमानदारी से उनका पालन करने की जिम्मेदारी तो हमारी है। यदि हम वाकई प्रकृति संरक्षण चाहते हैं तो हमें अपनी रोजमर्रा की कुछ आदतों में भी सुधार करना होगा, जिससे पानी, बिजली इत्यादि बचाने में मदद मिले। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। प्रकृति संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में भी दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति देखभाल भी करें।**

# जीवन में संतुलन के लिए प्रकृति संरक्षण जरूरी



योगेश कुमार गोयल

**पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन विकास के नाम पर एक ही झटके में हजारों पेड़ों का सफाया कर दिया जाता है।**

विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। विश्वभर में मौसम चक्र में निरन्तर आते बदलाव और बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता परिषद, 'इंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडायवर्सिटी एंड इकोसिस्टम सर्विसेज' (आइपीबीईएस) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में करीब 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है क्योंकि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य और उनकी जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंच रहा है। मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज का ही असर है कि इन दिनों अपेक्षाकृत ठंडे रहने वाले यूरोप और अमेरिका जैसे इलाके भी ग्लोबल वार्मिंग के कारण बुरी तरह तप रहे हैं। उत्तरी ध्रुव से लेकर यूरोप, एशिया, अफ्रीका, हर कहीं जलवायु परिवर्तन के खौफनाक दुष्परिणाम नजर आ रहे हैं। कहीं ठंडे इलाके भी भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं तो कहीं सूखे इलाके बाढ़ से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जंगल झुलस रहे हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि इंसानी गतिविधियों के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में इस सदी के अंत तक 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों के लिए 10 गुना खतरा बढ़ जाएगा। पर्यावरण के इस तेजी से बदलते दौर में भली-भांति यह समझ लेना होगा कि जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इन समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम



**हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाईऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। इस तरह की छोटी-छोटी पहल से भी हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं।**

स्वयं भी हैं। प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है कि प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि प्रकृति का संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अब अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आने लगी है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सबको भी अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर दुनियाभर में जो छेड़छाड़ हो रही है, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। जब भी कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आती है तो हम प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि यदि हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने निहित स्वार्थों के चलते हम यदि प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ बंद नहीं करते तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं। मानवीय क्रियाकलापों के ही कारण वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन तथा पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन विकास के नाम पर एक ही झटके में हजारों पेड़ों का सफाया कर दिया जाता है। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें स्वयं विचार करना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? हर बात के लिए सरकार से अपेक्षाएं करना ठीक नहीं।

## एक्सप्रेस कविता

*दिल मे तेरी कई ख्वाइशें मिलेंगी,*
*गुम मेरी यहां कई बंदिशें मिलेंगी,*
*चेहरे पर छुपे तेरे कई कई चेहरे,*
*यहां सिसकती मेरी वफाये मिलेंगी,*
*ख्वाईशो ने भी की कई बगावतें,*
*वही दफ़न मेरी काशिशें मिलेंगी,*

*तेरे कई कई अफ़साने,कई किस्से हैं,*
*अफसानों में आशिकों की बंदिशें मिलेंगी।*
*तेरे रंग महल में कई सतरंगी सपने है ,*
*सोये आशिकों की हसरतें मिलेंगी।*
*दुनिया हंसती है बेबसी पर मेरी,*
*यहां खिलाफ मेरे साजिशें मिलेंगी।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर रोज कुछ न कुछ प्रयास जरूर करो, एक दिन आप उस लक्ष्य को जरूर पाओगे।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 30:31 तक |
| नक्षत्र: | मृगशीर्षा 29:59 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | व्याघात, 15:02 |
| सूर्योदय: | 05:51 |
| सूर्यास्त: | 19:00 |
| चंद्रमा: | वृषभ राशि में |
| राहुकाल: | 10:47-12:25 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | श्रावण (अधिकमास) |
| शुभ मुहूर्त: | 11:59-12:52 |

# जन एक्सप्रेस

## जाना जन दरबार !

*हो रहा प्रयास अब ।*
*कौन किस पर भारी ?*
*अपने अपने ढंग से ।*
*चल रही तैयारी ।।*
*आ रहा वो समय ।*
*जाना जन दरबार ।।*
*जी जान से हैं जुटे ।*
*दे रहे हैं धार ।।*
*लांछन और आरोप की ।*
*बह रही बयार ।।*
*थोड़ा थोड़ा शुरू हुआ ।*
*देश पर उपकार ।*
*बुद्धिजीवी फ्रंट पर ।*
*फ़र्ज़ है निभाना ।।*
*कदमताल अनवरत ।*
*बज रहा भी गाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फलों में मौजूद शुगर से शरीर में बढ़ती है कैलोरी और फैट, वजन बढ़ने का बनता है कारण, स्टडी में खुलासा




**फल** खाना सेहत के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है। फलों में नैचुरल शुगर होता है, जिसे फ्रुक्टोज कहा जाता है। इसे खाना कई बार सेहत के लिए हानिकारक भी साबित हो सकता है। हाल ही में हुए शोध के मुताबिक फलों में पाए जाने वाला फ्रुक्टोज मोटापा बढ़ने का कारण बन सकता है। फिलोसॉफिकल ट्रांसेक्शन ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी द्वारा की गई रिसर्च के मुताबिक फ्रुक्टोज लेने से शरीर एनर्जी को इस्तेमाल करने के बजाय उसे स्टोर कर लेती है, जिससे शरीर में फैट की मात्रा बढ़ सकती है।

**थोड़ी मात्रा में लेना होता है हेल्दी:** स्टडी के मुताबिक थोड़ी मात्रा में फ्रुक्टोज लेना शरीर के लिए हेल्दी भी साबित हो सकता है। दरअसल, फलों में अच्छी मात्रा में फाइबर होता है और इसका अवशोषण धीमी गति से होता है इसलिए यह सेहत के लिए लाभकारी हो सकता है। वहीं, इसका सेवन अधिक मात्रा में करना सेहत के लिए नुकसानदायक भी साबित हो सकता है। मेपल सिरप और पैक्ड फ्रूट्स में भी फ्रुक्टोज पाया जाता है, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

**फ्रुक्टोज के नुकसान:** ज्यादा मात्रा में फ्रुक्टोज खाना सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। हाई फ्रुक्टोज और हाई कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों को खाने से लिवर पर दबाव पड़ता है, जिससे यह फैट में तब्दील हो जाता है। इसे ज्यादा मात्रा में खाना इम्यून सिस्टम पर भी प्रभाव डाल सकता है। यह इम्यून सिस्टम में सूजन पैदा करने के साथ ही साथ इम्यूनिटी को भी कमजोर कर सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स और वैज्ञानिकों की मानें तो फ्रुक्टोज का अधिक सेवन करने वाले लोगों में टाइप 2 डायबिटीज, हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा रहने के साथ ही साथ कैंसर होने का भी खतरा रहता है। फ्रुक्टोज केवल फलों में ही नहीं बल्कि, मेपल सिरप, शहद और कॉर्न सिरप में भी होता है। बात करें अगर फलों की तो अंगूर, सेब, केले आदि में फ्रुक्टोज की मात्रा पाई जाती है। इसलिए इन फलों को सीमित मात्रा में ही खाएं।

## एक्सप्रेस विशेष

# अध्यादेश पर विपक्षी गठबंधन की फजीहत



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**केजरीवाल ने जिन पर घोटालों के आरोप लगाए थे, वे विपक्षी गठबंधन में शामिल हैं। वैसे आप सरकार पर भी अब उसी तरह के आरोप हैं। आबकारी विभाग की अनियमितता ने सरकार की छवि पूरी तरह धूमिल कर दी है। केजरीवाल की आबकारी नीति सवालों के घेरे में है।**

**अध्यादेश** पर आम आम आदमी पार्टी का साथ देना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर भारी पड़ा। संसद में उसे असहज स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि चर्चा के दौरान आबकारी घोटाला, अरविंद केजरीवाल के शीशमहल निर्माण घोटाला, इससे सम्बन्धी फाइलों को गायब करने के प्रयास आदि भी चर्चा में आ गए। यह भी पता चला कि दिल्ली विधानसभा और केजरीवाल मंत्रिमण्डल की बैठकें भी संवैधानिक भावना के अनुरूप नहीं होती थी। इसमें केजरीवाल की मनमानी व्यवस्था लागू रहती थी। इन तथ्यों के सामने आने पर अध्यादेश का विरोध करने वालों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। संदेश यह गया कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए आप सरकार के कथित घोटालों और अलोकतांत्रिक तौर-तरीकों का समर्थन कर रहा है, उसका बचाव कर रहा है। विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाए थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गए। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं। जब से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ, तब से विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थन में हंगामा छोड़ कर संसद की कार्यवाही में शामिल हो गए। कांग्रेस के नेता जानते थे कि

**दावा किया गया कि पार्टी की मोहल्ला समिति और दिल्ली के आम लोग ही पार्टी की नीतियों या फैसलों के बारे में सभी फैसले लेंगे। अन्ना हजारे के जनलोकपाल आंदोलन की विरासत का भी आम आदमी पार्टी को भरपूर फायदा मिला। लेकिन सत्ता में पहुँच कर इन्होंने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। केजरीवाल ने अपने आवास के सौंदर्यीकरण पर 45 करोड़ रुपये खर्च किए थे।**

उन्होंने दिल्ली के लिए जो संवैधानिक प्रावधान किए थे, अध्यादेश उसी के अनुरूप था। केजरीवाल भी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को समझते थे। इसे समझते हुए ही उन्होंने बेशुमार चुनावी वादे किए थे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य होगा तभी वह सब वादे पूरे करेंगे। वह पूर्ण राज्य क्यों चाहते थे, यह भी कुछ घण्टों में पता चल गया। फाइलों को गायब करने और जांच को प्रभावित करने के काम किए गए। इसके चलते ही केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा। विपक्षी गठबंधन को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। क्या वह आप सरकार के इस कार्य से सहमत थी। अन्यथा अध्यादेश का विरोध क्यों कर रही थी। देश के किसी भी केंद्र शासित राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला है। केजरीवाल को भी यह संवैधानिक स्थिति स्वीकार करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की शर्त लगाई थी। उसका कहना था कि दिल्ली सम्बन्धी अध्यादेश पर कांग्रेस उसका समर्थन करेगी तभी वह गठबंधन का हिस्सा बनेगी। पहले कांग्रेस इस विषय पर असमंजस में थी। दिल्ली उसी संवैधानिक व्यवस्था से संचालित हो रहा था, जिसका प्रावधान कांग्रेस की सरकार ने किया था। इसके अनुरूप कांग्रेस की शीला दीक्षित ने पंद्रह वर्षों तक सरकार चलाई थी। दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक से पारित हो गया। यह निर्णय संविधान के अनुरूप था। गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि आप के निशाने पर सतर्कता विभाग था। जिससे घोटालों की जांच को प्रभावित किया जाए। उसके पास आबकारी घोटाले की फाइल, मुख्यमंत्री के नये बने आवास को अवैध रूप से बनाये जाने से संबंधित फाइल, बीएसईएस से संबंधित फाइल, एक कंपनी पर इक्कीस हजार करोड़ रुपये के बकाया होने के बावजूद उसे फिर फंड देने से संबंधित फाइल जांच के लिए पड़ी हैं। केजरीवाल सरकार देश की ऐसी सरकार है, जिसके कार्यकाल में विधानसभा का सत्रावसान ही नहीं होता। जब राजनीतिक भाषण देना होता है तो विधानसभा का आधे दिन का सत्र बुला लिया जाता है। 2021 से 2023 के बीच अब तक हर साल केवल एक-एक सत्र बुलाए गये हैं। वह भी बजट के लिए। इसी तरह केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2022 में कैबिनेट की मात्र छह बैठकें बुलायीं, वर्ष 2023 में केवल दो ही बैठकें बुलायीं। यह बैठकें भी मुख्यतः बजट को लेकर थीं। पिछले दो वर्षों से विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की एक भी रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी। अगर विपक्ष को मणिपुर या देश के किसानों और अन्य हितों की चर्चा होती तो वे इसी सत्र में पारित नौ विधेयकों की चर्चा में जरूर भाग लेते क्योंकि वे विधेयक भी महत्वपूर्ण थे। विपक्ष को केवल अपना गठबंधन टूटने का डर था और वे इस विधेयक पर चर्चा में केवल अपना गठबंधन बचाने के लिए आये हैं। आम आदमी पार्टी का जन्म नई राजनीति के दावे के साथ हुआ था। जिसमें ईमानदारी और वीआईपी कल्चर की समाप्ति का वादा किया गया था। इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने एक प्रकार का मोहक तिलिस्म भी बनाया था। कभी अपनी चर्चित नीली वैगन आर कार की सवारी, ऑटोरिक्शा की सवारी, मेट्रो की सवारी, ये सब उनके इसी तिलिस्म के हिस्से थे।

# किसान ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली-मारकर की आत्महत्या

## चारपाई पर खून से लथपथ मिला शव, बेटा बोला- पिता का 5 वर्ष से ठीक नहीं था मानसिक संतुलन



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार की देर रात कोतवाली सदर इलाके में किसान ने लाइसेंसी रिवाल्वर से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली।बताया जा रहा है कि वह अपने फॉर्म हाऊस पर मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने पर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर बड़ा बेटा पिता के पहुंचा तो पिता का शव चारपाई पर रक्तरंजित हालत में पड़े मिले। इसके बाद बेटे ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पीलीभीत बहराइच मार्ग स्थित ब्लाक नकहा के गांव बेड़नापुर निवासी सरदार रणजीत सिंह 65 वर्ष अपने पूरे परिवार के साथ अपने फार्म हाऊस पर रहते थे। बीती रात मानसिक संतुलन ठीक ना होने के चलते अपने लाइसेंसी से रिवॉल्वर से कनपटी पर सटाकर गोली मार ली।गोली की आवाज सुनकर पूरे परिवार के लोग उनके पास पहुंचे जहां पर उनका खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़ा था। मृतक के बड़े पुत्र ने बताया कि उनके पिता का मानसिक संतुलन बीते 5 वर्षों से बिगड़ गया था। मां की मौत का सदमा उन्हें ऐसा चढ़ा कि उनका उपचार लखनऊ के निजी चिकित्सक डॉ. डीके वत्सल से चल रहा था। वह रात-रातभर नहीं सोते थे। मां की मौत के बाद से उनका बराबर उपचार जारी था।

### नृशंस हत्या: कुल्हाड़ी-बांके से युवक पर ताबड़तोड़ प्रहार

लखीमपुर खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात एक युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। हमलावरों ने कुल्हाड़ी, बांका जैसे धारदार हथियारों से वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद फरार हो गए। मृतक के परिजनों ने गांव के पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।थाना मैलानी क्षेत्र के पूरनपुर गांव निवासी 20 वर्षीय युवक कमलेश बुधवार रात साढ़े नौ बजे घर से खेत की ओर गया था। जहां पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने कुल्हाड़ी, बांका आदि धारदार हधियारों से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए, जिससे कमलेश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।कमलेश की हत्या की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई।परिजन समेत ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस भी पहुंच गई।पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने गांव के पांच लोगों पर कमलेश की हत्या करने का आरोप लगाया है।

### हादसा: खाना बनाते समय फटा गैस सिलेंडर धू-धू कर घर जला


जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

गुरुवार को ढखेरवा गांव में दोपहर अचानक गैस सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से एक घर जलकर राख हो गया। विस्फोट इतना तगड़ा हुआ कि आसपास के लोग घबरा गए और सिलेंडर के टुकड़े आसमान में जाकर पूरे मोहल्ले में बिखर गए। घटना में कोई जनहानि नही हुई है न ही किसी को चोटें आई हैं । ढखेरवा गांव निवासी पुरुषोत्तम कश्यप का आधा घर पक्का और आधा कच्चा बना हुआ है। गुरुवार को घर की महिलाएं छप्पर वाले कच्चे घर में खाना बना रही थी। इसी बीच एलपीजी सिलेंडर में लीकेज के चलते आग लग गई। छप्पर के नीचे मौजूद परिवार के सभी लोग डर कर बाहर भाग लिए।थोड़ी ही देर में घर में तेज धमाका हुआ और छप्पर वाला घर धू- धू करके जलने लगा। पुरुषोत्तम के मुताबिक उसकी पत्नी गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी किसी तरह गैस सिलेंडर लीकेज हो गया और तेज धमाके के साथ फट गया। पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया तो वही सिलेंडर के टुकड़े पूरे मोहल्ले में बिखर गए। गृहस्थी का सामान भी जल गया।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान: बृजलाल खाबरी

### पूर्व सांसद व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने आदिवासी गांव में संबोधित की जनसभा

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां-खीरी



पूर्व सांसद व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि आज सरकार जो राशन दे रही है वह फूड सुरक्षा बिल की देन है जिसे कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। भाजपा सरकार कुछ नहीं देती है बल्कि वह तो लोगों से वसूलती है। इस समय जो बेरोजगारी व मंहगाई है वह भाजपा की ही देन है। वह चंदनचौकी तिराहे पर अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज जो देश के हालात है उसे देखकर नही लग रहा कि अब जो अनाज मिल रहा है वह आगे भी मिलेगा और ये जो राशन के बारे मे भ्रम फैलाया जा रहा है कि केंद्र सरकार फ्री राशन दे रहे हैं यह गलत है। फूड सुरक्षा बिल 2013 में कांग्रेस द्वारा पास किया गया था जिसकी वजह से दो रुपये किलो अनाज गरीबों को मिल रहा है। कुछ भी फ्री इसलिए नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि फ्री आदत गुलामी का प्रतीक होता है। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि आज रोटी, रोजी व शिक्षा तथा रोजगार का संकट है। सारे संस्थान प्राइवेट हाथो में दिए जा रहे हैं। बाबा साहेब ने जब भी कलम उठाई दलितों के आरक्षण की बात कही। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रिसाल अहमद ने कहा कि आज संविधान से छेड़छाड़ की जा रही है। देश भर के गरीबों का पैसा लेकर जो भाग गए हैं उसे वापस लाने की बात अब कोई नहीं कर रहा है। कांग्रेस पार्टी को मौका दीजिए आदिवासियों की जो भी समस्याएं है उसे हल कर दिया जाएगा।

बलराम गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में खड़े रहे तो समस्याएं अपने आप हल होती रहेंगी। राहुल गांधी का उदारण देते हुए कहा सत्य की जीत हुई और राहुल गांधी की सदस्या वापस हुई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने देश में मणिपुर में हो रही हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा आज कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष नवनीत यादव उर्फ राजन यादव ने कहा कांग्रेस पार्टी ही सभी समाज के लोगों के बीच में जाने का कार्य करती हैं आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज में कांग्रेस पार्टी के ही नेता आदिवासियों के बीच दिखाई दे रहे हैं। कार्यक्रम के बीच बीच में आदिवासी कलाकारों द्वारा आदिवासी दिवस पर मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रज मौर्या, बलराम गुप्ता, सलमान खान, रिसाल अहमद, पलिया ब्लाक अध्यक्ष सचिन शाह, पलिया नगर अध्यक्ष अजय दरोगा, सौरभ चौबे, रामचन्द्र, डा. राजेश जयसवाल, कमर खान, वसीम खान, बबलू आदि उपस्थित थे। इसके बाद आदिवासी दिवस पर स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों आदिवासी महिलाओं व पुरुषों तथा बच्चों का परीक्षण करके दवाएं वितरित की गई।

### उप गन्ना आयुक्त लखनऊ ने सट्टा सर्वे कार्य प्रदर्शन का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल गोला के क्रय केंद्र महेशपुर के ग्राम बगचन में सट्टा सर्वे कार्य प्रदर्शन का निरीक्षण उपगन्ना आयुक्त क्षेत्र लखनऊ सतेन्द्र सिंह व जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर खीरी, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति गोला एवं वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान लगभग 50 से 60 कृषक उपस्थित रहे, प्रदर्शन के दौरान जिला गन्ना अधिकारी द्वारा 63 कालम में दिए गए सभी सूचनाओं को कृषकों को जानकारी देने के बारे में गन्ना सुपरवाइजर को निर्देशित किया



,उन्होंने कहा कि कृषकों का मोबाइल नंबर ष्.रु पेडी पौधा , बैंक खाता संख्या चेक करने के संदर्भ में बताया गया उपस्थित गन्ना कृषकों को उप गन्ना आयुक्त द्वारा ट्रेंच विधि से सह फसली खेती करने एवं शरद कालीन गन्ना बुवाई में गन्ना प्रजातियां ष्-0118/ष्श15023/ष्श्ह्य-13235/ष्श्यद्म-14201 की बुआई की फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है उसके पहचान और उसके बचाव की जानकारी विस्तार से दी।नये सदस्य तीस सितम्बर तक बनाए जाएंगे जिन किसानों को सदस्यता ग्रहण करनी है वे तीस सितंबर तक अवश्य सदस्यता ग्रहण कर ले तथा जिनका खतौनी कम है वे अपनी नयी खतौनी जमा कर दे।

## जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय विधायक के साथ किया बाढ़ ग्रस्त इलाकों का तूफानी दौरा

जन एक्सप्रेस। रामपुरमथुरा (सीतापुर)

सरयू घाघरा नदी के बढ़ते जल स्तर के मद्देनजर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के साथ जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने तहसील प्रशासन महमूदाबाद, सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग तथा विकासखंड के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ साथ अटौरा, मिश्रनपुरवा, फतेहपुरवा, अखरी, अंगरौरा आदि गांवों का निरीक्षण किया, तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी सीतापुर



दोपहर में रामपुर मथुरा के निरीक्षण गृह पहुंचे यहां से सीधे अटौरा ग्राम पंचायत के फतेहपुरवा, मिश्रनपुरवा का स्थलीय निरीक्षण किया, सरयू नदी का जलस्तर आज भी कल 19.40 के स्थान पर ही रहा, नदी के फैलते जलस्तर से ग्रामीणों को सावधान रहने तथा नदी की ओर न जाने की हिदायत दी, सरयू नदी के बढ़ते जल स्तर से एक दर्जन गांव बाढ़ के पानी से चारों ओर से घिरे हैं अभी किसी भी प्रमुख मुख्य मार्ग पर जल भराव की सूचना नहीं है। मिश्रनपुरवा गांव को जाने वाली रास्ता ग्रामीणों की शिकायत पर बनवाने की बात कही, फिर अखरी के स्टड पर पहुंचे जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से बाढ़ के पानी से घिरे घरों के लोगों को स्थानों या बाढ़ राहत केंद्रों पर शरण दिलाये जाने उनके भोजन पानी की व्यवस्था करवाए जाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पशुपालन विभाग को बाढ़ से पूर्व पशुओं को शत प्रतिशत का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिए तथा तहसील प्रशासन को संभावित बाढ़ की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने तथा उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को नियमित रूप से प्रतिदिन दिन में दो बार निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सीतापुर पी एन शुक्ला, पशु चिकित्साधिकारी डॉ राकेश मलिक सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी विवेक अवस्थी, प्रधान मोहन निषाद, सोनू निषाद, विनोद तिवारी, जनमेजय सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गन्ना भुगतान की मांग लेकर डीसीओ से मिले राकिशसं नेता

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा अपने साथियों के साथ डीसीओ वेद प्रकाश सिंह से मिले ।


उन्होंने बजाज ग्रुप की गोला पलिया और खंभारखेड़ा चीनी मिलो मे गन्ना भुगतान की शिथिलता को लेकर रोष व्यक्त किया और धन डाई वर्जन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की मांग की।संगठन के नेताओं ने कहा कि बलरामपुर ग्रुप और राम ग्रुप की चीनी मिलों ने सत्र समापन के बाद ही गन्ना किसानों का संपूर्ण भुगतान कर दिया किंतु बजाज ग्रुप की पलिया कला गोला गोकर्णनाथ और खंभारखेड़ा चीनी मिलों ने सिर्फ नाममात्र का भुगतान किया है जिस कारण किसान बहुत परेशान है, किसान नेताओं ने कहा बजाज ग्रुप की तीनों चीनी मिल मिल गन्ना उत्पादों की बिक्री का धन डायवर्ट कर रही हैं किंतु कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है यदि जल्द ही गन्ना भुगतान की व्यवस्था नहीं की गई तो जिले में गन्ना किसानों के सहयोग से विशाल सत्याग्रह किया जाएगा। डीसीओ वेद प्रकाश सिंह ने कहा हमें सूचना मिली है कि धन डायवर्ट किया गया है जांच की जा रही है जल्द ही डायवर्ट किया हुआ धन गन्ना किसानों के खातों में भेजने की व्यवस्था कराई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में सहकारी गन्ना विकास समिति के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद वर्मा निदेशक बादाम सिंह पंकज मिश्रा नरेंद्र कुमार राधेश्याम परमेश्वर दीन मौजूद रहे।

## हुसैन की शहादत को मुस्लिमों ने किया याद, निकाला गया ताजियों का जुलूस

जन एक्सप्रेस। रियासत अली सिद्दीकी

**रामकोट(सीतापुर)।** इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत पर मनाए जाने वाले गमी के पर्व मोहर्रम पर रामकोट कस्बे में ताजिया मातमी जुलूस के साथ निकाले गए। अमन चैन की दुआ मांगी गई। रामकोट कस्बा में अकीदतमंदों ने धार्मिक परंपरा के अनुसार बीसवीं मुहर्रम को मातमी धुनों पर ताजियों का जुलूस निकाला। जुलूस मुख्य रास्तों से होता हुआ निकाला गया। कस्बा या हुसैन के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। हरे रंग का इस्लामी झंडा लिए नारे तकबीर का नारा लगाते हुए चौराहा, गलियों, में भ्रमण किया। ताजिया जुलूस को देखते हुए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। जुलूस में शामिल लोग मातम करते चल रहे थे।

ताजियों के आगे ढोल ताशा बजाकर कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसको देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ इकट्ठा रही। इस दौरान जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी-डंडे से करतब दिखाए। सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इससे पूर्व कस्बे की इमाम हुसैन बड़ी चौक से परंपरा के



अनुसार ताजिया उठाया गया। लोगों ने ताजिया रखकर शहादत को याद किया। रात भर ताजिया के दर्शन के लिए लोग आते रहे। लोगों ने दर्शन कर मन्नत मांगी। इस दौरान मोहम्मद वाजिद, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद हसीब, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अमीन उर्फ बादशाह, मोहम्मद सेद्दू, मोहम्मद आफाक, मोहम्मद गुलफाम, मोहम्मद रमजान, मोहम्मद जाबिर, मोहम्मद जमालु, मोहम्मद जाहिद, भूरा, बादशाह, मोहम्मद जीशान, मुन्नू, मोहम्मद समीर, मोहम्मद नईम, मोहम्मद अबरार, मोहम्मद अरमान, आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम' आयोजित



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत, हर घर तिरंगा, एवं, मेरी माटी मेरा देश, कार्यक्रम क्षेत्र के विभिन्न विधालयों शिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थलों पर उत्साह पूर्वक मनाया गया । प्राथमिक विद्यालय जवाहरपुर के छात्रों ने अपने खेतों, बागीचों से एक मुठ्ठी मिट्टी ला कर स्कूल में रखे कलश में जमा किया तथा स्वतंत्रता संग्रामके अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। आजादी का अमृत महोत्सव व मेरी माटी मेरा देश और हर घर तिरंगा का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जवाहरपुर में भी हुआ। इस मौके पर विद्यालयों में राष्ट की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शामिल छात्रों और अभिभावकों ने मिलकर माटी गीतों का गायन किया । तहसील सीतापुर के ग्राम जवाहरपुर मे प्राथमिक विद्यालय में मेरी माटी मेरा देश का शुभारंभ खुशी के साथ किया गया इसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और खुशी के साथ तिरंगा फहराया आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन जगह-जगह पर किया जा रहा है इसमें प्रथम स्थान पर आज प्राथमिक विद्यालय जवाहरपुर में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया आज से प्रारम्भ हो रहा है स्वतंत्रता दिवस 2023 का महोत्सव अमृत कलश में संजोई जाएगी गांवों के खेत-खलिहानों की माटीज्बच्चे महसूस करेंगे अपनी माटी की महके मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश क्या आयोजन में समस्या छात्राएं व विद्यालय स्टाफ प्रधानाध्यापिका दीपमाला शुक्ला, दीपिका पटेल, आराधना, मुर्तजा, सुनीता व आनंद कुमार शामिल रहे

## ईओ ने परखी गोशाला की व्यवस्थाएं

जन एक्सप्रेस। राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** शासन एवं जिला अधिकारी अनूज सिंह के आदेश के क्रम में आज बुधवार को नगर पंचायत सिधौली स्थित कान्हा गौशाला का अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने निरीक्षण कर गौशाला की व्यवस्थाएं परखी और आवश्यक निर्देश दिए। ईओ रेणुका यादव ने बताया निरिक्षण के समय बहादुरपुर स्थित कान्हा गौशाला में हरा चारा, भूसा एवं पेय जेल की उपलब्धता पाई गई। साफ सफाई व्यवस्था ठीक थी एवं केयरटेकर उपस्थित पाया गया। ईओ ने इस दौरान अभिलेखों का भी निरिक्षण किया। और गौशाला में रहने वाले गोवंशौ का पूरा ध्यान रखा जाए। उनके खाने-पीने की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए तथा कोई लापरवाही न बरती जाए यह निर्देश भी दिए। तथा साथ ही अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने संत नगर पश्चिमी का किया निरीक्षण किया। शासन व जिला अधिकारी के आदेश के क्रम में आज बुधवार को नगर पंचायत सिधौली में अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव द्वारा संत नगर पश्चिम का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायज लिया गया और नालियों की सफाई हेतु सफाई नायक को निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने अलग-अलग कूड़ा दिए जाने हेतु वार्ड की महिलाओं के साथ बैठक की और उनसे सफाई कर्मियों को अलग- अलग कूड़ा देने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड सदस्य रंजीत, स्वस्थ भारत मिशन के नगर पंचायत सिधौली के ब्रांड एंबेसडर अनुराग तथा नगर पंचायत के लिपिक बीनू भास्कर, कार्यालय सहायक प्रशांत कुमार एवं सफाई नायक दीपक शुक्ला उपस्थित रहे।

### जय महाकाल टूर ट्रेवल्स बस कर्मचारियों ने दिखाई दबंगई

जन एक्सप्रेस। तिकुनिया/खीरी

जय महाकाल टूर ट्रेवल्स बस कर्मचारियों को दबंगई गाली गलौच जबरन ऑफिस के सामने से दूसरी बस में बैठाई सवारियां पीड़ित ने चौकी बेलरायां में दी तहरीर तिकुनिया थाना के चौकी बेलरायां में पीड़ित मोहमद सहनवाज निवासी बारसोला ने दी गई तहरीर में बताया की जय महाकाल टूर ट्रेवल्स के नाम पे बस संचालन करता है जिससे लोग दूसरे राज्यों में आसानी से जा सकते है जिसका टैक्स भी सरकार को देता है जिसमे एक कार्यालय डांगा में है डांगा निवासी राहत परवेज ऊर्फ गुड्डू पुत्र मुमताज निवासी डांगा ने ऑफिस पे आई सावरियो से बात करने लगा जिसका विरोध ऑफिस कर्मचारी ने किया तो उससे अभद्रता करते हुए गाली गालौच करने लगा और दबंगई करते हुए जबरन सवारियां ले गया।

## दहकती आग पर मातमदारों ने किया आग और दहकती जंजीरों का मातम

### अलम के जुलूस मे भारी संख्या में रहा पुलिस बल

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

✳ या अली की सदाओं से गूजा इमामबाड़ा,

मोहर्रम की 21 तारीख को इमामबाड़ा बाजार खुर्द से आलम का जुलूस निकाला गया जो शुक्ला पुर तिराहे होते हुए शुक्ला पुर इमामबाड़ा से होता हुआ मोहल्ले का गस्त करता हुआ बाजार खुर्द में समाप्त हुआ, उसके उपरांत मेरठ से तशरीफ लाए मौलाना असगर अब्बास ने खिताब करते हुए इमाम हुसैन की शहादत और पैगंबर इस्लाम के बारे में विस्तार से बताया उसके उपरांत अंजुम ने हुसैनिया के मातम दारो ने दहकती हुई आग पर चलते हुए आग का मातम किया, जिस पर अंजुमन हुसैनिया के मातमदारो ने आलम लेकर आग पर से बेखौफ होकर या अली के नारो के साथ निकले, उसके उपरांत अंजुमन हुसैनिया के कामरान और जमन हुसैन ने दहकते हुए अंगारों से जंजीर का मातम किया, उसके उपरांत नोहा खानों ने नोहा पढ़े और जोर-जोर से मातम हुआ, आग के मातम और जुलूस में भारी संख्या में सभी धर्म के लोग शामिल हुए जिसमें महिलाओं की तादाद भी काफी रहे कार्यक्रम का सफल संचालन और नेतृत्व अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने किया, कार्यक्रम का आयोजन मेराज हुसैन के जरिए किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद हसन नकवी, आलिम रजा, अफजल जैदी, जमीर रिजवी,जहीर हसन रिजवी, मुन्ने जैदी, जाहिद हुसैन, लकी जैदी, फरीद जैदी, साजिद जैदी सहित अजुमन के सभी मातमदार मौजूद रहे, जुलूस में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा जिसका नेतृत्व क्राइम इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार विश्वकर्मा ने किया, जिसमे नगर पुलिस भी मौजूद रही।

## माधव चिल्ड्रन एकेडमी में मनाया गया वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस, खिल उठे सभी के चेहरे

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

माधव चिल्ड्रन एकेडमी में वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस के अंतर्गत मनाया गया। अद्भुत अकल्पनीय रोमांचकारी जब विद्या भारती विद्यालय माधव चिल्ड्रंस एकेडमी एवं माधव गुरुकुलम छात्रावास में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बनकर पहुंचे माधव स्मार्ट किड्स के प्यारे प्यारे नन्हे मुन्ने बच्चों के दादा-दादी नाना-नानी अपने प्यारे प्यारे नन्हे मुन्ने पोता-पोती नाती-नातिन के लिए जमकर गाने गाय और कहानियां सुनाई । माधव स्मार्ट किड्स बच्चों द्वारा दादाजी की छड़ी हूं मैं आगे पीछे खड़ी हूं मैं शानदार गाने के ऊपर बच्चों द्वारा मनमोहन सुंदर नृत्य सभी का मन मोह लिया दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ वेलकम वेलकम और स्कूल दादी अम्मा दादी अम्मा आज बहुत सारे गानों के बच्चों ने अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी । तत्पश्चात प्रतिभागी दादा दादी नाना नानी के द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गाने तथा प्रेरणादायक कहानियां सुनकर सभी उत्साह उमंग से झूम उठे । गायन में प्रथम दादी शिव देवी इमोशंस मे प्रथम दादी उमा अग्रवाल स्टोरी में उपमा सिंह नानी




मंजू बाजपेई दादी रेखा मिश्रा बाबा विजय मिश्रा बाबा ललित अग्रवाल आदि ने अपने पोता पोती नाती नातिन के लिए आज स्वयं मंच पर उतर कर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा किया व स्थान भी प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया । इस रंगारंग शानदार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने कहा हमारे घर के बुजुर्ग जोकि दादी बाबा नाना नानी के रूप में होते हैं या वास्तव में हम सबके लिए एक अंब्रेला के रूप में कार्य करते हैं हमें धूप गर्मी सर्दी ज्यादा बरसात हर मौसम से बचाते हैं यह घर की छत के रूप में होते हैं और घर की नई के रूप में भी होते हैं वास्तव में यह धरती पर ईश्वर के प्रतीक के रूप में हम सबको सही दिशा देने के साथ-साथ हमारे जीवन को असीम प्यार स्नेह आत्मीयता से परिपूर्ण करते हैं । इस दौरान उप प्राचार्य वर्षिका पाराशर ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सुंदर व सार्थक प्रयास की सराहना की कार्यक्रम का सफल संचालन पूजा गुप्ता व आरती मिश्रा के द्वारा किया गया। माधवपुरम छात्रावास के कोऑर्डिनेटर शिव कुमार अकाउंट हेड विकास बाजपेई कोऑर्डिनेटर काजल पूनम जायसवाल पूनम गुप्ता ऋषभ गुप्ता नावेद अमित जायसवाल नैंसी सोनी आज सभी शिक्षक सम्मानित अभिभावक गण नगर के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी व्यापारी शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

# सभासद प्रतिनिधि ने सेनेटरी इंस्पेक्टर पर लगाए गंभीर आरोप, नगर पालिका में जड़ दिया ताला

जन एक्सप्रेस । उरई

नगर पालिका में कार्यरत सेनेटरी इंस्पेक्टर ओपी चौधरी पर सभासद प्रतिनिधि ने आरोपो की बौछार कर दी। साथ ही कार्य के प्रति लापरवाही बरतने एवं भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाते हुए नगर पालिका के गेट पर ताला डाल दिया। वहां मौजूद कर्मचारियों का अंदर जाना बंद करा दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरुवार की सुबह उस वक्त माहौल गरम हो गया, जब नगर पालिका में वार्ड नं 9 से सभासद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र वर्मा ने सुबह करीब 9 बजे नगर पालिका पहुंच कर कार्यालय के बाहर लगी चैनर में ताला डाल दिया और सेनेटरी इंस्पेक्टर ओपी चौधरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चार दिन से चार सफाई कर्मी मांग रहा हूं। लेकिन कोई ना कोई बहाना बना कर कह देते है की आज डीएम, एडीएम और एसडीएम ने सफाई कर्मचारियों को बुला लिया है। जिससे सफाई कर्मियों की कमी है। सभासद प्रतिनिधि ने बताया की जहां इतने लोगो की जरूरत नहीं होती है, वहा पर 50, 60 लोग सफाई कार्य में लगा देते है। जबकि वार्ड नं 9 का एरिया काफी बड़ा है जो की कालपी रोड, जिला जज्जी से लेकर इकलाशपुरा, एसआर पब्लिक स्कूल, पॉलिटेक्निक कॉलेज कालपी रोड के सामने तक वार्ड नं 9 में आता है। जिसमें सिर्फ 13 सफाई कर्मी दिए गए है। एरिया बड़ा होने के कारण सफाई कार्य पूर्ण रूप से हो नही पता है। जिससे कई जगहों से लगातार फोन आते है, सफाई कर्मियों की कमी के कारण मैंने सिर्फ इनसे चार कर्मी मांगे थे। लेकिन इनके द्वारा वो भी नही मिल पाए। पुष्पेंद्र वर्मा ने इनकी लगोंट की गाठ तब खोल दी। जब उन्होंने इनके ऊपर कई गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि इनके द्वारा किन किन कार्यों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जब सभासद प्रतिनिधि से बात की गई तो उन्होंने बताया की एक जेसीबी के डीजल निकालने में हर दिन साठ लीटर की पर्ची एक टाइम के लिए बनाई जाती है, और ये पर्ची रोज दो टाइम बनती है। सुबह के लिए अलग और शाम के लिए अलग यानि की हर दिन जेसीबी के नाम से एक सौ बीस लीटर की पर्ची रोज सेनेटरी इंस्पेक्टर के द्वारा निकाली जाती है। बीस से तीस हजार रुपयों का खेल रोज खेला जा रहा है। अगर महीना का जोड़ा जाए तो नौ से दस लाख रुपयों का चूना नगर पालिका को लगाया जा रहा है। और पुराने सफाई कर्मियों से नजराना लेकर उनको आराम करने का आदेश दे दिया जाता है। जिससे इनके द्वारा लगाए जा रहे नए सफाई कर्मियों की भर्ती में एक से डेढ़ लाख रुपए प्रति व्यक्ति लिए जा रहे है।अगर अधिकारियों के द्वारा इसकी जांच हो जाए। तो सारा भ्रष्टाचार बाहर आ जायेगा। आज जैसे ही ताला डलने की खबर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी को मिली वो तुरंत वहा मौजूद हुए और सभासद प्रतिनिधि से नाराजगी का कारण पूछा और उनको समझाने की कोशिश की जो भी शिकायत है। उस पर कार्यवाही करने की बात कही। जब सभासद प्रतिनिधि ने दूरभाष के जरिए कही अपनी शिकायत उपर जिलाअधिकारी विशाल यादव से तो उन्होंने ऑफिस आने की बात कही। तो सभासद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र वर्मा अपने साथ 8 से 10 सभासदों को लेकर अपर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए।

### जब सभासद प्रतिनिधि हो गया जेल जाने तक को तैयार

**उरई।** नगर पालिका उरई के गेट में ताला डले होने की सूचना जैसे ही नगर पालिका प्रतिनिधि के पास पहुंची, तो वह तुरंत नगर पालिका में पहुंच गए और सभासद प्रतिनिधि से कहा की ऐसे गेट में ताला लगाना गैर कानूनी है। आप समस्त कार्य को बाधित कर रहे है। अगर ताला डालना है तो सेनेटरी इंस्पेक्टर के ऑफिस गेट का ताला डाल दो। सभासद प्रतिनिधि ने कहा की अगर गेट में ताला लगाना गैर कानूनी है। तो हम जेल तक जाने को तैयार है और हमारे साथ 15 सभासद और जेल जाएंगे।



### एडीएम विशाल यादव ने सेनेटरी इंस्पेक्टर को जारी किया पत्र, मांगा जवाब

**उरई।** सभासदों ने एडीएम को बताया की सेनेटरी इंस्पेक्टर पिछले महीने की आठ तारीख को बोर्ड बैठक में शामिल नहीं हुए और जैसे ही उनको पता चला की आठ तारीख को बैठक है, तो दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर चले गए। जिससे उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की पोल ना खुल जाय और अभी तक एक भी बार सभासदों की बोर्ड बैठक नही ली गई है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में भी एक भी बार सेनेटरी इंस्पेक्टर के द्वारा सभासदों की बैठक नही ली गई। यह सब सुन के एडीएम ने नाराजगी जताते हुई सेनेटरी इंस्पेक्टर को पत्र जारी कर के जवाब मांगने के आदेश दे दिए।

## डीएम ने चिकित्सा शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने भारतीय रेडक्रास सोसाइटी द्वारा कांशीराम कालोनी में चिकित्सा शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। डीएम ने 05 टीवी मरीज के परिजनों को पोषण किट वितरण की। उन्होने कहा कि टीवी मरीजों को पोषक खाना व समय से उपचार कराना ही इसका बेहतर उपचार हैं। चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांचकर उन्हे दवा व ईलाज मुहैया कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य है कि लोगो में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना। उन्होने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर कहा कि एक तरफ लोगो की दिनचर्या व्यस्त रहती है, तो दूसरी ओंर खान-पान और ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव भी लोगो पर पड़ रहा हैं। उन्होने सभी को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने और चिकित्सकों से परामर्श लेने हेतु प्रेरित किया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 650 मरीज आयुर्वेदिक, 220 मरीज होम्योपैथिक व 270 मरीज ऐलोपैथिक, कुल 1140 मरीजों को निःशुल्क बीपी और शुगर आदि जांच कर निःशुल्क दवाई दी गयी। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, रेडक्रास सोसाइटी से लक्ष्मणदास बवानी, सन्दीप गहोई आदि सहित चिकित्सक मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम हथनौरा में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम हथनौरा निवासी जसवीर की 20 वर्षीय पत्नी पूनम की गुरुवार की दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति पानी पूरी का धंधा करता है, और उसकी शादी 26 नवंबर 2022 को पूनम के साथ हुई थी। लेकिन कुछ समय से पूनम बीमार चल रही थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार बैस का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## नगर मजिस्ट्रेट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । उरई



आजादी के अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जो देश की सेवा करते हुये शहीद हो गये उनके परिजनों को आज सैनिक कल्याण बोर्ड के सभागार में वीरनारी श्रीमती उमा देवी, श्रीमती भूरी देवी, श्रीमती पुष्पलता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि हम सब मिट्टी से आये है। मिट्टी में जाना है और जो हमारे देश की शहादत के लिये हमें आजादी दिलायी और हमारी सुरक्षा में लगे वीर सेनानी लोग शहीद हो गये है उनके सम्मान के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के प्रति सम्मान रखना चाहियें और उनकी स्मृतियों को अपने जीवन में हमेशा बनाये रखे ऐसे वीर शहीदों से जीवन में हमें एक प्रेरणा मिलती हैं, व्यक्ति के जीवन में देशभक्ति के प्रति अच्छा कार्य करने का जज्बा होना चाहियें। इस अवसर पर संदीप, सतीशरण, सुनील गुप्ता, मुन्नी देवी, कप्तान महेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर आसाराम, कैप्टन गंगाराम पाल, अर्जुन सिंह, एस एस भदोरिया सहित पूर्व सैनिक आदि मौजूद रहे।

## रेलवे लाइन पर शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में अजनारी रेलवे फाटक के पास बुधवार को महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस की कड़े प्रयासों के बाद उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शहर कोतवाली क्षेत्र की अजनारी रेलवे फाटक के पास से बुधवार देर शाम को वहां से गुजर रहे राहगीरो की नजर कुछ दूर पर महिला के क्षत विक्षत शव पर गई। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया और देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। शव की हालात से माना जा रहा है कि महिला की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई। वहीं घटना की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया है कि पुलिस को घटना स्थल पर ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे महिला की पहचान हो पाती। फिलहाल पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और पड़ोसी थानों के अलावा आसपास के गांव में महिला की पहचान का प्रयास शुरु कर दिया है।

# जंग का मैदान बना रजिस्ट्री ऑफिस, कमीशन के नाम पर मांगी जाती है कथित मोटी रकमें

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह यादव

**उरई/जालौन।** जब से जिला मुख्यालय के रजिस्ट्री ऑफिस का निजाम बदला है तब से अनेकों प्रकार के नये नियम बना दिये गये है। हैरानी की बात तो यह है कि दिन भर रजिस्ट्री कार्यालय मानो जंग जैसा मैदान नजर आता है। जहां बैनामा कराने के नाम पर खुलेआम कथित रूप से कमीशन के नाम पर मोटी रकमें मांगी जाती है। इतना ही नहीं किस दिन किसकी रजिस्ट्री होगी इसका भी निर्धारण कार्यालय द्वारा सप्ताह भर पहले तय कर दिया जाता है। जबकि इससे पूर्व इस तरह का कभी कोई नियम नहीं रहा। ऐसी स्थिति में जमीन विक्रेता ही नहीं बल्कि क्रेता भी रजिस्ट्री कार्यालय के चक्कर काटने को विवश देखे जा रहे हैं। यदि समय रहते जिलाधिकारी ने इस ओर गंभीरता से ध्यान न दिया तो आने वाले समय में रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामा कराने वाले दूसरी तहसीलों में जाकर बैनामा कराने को विवश होंगे। सूत्रों की मानें तो रजिस्ट्री कार्यालय में जब से नये साहब का पदार्पण हुआ है तब से लेकर अभी तक अनेकों प्रकार के नये नियमों को ईजाद कर उनके अनुसार ही रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया पूरी की जाती है।



मसलन यदि आपको आज ही रजिस्ट्री कराना है तो ऐसा असंभव होगा। इसके लिये पहले रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर आपको यह बताना होगा कि वह खेत या प्लाट की रजिस्ट्री कराना चाहते हैं इसके बाद आपको एक टोकन नंबर दे दिया जायेगा जिसमें रजिस्ट्री करवाने के लिये दिन व तारीख लिखी होती है। इस दौरान आपको सप्ताह भर से पखवारे भर का समय लग जाता है। जबकि पूर्व के समय में ऐसा कोई नियम नहीं है। कार्यालय समय में जब भी किसी को खेत व प्लाट की रजिस्ट्री कराना होती थी तो वह वहां पहुंचकर करवा लेता है। लेकिन अब ऐसा संभव नहीं है। सूत्रों का कहना है कि जब से कार्यालय में मैडम का आगमन हुआ है तब से कथित तरीके से कमीशनबाजी का धंधा भी जमकर चमकना शुरू हो गया है। रजिस्ट्री कार्यालय में अब तो खुलेआम दो प्रतिशत कमीशन की डिमांट प्राइवेट कर्मी करते कभी भी देखे जा सकते हैं। सबसे ज्वलंत सवाल तो यह है कि रजिस्ट्री कार्यालय में दिन भर जिस तरह से जंग जैसा माहौल बना रहता है उसको देखते हुये साधारण व्यक्ति तो रजिस्ट्री कार्यालय में घुसने तक की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर जिलाधिकारी ने गंभीरता से ध्यान न दिया तो रजिस्ट्री कार्यालय में पूरी तरह से अराजकता का माहौल व्याप्त हो सकता है। वहीं समाजसेवियों ने डीएम से मिलकर शिकायत करने की बात कही।

# संप्रेक्षण सुधार गृह से फरार किशोरी बरामद, दो अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



थाना नगर कोतवाली पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी स्थित राजकीय संप्रेक्षण सुधार गृह से फरार किशोरी को 15 दिन के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने एटीएम फॉड कर लोगों से ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास 3 लाख 50 हजार रुपये, 14 फर्जी एटीएम, तीन मोबाइल फोन व सिम सहित अन्य उपकरण बरामद किए है। जिसके संबंध में गुरुवार को शहर की पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आशुतोष कुमार मिश्र ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने बीपी 26 तारीख को आवास विकास कॉलोनी स्थित राजकीय संप्रेषण सुधार गृह से फरार किशोरी जोकि संप्रेक्षण गृह के छत से कूद कर फरार हो गई थी। उसे पुलिस ने 15 दिन के भीतर गुरुवार को सकुशल बरामद कर लिया। मामले में एसपी दिनेश कुमार सिंह ने गिरफ्तारी टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। वहीं दूसरे मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने कम पढ़े लिखे लोगों के एटीएम को मशीन के अंदर फंसाकर उनसे उनकी डिटेल जानकर ठगी करने के दो अंतर्राज्यीय शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में इस तरह से ठगी की घटनाओं को कानपुर नगर, लखनऊ, उन्नाव, बनारस, प्रयागराज, रायबरेली आदि जनपदों सहित बिहार राज्य में करने की बात को स्वीकार किया है। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा नगर कोतवाली पुलिस की गिरफ्तारी टीम को 15 हजार का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है । शातिर दोनों आरोपी सतीश कुमार पुत्र स्व0 कमली सिंह व चंदन कुमार पुत्र प्रमोद कुमार सिंह निवासी ग्राम गोखुला थाना सिकंदरा जनपद जमुई बिहार राज्य के रहने वाले है। आरोपी एटीएम बूथ के अंदर मशीन में कार्ड लगाने की जगह इंजेक्शन सिरिंज के माध्यम से फेवीक्विक लगा देते थे। साथ ही मशीन के ऊपर सहायता प्राप्त करने के कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से प्राप्त किए गए मोबाइल नंबरों को मार्कर से लिख देते थे।

## ओडीएफ प्लस गांव का हुआ निरीक्षण, जिम्मेदार उपस्थित



जन एक्सप्रेस । सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी

निदेशक पंचायती राज के निर्देश पर गठित जिलास्तरीय टीम ने ओडीएफ प्लस गांव का निरीक्षण कर कराए गए कार्यों की स्थलीय जांच किया। गुरुवार को ग्राम पंचायत किन्तूर में एस एल डब्ल्यू योजना के तहत काराए गए कार्य वर्मी कम्पोस्ट नाली निर्माण कचरा निस्तारण केन्द्र आदि की जांच जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एडीसन सिंह,अवर अभियन्ता ए के विंद आदि द्वारा की गई है।

बताते चलें कि विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत किन्तूर में नाडेप द्वारा 57 लाख 57 हजार रुपये की लागत से करवाये जा रहे समस्त कार्यो नाली शोक पिड वर्मी कम्पोस्ट एस बी एम आदि कार्यों का निरीक्षण किया। मनरेगा एंव राज्य वित्त द्वारा ओपेन जिम आदि निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान खंण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ग्राम सचिव सुरेश चन्द्र यादव कुलदीप श्रीवास्तव विवेक कुमार तकनीकी सहायक गजराज वर्मा, शिवनारायन मौर्या पंचायती राज विभाग के कन्सल्टिंग इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार ग्राम प्रधान मो0अकरम अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# सोशल ऑडिट की बैठक में नकछेद प्रसाद चुने गए अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । रामनगर-बाराबंकी



महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से कराए गए विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत बेहटा में सोशल कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार मिश्रा व सोशल आडिट टीम सदस्य भूपेंद्र सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, शिवकुमार ने पहुंचकर कंपोजिट विद्यालय में ग्रामीणों व जॉबकार्ड धारकों के साथ में बैठक की गई। बैठक में ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से श्रमिक नकछेद प्रसाद को अध्यक्ष नियुक्त करने के बाद सोशल ऑडिट ग्राम सभा की खुली बैठक में सोशल ऑडिट टीम द्वारा तैयार ड्राफ्ट पर उपस्थित लोगों के समक्ष चर्चा एवं परिचर्चा की गई। महिला जॉब कार्ड धारक सुनीता ने बताया कि प्रत्येक माह रोजगार दिवस नहीं मनाया जाता है। इस पर फोरम ने प्रत्येक माह नियमित रूप से रोजगार दिवस मनाने के लिए निर्देश दिया गया।आवास लाभार्थी गोविंद, सुनीता, कन्हैयालाल, अवधराम, पुनवासी, सत्रोहन, सुंदरा, सोनिया, देशराज, मुन्ना, मंजू, मंगल, निर्मला, खुशीराम, गीता,बाबूराम, कमलेश आदि की आवास की अवशेष मजदूरी दिलाने की मांग किया। इस पर ग्राम पंचायत सचिव ऋषभ पांडे ने बताया कि सभी की आवास आईडी मिल गई है। ग्राम रोजगार सेवक रविंद्र कुमार ने मस्टर रोल जारी कर दिया है। जल्दी ही आवास की 90 दिन की मजदूरी आप लोगो को मिल जाएगी। सोशल कोऑर्डिनेटर ने सुभाष के घर से बेचई के घर तक इंटरलॉकिंग का निरीक्षण सदस्य टीम के साथ में किया। मनरेगा से बने पंचायत भवन को देखा। बेहटा का पूरा गांव बाढ़ क्षेत्र में आने के कारण चकबंधो का स्थलीय सत्यापन नहीं किया जा सका। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 750612 रुपया श्रम पर 780363 रुपये सामग्री पर खर्च हुए हैं। ग्राम पंचायत में 3524 मानव दिवस सृजित कर लोगों को रोजगार दिया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार, रोजगार सेवक रविंद्र कुमार, ग्राम रोजगार सेवक पारा रामचंद्र यादव, सुंदरा सोनिया उषा मंगल निर्मला मंजू बाबूराम सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सरयू 57 सेंटीमीटर ऊपर, छोड़ा गया चार लाख क्यूसेक पानी, प्रशासन अलर्ट

जन एक्सप्रेस । ज्ञानेंद्र वर्मा

**रामनगर-बाराबंकी।** पहाड़ों पर हो रही जोरदार बारिश के चलते नेपाल स्थित गिरजा और गोपिया बैराज से 2 दिनों के अंतराल में 3.91लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। जिससे नदी की तलहटी सहित आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों का सुरक्षित जगह पर पलायन तेजी से बढ़ गया है। जिसको लेकर जिला व तहसील प्रशासन ने सभी बाढ़ चौकियों पर मुस्तैदी बढ़ा दी है। नदी का पानी अब आस-पास के गांव में दाखिल होना शुरू हो गया है। जिससे यहां के लोग अपने-अपने खेतों में मचान बनाकर फसलों की सुरक्षा में लगे हुए है। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में तिलवारी गांव के करीब की जमीन नदी में समा गई है। साथ ही ईटाहुआ व गोबरहा गांव के किनारे बह रही नदी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सूरतगंज में भी नदी का पानी सुंदरनगर,केंवाड़ी सहित आसपास के गांव में दाखिल होना शुरू हो गया है। वहीं तहसील रामनगर क्षेत्र में तपेशिपह सहित नदी के उस पार बसे जमका, परशुरामपुर व खुज्झी आदि गांव में हालात गंभीर है। इन गांव तक लोगों का पहुंचना मुश्किल हो गया है। नदी के बाहर दर्जनों गांव में पानी पहुंचने से हालात बिगड़ना शुरू हो गए है। तहसील रामनगर के ग्राम पंचायत बेहटा में सरयू नदी के बड़े जलस्तर से संपर्क मार्ग जलमग्न हो गया। जिसकी सूचना पर बीडीओ अमित कुमार त्रिपाठी ने ग्राम विकास अधिकारी ऋषभ पांडेय को भेजकर तत्काल वहां का मुआयना कराया। सरयू के उफनाने के साथ-साथ नदी के किनारे बसे तीन तहसीलों के चार विकास खंडों के गांवों की हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है।



जिसको लेकर संबंधित विभाग लगातार मुआयना कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ की शुरुआत हो गई है। पानी गांव के खेतों सहित रास्तों पर पहुंच गया है। खेतों में लगी धान गन्ना आदि की फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच रही है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत यहां रह रहे लोगों को नित्य क्रिया सहित जानवरों के खाने की हो रही है। जिससे हमें कई किलोमीटर दूर ऊंचाई वाले स्थान पर जाना पड़ता है।

### उफ़नाई सरयू, डूबकर महिला की मौत

**सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी।** बुधवार को देर शाम नदी किनारे नित्य क्रिया को गई एक महिला की नदी में डूबकर मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं बाढ़ के पानी से घिरे गांवों के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। क्षेत्र के तेलवारी, गोबरहा, नव्वनपुरवा, कोठरी गौरिया, सरदहा, परसा, सिरौलीगुंग, कोठीडीहा, सनावां, इटहुआ पूरब, सहित दर्जनों गांव आज भी बाढ़ के पानी से घिरे हुए है। बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों में पानी अभी लोगों के घरों तक नहीं पहुंचा है। जिससे अभी तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद ग्रामीणों ने घर नहीं छोड़ा है। बुधवार को ग्राम सरदहा में शिवदेवी पत्नी शिवकुमार 38 वर्ष नदी किनारे शौंच करते समय फिसल कर नदी में डूब गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से घंटों बाद उसके शव को एक झाड़ी में फसे होने के कारण बाहर निकाल लिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### एलर्ट मोड पर प्रशासन

**बाराबंकी।** सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन एलर्ट मोड पर है। एडीएम अरुण कुमार सिंह लगातार बाढ़ संभावित इलाकों का निरीक्षण कर संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। उन्होंने बताया कि सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही संबंधित विभाग की टीमें बचाव कार्य और लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में लगी हुई है।

# बेसिक शिक्षा विभाग में 11 करोड़ से अधिक का घोटाला उजागर

## डीएम के निर्देश पर बीएसए ने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियन्ता तथा बैंक प्रबंधक पर दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस | अजय त्रिपाठी

बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग में 11 करोड़ 36 लाख 82 हजार छः सौ रुपए का घोटाला उजागर हुआ है। इसकी भनक बीते दिनों उस समय लगी जब जिलाधिकारी मोनिका रानी विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रही थी। समीक्षा के दौरान पता चला कि जिले के 762 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 24135 फर्नीचर की आपूर्ति करनी थी। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी फर्नीचर की आपूर्ति संबंधित विद्यालयों को नहीं की गई। इस आशय की रिपोर्ट जिलाधिकारी ने शासन को भेजी। रिपोर्ट देखने के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम ने बीएसए से कार्रवाई करने को कहा इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने डीएम के आदेश पर दरगाह थाने में एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक और कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता पर सरकारी धन के गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि जिले के 762 उच्च प्राथमिक विद्यालय में फर्नीचर आपूर्ति का जिम्मा कार्यादारी संस्था उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव प्रोसेसिंग कोड स्टोरेज दरगाह को सौंपा गया था। जिसकी निविदा 22 सितंबर 2021 को निकाली गई थी। निविदा के मुताबिक 24135 फर्नीचर सभी विद्यालयों में आपूर्ति करनी थी। प्रति फर्नीचर पर 4760 रूपये का खर्च संबंधित संस्था द्वारा लगाया गया था।
फर्नीचर आपूर्ति के बैंक गारंटी की धनराशि 32 लाख 20 हजार 575 रुपए खाते में जमा किया गया। लेकिन समय अवधि पूरी होने के बाद भी डेस्क बैच आपूर्ति उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नहीं किया गया। जैम पोर्टल से सभी फर्नीचर खरीद किए जाने थे।
इतना ही नहीं एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से बजट भी निकाल लिया। इस पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 8 जुलाई 2023 को फार्म का अनुबंध निरस्त करते हुए 10 जुलाई को कार्यदाई संस्था को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। साथ ही इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी थी। शासन के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर जिलाधिकारी ने बीएसए को कार्रवाई के निर्देश दिए। गारंटी धनराशि को भी जब्त करने के निर्देश दिए।
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को दरगाह थाने में तहरीर देकर कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव प्रोसेसिंग कोल्ड स्टोरेज के अधिशाषी अभियंता दिलीप शुक्ला और दरगाह क्षेत्र के डिगिहा में संचालित एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक के विरुद्ध सरकारी धन के गबन का केस दर्ज कराया है। अब देखना यह है कि करोड़ों के घोटाले के इस केस का परिणाम क्या होगा। शहर के जागरूक लोगों की नजर इस घोटाले के अंजाम पर टिकी हैं।

## बिक्री हेतु डाकघरों में उपलब्ध है राष्ट्रीय ध्वज

जन एक्सप्रेस | बहराइच

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'मेरी माटी मेरा देश' तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को आगे बढ़ाते हुए डाक विभाग राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करा रहा है।
यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि साटन/पॉलिएस्टर से निर्मित 30 इंच म 20 इंच आकार वाले राष्ट्रीय ध्वज विय हेतु डाक घरों में उपलब्ध है जिनका मूल्य रू. 25.00 प्रति ध्वज निर्धारित किया गया है। डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों व आमजन से अपेक्षा की है कि आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत प्रदेश में 'मेरी माटी मेरा देश' एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यम के सफल यिान्वयन व जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय ध्वज को भारतीय डाक घरों से नियमानुसार य किया जा सकता है।

# लक्ष्य तक ही सीमित न रहे पौधरोपण अभियान



जन एक्सप्रेस | बहराइच

### जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2023 को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 15 अगस्त को पौधरोपण कराएं जाने हेतु गडढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि 15 अगस्त के लिए निर्धारित लक्ष्य 12 लाख 64 हज़ार 38 पौधों तक ही सीमित न रहें, विभागीय परिसम्पत्तियों में यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त है तो लक्ष्य से अधिक पौधे भी रोपित कराने का प्रयास करें। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व एवं प्रयास से उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका हैं। इसलिए सभी अधिकारी आमजन व विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित कर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण का जिओ टैग फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराया जाय तथा सभी विभाग पौधरोपण का विवरण प्रभागीय वनाधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराये।
गंगा व सहायक नदियों में पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन और जल के सतत पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने के उपाय करने के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि गंगा नदी के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं आर्थिक कारणों के अद्वितीय महत्व को देखते हुए इसे राष्ट्रीय नदी का दर्जा प्राप्त है। गंगा व सहायक नदियों का पुनर्द्धार करके इसे प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जिला गंगा समिति का गठन किया गया है।
डीएम ने सिचाई विभाग को निर्देश दिया कि सम्बन्धित सचिव, लेखपाल एवं ब्लाक के अवर अभियन्ता की टीम के साथ निरन्तर सर्वे कर सरयू व टेढ़ी नदियों के पुनरोद्धार के लिए कार्य योजना तैयार करें।
बैठक के दौरान डीएम ने मरीमाता मन्दिर के निकट सरयू नदी की साफ-सफाई, नदी में नगर पालिका के गिरने वाले 7 नालों पर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट, नदियों में प्लास्टिक के बहाव को रोकने, जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा कटान प्रभावित क्षेत्रों में पौधरोपण विशेषकर बांस के पौधे रोपित कराएं जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि नदियों को प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जन जागरूकता अत्यन्त महत्वपूर्ण है।
यह कार्य जन सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता है। डीएम ने निर्देश दिया कि विशेष आमंत्री के रूप में अधिकाधिक बाहरी लोगों को भी इस समिति से जोड़ा जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीएफओ बहराइच संजय शर्मा, सीएमओ डॉ एस.के. सिंह, डीसी मनरेगा के.डी. गोस्वामी, डीडी एग्री टी.पी. शाही, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, सीवीओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, नोडल एसएनके दिनेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सेना में चयन पाने में विफल युवक ने गोली मारकर की खुदकुशी

## पांचवें प्रयास में मिली सफलता, लेकिन पैर में काला दाग होने पर निरस्त हुआ चयन

जन एक्सप्रेस | बहराइच



पांच बार के प्रयास में इस बार सेना में चयन हुआ लेकिन पैर पर काला निशान होने पर चयन निरस्त हो गया जिससे निराश होकर युवक ने खुद को गोली मार ली। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम आदिलपुर निवासी रोहित शर्मा ( 23 ) पुत्र उमेश चंद्र शर्मा सेना में जाने के लिए तैयारी करता था। चाचा कुलदीप शर्मा ने बताया कि सेना में जाने के लिए रोहित शर्मा ने पांच बार परीक्षा दी थी। इस बार उसका नाम एसएससी जीडी भर्ती में आ गया था। बीते शुवार को बिजनौर में दौड़ समेत अन्य सभी मेडिकल निकाल लिया। लेकिन पैर में काला दाग होने के चलते उसे लखनऊ बुलाया गया। बुधवार को युवक लखनऊ में सेना के अस्पताल में मेडिकल जांच कराने गया। लखनऊ कैंट स्थित सेना के अस्पताल में रोहित का मेडिकल हुआ। लेकिन पैर में दाग होने के चलते उसे बाहर कर दिया गया। इस पर हताश युवक रात में लखनऊ से घर आया। सुबह रोहित ने मार्निंग वाक की। इसके बाद वह घर आया। असलहे से खुद के सीने में गोली कर जान दे दी। इससे हड़कंप मच गया। परिवार के लोग युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। मेडिकल कॉलेज के ईएमओ डॉ. रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है। उन्होंने बताया कि उसे मृत लाया गया था। डॉक्टर की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष एसके त्रिपाठी ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है। मृतक के पिता उमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि पुत्र रोहित सेना में ही जाना चाहता था। वह पांच बार सेना की परीक्षा में शामिल हो चुका है। इस बार नाम आया था, तो उसे खुशी हुई थी। लेकिन काले दाग के चलते मेडिकल टीम ने बाहर कर दिया। जिस पर उसने गोली मार ली। इस घटना से मृतक के परिवार में मातम का माहौल है।

# नपं अध्यक्ष ने राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस का किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस | रुपईडीहा, बहराइच

राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर स्वास्थ केंद्र रूपईडीहा में एक कार्यम का आयोजन किया गया कार्यम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर डॉ आरएन वर्मा प्रभारी चिकित्साधिकारी सीएचसी चर्दा, डॉ अर्चित श्रीवास्तव , डॉ रजनी गुप्ता, सुनील मिश्रा, सुनीता देवी सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वर्मा ने मौजूद लोगों को फाइलेरिया बीमारी से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी उन्होंने फाइलेरिया के लक्षण भी बताए। यह भी कहा कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन दिवस मनाने का मकसद है कि फाइलेरिया मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। फाइलेरिया कोई असाध्य रोग नहीं है। इसका उपचार संभव है। सरकार की ओर से फाइलेरिया बीमारी पर नियंत्रण के लिए कैंप लगाकर निशुल्क दवाइयां वितरण की जा रहे हैं। जिसका सभी लोगों को लाभ उठाना चाहिए।

## एसपी ने किया प्रभारी निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव

जन एक्सप्रेस | बहराइच

बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए कुछ थानों के प्रभारी निरीक्षकों का तबादला कर दिया है। प्रभारी निरीक्षकों को तत्काल नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं।
प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात शमशेर बहादुर सिंह को प्रभारी निरीक्षक आदर्श थाना रुपईडीहा बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक फखरपुर वेद प्रकाश शर्मा को डीसीआरबी प्रभारी पद पर तैनाती दी गई है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक को रुपईडीहा से मोतीपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि मुकेश कुमार सिंह को मोतीपुर से फखरपुर थानाध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। डीसीआरबी में तैनात रहे मनोज कुमार पांडेय को कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक पद पर तैनाती दी गई है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा



जन एक्सप्रेस | मयाबाज़ार-अयोध्या।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज 10 अगस्त को बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज, मया - अयोध्या में सभी बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा।और बच्चों को पेट के कीड़े के बारे में बताया गया की कृमि नाशक एलबेंडाजाल 6 महीने में एक बार जरूर खाना चाहिये। नहीं तो पेट के कीड़े लीवर पर अटैक कर देते हैं।लेकिन एल्बेंडाजाल की गोली को चबाकर ही खाना चहिये। प्रभारी प्रधानाचार्य एम.ए. इदरीशी ने सभी बच्चों को एल्बेंडाजाल कृमि नाशक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक मास्टर राहत अली सलमानी, चन्द्रशेखर इण्टर कॉलेज गौहनियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा, अखिलेश गौड़, रुख्सार बानों, सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकायें एवं बच्चे मौजूद रहें।

# डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रम 37 प्रारूप की विभागवार, योजनावार समीक्षा की

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यम 37 प्रारूप की विभागवार, योजनावार समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी शासन की विकास प्राथमिकता कार्यमों पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, खाद्य एवं रसद विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों के अपने-अपने विभागीय योजनाओं के लक्ष्य को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में किसानों के फसलों की सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा राजकीय नलकूपों को निरन्तर यिाशील रखने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव ने सहभागिता योजना के तहत गौवंश सुपुर्दगी की स्थिति में सुधार लाने तथा रोजाना के प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना सहित विभिन्न कार्यो एवं निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुये सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में




जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक शासन एवं प्रशासन की विशेष प्राथमिकता है, किन्तु कुछ विभाग की स्थिति संतोषजनक नही है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि आईजीआरएस पोर्टल के सन्दर्भो का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापरक निराकरण सुनिश्चित न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।
उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी सन्दर्भ डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाये और निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। अधिकारी मौके पर जाकर उभय पक्षों की उपस्थिति में समस्याओं का निराकरण करें तथा स्पष्ट एवं विस्तृत आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बीएसए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तीन चोरों को सामान सहित किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | जाना बाजार-अयोध्या

अपराध और अपराधियों की रोकथाम में जुटी हैदरगज पुलिस को बृहस्पतिवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई। तीन चोरों को विभिन्न चोरी के सामानों के साथ थर दबोच लिया। और उन्हें पड़कर जेल भेज दिया। जिसके चलते चोरों की उभरते इस नये गिरोह पर अंकुश लग गया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।थाना क्षेत्र हैदरगंज के थरिया कला निवासी कैलाश यादव ने विगत दिनों अपने एक विद्युत चालित मोटर के चोरी की सूचना पुलिस को दिया था। जिसकी खोजबीन में हैदरगंज पुलिस जुटी थी।
इसी दौरान बृहस्पतिवार को तकमीनगंज पुल से नयापुरा पछियाना तिराहा मोड़ के पास पिनटू उर्फ रूप सावन पुत्र केशव राम, विजय पुत्र बरसाती, तिलक राम उर्फ सूरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम अकारी ग्राम पंचायत खपराडीह को सूचना पर पहुंचकर हैदरगंज थाने के उप निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल अभिषेक, नागेंद्र भारद्वाज, ओमवीर, दीपक प्रथम की टीम ने पकड़ लिया ।और पूछताछ व तलाशी के दौरान उनके पास से एक अदद विद्युत चलित मोटर, एक अदद झटका मशीन, एक आदद दवा छिड़कने की मशीन बरामद किया।

# शैक्षिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने पेड़ पौधों व जीव जंतुओं के विषय में प्राप्त की जानकारी

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज मे गुरुवार को कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं को कुआना जंगल तथा जयप्रभा ग्राम का शैक्षिक भ्रमण कराया गया । भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने पेड़ पौधों तथा वनस्पतियों के साथ-साथ जीव जंतुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की । जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर द्वारा विद्यालय के कक्षा-9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को वनस्पतियों एवं जीवों के बारे में जानकारी के लिए ''शैक्षिक भ्रमण'' हेतु कुवांना जंगल, व जयप्रभा ग्राम ले जाया गया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि शैक्षिक भ्रमण का अर्थ होता है कि छात्र-छात्राओं को खुले वातावरण में शिक्षा के प्रति एक अनुभूति जागृत होना, जिससे वे भारत की विभिन्नता जैसे-विज्ञान, इतिहास और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकें। शैक्षिक भ्रमण के अन्तर्गत नये-नये स्थानों को देखना, और ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सामाजिक विषयों के बारें में विभिन्न स्तर से जानकारी प्राप्त करना होता है। उन्होंने कहा कि भ्रमण द्वारा इतने शैक्षिक लाभ होते है कि सभी का आसानी से वर्णन नही किया जा सकता। अंग्रेजी के प्रसिद्ध लेखक वेंकन का कहना है कि युवा वर्ग के लिए भ्रमण शिक्षा का अंग है, जबकि बड़े लोगों को इससे अनुभव मिलता है। भ्रमण से हम वह सभी चीजें सीखते है जो पुस्तकों से सीखना कठिन हो जाता है। विद्यालय के प्रबन्धक निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं में, शालनी शुक्ला, दिव्या पाण्डेय, आलोक यादव, भानु यादव, हादिया रफीक, खुशबू तिवारी, अमित राना के साथ छात्र छात्राओं को सर्वप्रथम कुवांना जगंल में ले जाया गया जहां भ्रमण के दौरान रंग बिरंगी तितलियों को देखा, चिटियों के अलग-2 प्रजातियों की जानकारी प्राप्त की। इतना ही नहीं उनके रहने की जगह का भी ज्ञान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त सभी छात्र-छात्राओं ने कई प्रकार के पक्षियों, बंदरो व कीड़ों को भी देखा। तत्पश्चात् विभिन्न प्रकार के रंगीन फंगस को भी देखा और लाल फगंस, सफेद फगंस, पीला फंगस के बारे में जानकारी प्राप्त की।
तत्पश्चात् छात्र-छात्राओं को जयप्रभा ग्राम में स्थिति एक सुन्दर बगीचे में ले जाया गया जिसमें उनको विभिन्न प्रकार के पत्तियों एवं फूलों के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गयी। साथ ही कई प्रकार के पेड़ पौधों में सूख जाने वाली बीमारियों के बारे जानकारी दी गयी। सभी छात्र-छात्राओं ने क्लोरोफिल तथा छयरोग को अपनी आँखों से देखा।

## दिव्यांगों के लिए राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु शासन द्वारा प्रदान की जाएगी सहायता

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एम0पी0 सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन के विचारोपरान्त राज्य निधि से धनराशि व्यय किये जाने का प्राविधान किया गया है। जिसमें उ0प्र0 के दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों का प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्याशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना, खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बेंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण य हेतु वित्तीय सहायता, गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन अरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता दिया जाता है।

# प्रचारिणी हस्ताक्षर अभियान के जरिए किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यम अंतर्गत दवा खिलाने का कार्यम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने जागरूकता बैनर पर हस्ताक्षर करके कार्यम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं से अन्य लोगों को भी दवा लेने के लिए जागरूक करने की अपील की गई।
जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को एमएलके पीजी कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह ने जागरूकता बैनर पर हस्ताक्षर करके किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन में जनसहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण शुरुवाती दौर में तो नहीं दिखते लेकिन जब पता चलता है तो काफी देर हो जाती है। फाइलेरिया ग्रस्त रोगी परिवार व समाज से दूर होने लगता है। जिला फाइलेरिया कोऑर्डिनेटर अतुल तिवारी व मलेरिया निरीक्षक हिमांशु वर्मा ने प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय को डीईसी -7 की तीन गोली पानी के साथ व एल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खिलवाया । साथ ही सभी शिक्षक व छात्र- छात्राओं को भी दवा खिलाया गया।
मुख्य कार्यम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ने सभी का स्वागत किया। सांस्कृतिक निदेशक व एन एस एस कार्यम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से अन्य लोगों को भी दवा लेने के लिए जागरूक करने हेतु अपील किया गया। इस अवसर पर प्रो0 एस पी मिश्र, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ जितेंद्र भट्ट, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ के पी मिश्र, डॉ पी एन पाठक, डॉ सुनील कुमार शुक्ल सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अतीक हत्याकांड के आरोपित कोर्ट में पेश, मांगी मोहलत

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। अतीक अहमद हत्याकांड के आरोपियों ने कोर्ट से समय मांगा है। कहा कि हम वकील करना चाहते हैं। हमें एक मौका दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई अब 16 अगस्त को होनी है। माफिया अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड के आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आज कोर्ट में पेश किया गया। तीनों आरोपी अरुण कुमार मौर्य, सनी सिंह और लवलेश तिवारी को कोर्ट के समक्ष वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। आरोपियों ने कोर्ट से अनुरोध किया कि केस में बहस करने के लिए हमें वकील करने का अवसर दिया जाए।

### मोबाइल फोन की दुकान में लाखों की चोरी

जन एक्सप्रेस/पिंडरा/वाराणसी। पुलिस फूलपुर थानाक्षेत्र के पिंडरा बाजार में एसबीआई बैंक के सामने मोबाइल की दुकान से चोर ने लाखों के मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पीड़ित दुकानदार अकाश कुमार सिंह ने बताया कि सुबह पड़ोसी दुकानदार ने फोन किया पीछे की दीवार तोड़ी गई है सुबह 5 बजे दुकान खोला तो सन्न रह गया। सारा घटना क्रम सीसीटीवी फुटेज कैमरे में कैद हो गया इस पर पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुँचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चोर दुकान से सामान ले जाकर दिखा रहा था। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक 30 से अधिक स्मार्ट मोबाइल जिसकी कीमत साढ़े चार लाख रुपये कीमत वाले मोबाइल चुरा ले गए।

### घर की खिड़की तोड़कर नकदी सहित लाखों के आभूषण चोरी

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। वाराणसी चौबेपुर क्षेत्र के श्रीकंठपुर गांव में गुरुवार की भोर शिक्षा मित्र प्रदीप कुमार चौबे के घर के खिड़की का ग्रिल तोड़कर घर में घुसे चोरों ने 70हजार नकद सहित लगभग दस लाख के जेवरात चुर ले गए। तोड़फोड़ की आवाज सुनाई देने पर गृह स्वामी पर तमंचे से फायरिंग कर चोर भाग निकले। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीकंठपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार चौबे जो गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र हैं। गुरुवार की भोर उनके घर में कई चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर घर के अंदर घुस कर खर्च के लिए रखा 70हजार रूपये नकद व सोने चांदी के कंगन, मंगलसूत्र,सोने का चैन , सोने की अंगूठियां ,हार सहित अन्य जेवरात जिसकी कीमत दस लाख रुपए बताई गई है उठा ले गए। खटपट की आवाज सुनाई देने पर गृह स्वामी प्रदीप कुमार चौबे जब शोर मचाने लगे तो चोरों ने तमंचे से फायर कर भाग निकले। गृहस्वामी ने इसकी सूचना डायल 112पर दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर गृह स्वामी से तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

### पौधरोपण के संग देश के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। आजादी के अमृत महोत्सव में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेरी माटी मेरा देश अभियान बृहस्पतिवार को आर्य महिला पीजी कालेज में मनाया गया। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इसके बाद अपनी मातृभूमि और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहसी वीरों को श्रद्धांजलि दी गयी। आर्य महिला पीजी कालेज में तेजस्विनी महिला प्रकोष्ठ और एन.एस.एस. की समस्त इकाइयों के सम्मिलित सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर रचना दुबे के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षिकाओं व छात्राओं को पंच प्रण प्रतिज्ञा डॉ अनामिका सिंह के द्वारा दिलायी गयी। प्राचार्या प्रो. रचना दूबे ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं तथा शिक्षिकाओं को देश के प्रति उनके कर्तव्यबोध को याद दिलाते हुए भारतीय संस्कृति की अक्षुणता और अखंडता को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में तेजस्विनी महिला प्रकोष्ठ की तरफ से प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रोफेसर सुचिता त्रिपाठी, प्रोफेसर जया मिश्रा, डॉक्टर ममता गुप्ता, डॉ अनामिका सिंह, डॉ सुनीता यादव, डॉ प्रीति, डॉ विनीता, डॉक्टर नरेश सिंह, श्वेता सिंह, डॉ अमित दुबे, डॉ सुमन सिन्हा, डॉ पुष्पा त्रिपाठी, डॉक्टर सुजाता शिक्षक शिक्षिकाओं सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

### डायट में अमृत काल के पंच प्रण का लिया संकल्प




जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में अमृतकाल के पंच प्रण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपस्थित लोगों ने अमृत काल के पंच प्रण का संकल्प लिया। राजेंद्र प्रताप उप शिक्षा निदेशक, प्राचार्य डायट ने आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए निष्ठा और देश प्रेम का संकल्प दिलाया। बुधवार को सुबह डायट कैंपस में मेरी माटी मेरा देश व हर घर तिरंगा अभियान के तहत उत्सव में लोगों का उत्साह दिखा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता शिवानारायण सिंह, विपिन कुमार, तरन्नुम असदी, रत्ना यादव ममता यादव, प्रवक्ता डॉ. अमित सिंह, विवेक त्रिपाठी, डॉ. अब्दुल मोहयी, अखिलेश सिंह, ऋचा राय, शबनम, वर्तिका कुशवाहा, विपिन कुमार, डी.एन.एस. से रोशन लाल शर्मा, हरिकेश यादव, संजय यादव, गगन चंद्र गौतम, एस0पी0 सिंह, कार्यालय स्टाप उत्कर्ष सिंह, अजय यादव, वीरेंद्र कुमार, सुभाषिनी, अमिता तिवारी, प्रशिक्षु विपिन कुमार कुशवाहा समेत प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### अवैध तरीके से संचालित डायग्नोस्टिक सेन्टर सीज



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव यादव ने गुरूवार को दोपहर नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास संचालित दो डायग्नोस्टिक केन्द्रों पर छापा मारकर सीज कर दिया, निरीक्षण की हनक से अधिकांश डायग्नोस्टिक केन्द्रों के संचालकों में अफरा तफरी का माहौल साफ नजर आया। गौरतलब है कि उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सबसे पहले रूद्रा डायग्नोस्टिक सेन्टर पंहुचे, जहां कागजात मांगे जाने पर संचालक जरूरी दस्तावेज नही दिखा सका। दस्तावेज न मिलने पर अधिकारियों ने रूद्रा डायग्नोस्टिक सेन्टर को सीज कर दिया। वही कुछ दूरी पर स्थित कृष्णा डायग्नोस्टिक सेन्टर पर जांच दल पहुँचा जहां पर संचालक बाहर से ताला बन्द कर फरार हो गया। यह देख अधिकारियों ने उसे भी सीज कर दिया। अधिकारियों ने चेतावनी दिया कि अगर भविष्य में यह केन्द्र खुले मिले तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होगी?।

### महिला थाने में हुई विधवा महिला की शादी



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जहाँ समाज में आज लोग रिस्तों को कोई महत्व नही समझते , ऐसे में समाज की बहुत सी कुरीतियां भी सामने आने लगते हैं, आज इसी कुरीति और समाज के लिए एक नयी पहल पर महिला थाना जौनपुर मे महिला थानाध्यक्ष सरोज सिंह के नेतृत्व में एक विधवा महिला सबिता आदिवासी पंराउगंज और पवन आदिवासी छत्तरपुर आजमगढ़ की शादी प्रतिष्ठित लोग और महिला थाना के सभी स्टॉप के बीच सम्पन्न हुआ। शादी के मौके पर थानाध्यक्ष सरोज सिंह ने मन्त्रोंच्चारण किया अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिँह ने दूल्हा दुल्हन की गाँठ जोड़ा, वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने आशीर्वाद दिया, महिला कांस्टेबल श्रध्दा सिंह ने दुल्हन का श्रृंगार किया।

### श्री गांधी स्मारक पीजी कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। गांधी स्मारक पी.जी.कॉलेज समोधपुर के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू व प्रोफेसर रणजीत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत पंच प्रण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो.रणजीत कुमार पाण्डेय ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को पंच प्रण- 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य, दासता के हर चिन्ह से मुक्ति, अपने विरासत पर गर्वानुभूति, एकता और वीरों के प्रति सम्मान की भावना तथा कर्तव्य बोध की भावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम संयोजक द्वय डॉ अविनाश वर्मा व डॉ अवधेश कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो.अरविंद कुमार सिंह, प्रो.राकेश कुमार यादव,डॉ.लक्ष्मण सिंह,डॉ. नीलमणि सिंह ,वंदना तिवारी ,श्री जितेंद्र सिंह ,श्री विकास कुमार यादव , श्रीमती नीलम सिंह,सत्यप्रकाश सिंह,कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार सिंह ,गंगा प्रसाद सिंह ,राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़ के पानी से नहीं मिल रही राहत मकान की छतों पर बनाया ठिकाना

- एसडीएम ने टीम के साथ पहुंचकर स्थिति का लिया जायजा
- ग्रामीण बोले राहत बचाव कार्य के नाम पर खानापूर्ति

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





पूरनपुर। शारदा नदी का जलस्तर कम न होने से चंदिया हजारा में स्थिति जस की तस बनी हुई है। गांव के एक हजार से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। अधिकांश ग्रामीणों ने पक्के मकान की छतों पर शरण ली है। ग्रामीणों का आरोप है कि राहत बचाव कार्य के नाम पर प्रशासनिक अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार के साथ ट्रैक्टर ट्राली की मदद से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात के बाद शारदा नदी उफान पर है। गुरुवार बनबसा बैराज 76 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से तटवर्ती गांव चंदिया हजारा की हालत और भी दयनीय हो गई। खिरकिया बरगदिया के कॉलोनी नंबर 6 के घरों में चार से पांच फीट पानी भरा हुआ है। घरों में पानी भरा होने से चूल्हे भी नहीं चल पा रहे हैं। खाद्य सामग्री लेने के लिए ग्रामीण नाव का सहारा ले रहे हैं। गुरुवार शाम तक चंदिया हजारा में बाढ़ प्रभावित परिवारों को जलभराव से कोई राहत नहीं मिली। 48 घंटे से घरों में पानी भरा होने से कच्चे घरों के ढहने का खतरा बना हुआ है। बाढ़ प्रभावित परिवार आस-पड़ोस के पक्के घरों की छतों पर शरण ले रहे हैं। अधिकांश परिवार रिश्तेदारों में शरण लिए हुए।शारदा नदी का जलस्तर कम न होने से ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ रही हैं।ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जल स्तर बढ़ने की आशंका को लेकर जागकर रात गुजारनी पड़ रही है।प्रशासन की ओर से कोई भी राहत नहीं मिल पा रही है।

**जल्द कम नहीं हुआ जलस्तर तो बर्बाद हो जाएंगी फसलें**

शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद निकले क्षेत्रफल में खड़ी धन भगाने की फसल पूरी तरह से डूब गई है। 48 घंटे से फसलों पर जल भराव बना हुआ है। किसानों का कहना है कि समय रहते जल भराव से निजात नहीं मिली तो मेहनत कर तैयार की गई धन-धन गाने की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। लगातार बरसात के बाद से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।

> गांव पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात की। जलस्तर कम हो रहा है। जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री मुहैया कराई जा रही है। बाढ की चपेट में आए परिवारों को सुरक्षित ठिकानों पर भेजा जा रहा है।
> -राजेश कुमार
> उप जिलाधिकारी पूरनपुर

**एसडीएम ने ट्रैक्टर ट्राली से पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा**

गुरुवार बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा में पहुंचे उप जिला अधिकारी व नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर ट्राली से पहुंचकर हालातों का जायजा लिया ।बाढ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगह पर शरण दिलाई गई। तहसील प्रशासन की टीम ने ग्राम प्रधान व कोटेदारों को जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री मुहैया कराने के निर्देश दिए।



## रालोद के विधायकों ने ट्रांस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

- ट्रांस क्षेत्र में शारदा नदी पर तटबंध बनवाने की मांग
- किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान, बेरोजगारी से कराया अवगत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से मुलाकात की। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान,बेरोजगारी से अवगत कराया।ट्रांस शारदा क्षेत्र लखीमपुर खीरी में तटबंध बनाने की मुख्य मांग की।उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में पीलीभीत की जिला पंचायत सदस्य रूपेन्दर कौर ने विधायकों को अपना पत्र भेजा था। रालोद के विधायकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।अवगत कराया की ट्रांस हजारा क्षेत्र में शारदा नदी सन् 1990 से लेकर आब तक हजारों एकड़ कृषि भूमि व सैकड़ों गांव की आबादी काट कर अपने आगोश में ले चुकी है। जिससे जनपद के लोगों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है।इन दिनों शारदा नदी ने भयंकर रूप धारण कर लिया है। जिससे कटान लगातार जारी है। वर्ष 2004-05 में तत्कालीन सिचाई मंत्री स्व0 मुन्ना सिंह चौहान ने जनपद पीलीभीत से होकर निकली वाली शारदा नदीं पर तटबंध बनाने के आदेश पारित किये थे। तटबंध के लिए सर्वे कर परियोजना बनी थी। जो बाढ़ आयोग पटना में लंबित थी।सरकार बदलने के बाद योजनाएं ठन्डे बस्ते में पड़ गई। उन्होंने बताया कि पूरनपुर क्षेत्र में पडने वाली शारदा नदी द्वारा ग्राम चंदिया हजारा सहित एक दर्जन गांव में हो रहे भूमि कटान से अवगत कराया रालोद विधायकों ने अवगत कराया कि पीलीभीत की तहसील पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र की सडकों जिसमें (थाना हजारा से लेकर सम्पूर्णानगर तक तथा रामनगर चौराहा से भुरजिनिया होते हुए शास्त्री नगर तक पांच किमी तक)की स्थिति बहुत दयनीय है। रास्तें में बड़े बड़े गडढे हो गए। गढ्ढायुक्त सड़क में गिरकर आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। ट्रांस शारदा क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है।बताया कि बरसात के दिनों में क्षेत्र की जनता को शारदा नदी पर घनाराघाट का पुल न बनने के कारण 200 किमी का सफर तय करके लखीमपुर खीरी व शाहजहांपुर होकर गुजरना पड़ता है। उक्त दोनो मार्ग न बनने के कारण इस क्षेत्र की सवा लाख आबादी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने किसानों, मजदूरों और आम जनमानस के जुड़े मुद्दे को अतिशीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

## रात डूडा कॉलोनी सुबह हरदोई ब्रांच नहर पटरी पर दहाड़ा बाघ

- रात के अंधेरे में सामूहिक रूप से शोरगुल कर बाघ को खदेड़ा
- किसान बोले नहर पटरी पर डेरा जमाए बाघ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

> सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था। बाघ जंगल की ओर वापस लौट गया है। ग्रामीणों को रात्रि के समय घर से बाहर ना निकलने की सलाह दी गई है। टीम मॉनिटरिंग में लगी हुई है।
> -रविन सिंह, रेंजर माला

पूरनपुर। देर रात बाघ जंगल से निकलकर धान के खेतों में चहल कदमी करते हुए एक ग्रामीण के घर के पास पहुंच गया। बाघ को देख परिवार सहम गया। एकत्रित हुए ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शोरगुल कर बाघ को बमुश्किल जंगल की ओर खदेड दिया। गुरुवार सुबह बाघ ने हरदोई ब्रांच नहर की पटरी पर मौजूदगी दर्ज कराई है।रिहायशी इलाके में बाघ की चहलकदमी से लोगों में दहशत बनी हुई है।टीम बाघ की मॉनिटरिंग में लगी हुई है।
घुंघचाई क्षेत्र की डूंडा कॉलोनी पीटीआर की माला रेंज से सटी हुई है। तार फेंसिंग ना होने से अक्सर वन्यजीव जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में पहुंच जाते हैं। बुधवार देर रात जंगल से निकलकर बाघ डूंडा कॉलोनी नंबर 9 निवासी सरवन के घर के पास पहुंचकर दहाड़ने लगा। बाघ की मौजूदगी देख परिवार सहम गया। रात्रि में शोरगुल करने पर आस पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए। सूचना के बाद माला रेंज की घुंघचाई बन चौकी से स्टॉप भी मौके पर पहुंच गया। ग्रामीण वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से शोरगुल कर भाग को देर रात जंगल की ओर खदेड दिया। गुरुवार सुबह बाघ जंगल से निकलकर जमुनिया जगतपुर निवासी बिल्ला सिंह के फार्म के पास धान के खेत में चहलकदमी कर रहा था। किसानों के एकजुट होने पर बाग हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी पर झाड़ियों में जाकर छुप गया। सोमवार सुबह भी बाग जंगल से निकलकर बिल्ला सिंह के फार्म पर पहुंच गया था। इसी इलाके में एक बार विचार करने से लोग डरे हुए। देर शाम तक वन विभाग की टीम बाघ की मानीटरिंग में लगी रही। टीम में वन दरोगा प्रकाश वीर, दुर्गेश कुमार, राम मूर्ति आदि वन कर्मचारी शामिल रहे।




राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम...

## जिलाधिकारी ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला तखान, जनपद पीलीभीत में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा फीता काटकर किया गया।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली के महत्व के बारे में बताया गया एवं उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। जनपद में कुल 1124940 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियों को खिलाए जाने का लक्ष्य राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप राउंड 17 अगस्त 2023 को चलेगा।जिसमें समस्त छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सरकारी, निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों को एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला तखान में कक्षा 05 के छात्र/छात्राओं से हिन्दी की पढ़वाकर देखी एवं कविता सुनी गई और शिक्षा की गुणवत्ता परखी। इस दौरान उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये की शिक्षा में और सुधार लाया जाये तथा समय समय पर स्वयं आकस्मिक निरीक्षण करें। जिससे की छात्र/ छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो सके।



## गंगाजल लेने के लिए कांवड़िया हुए हरिद्वार रवाना

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

न्यूरिया क्षेत्र गांव के शहादतगंज से पंच प्रयाग आश्रम से कांवड़िया गंगाजल लेने के लिए रवाना हरिद्वार रवाना हुए। इस मौके पर कांवड़ियों की खास भीड़ देखी गई जल चढ़ाने को लेकर शिवालयों में भीड़ देखने को मिली। कांवड़ियों को लेकर प्रशासन भी अलर्ट रहा वहीं न्यूरिया थाना के प्रभारी उदयवीर सिंह अपनी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।
इसी बीच पुलिस कर्मी कावड़ियों के जाने वाले रास्ता खाली कराने में व्यस्त दिखे। इस दौरान कई गांव के कांवड़िया इस कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए इस कावड़ यात्रा में वेद प्रकाश, कृष्णपाल, ओम प्रकाश, संजीव कुमार, मनोज कुमार, श्री राम, विजयपाल, नरेंद्र कुमार, शिव कुमार, चंद्रप्रकाश, धर्मपाल, शिव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रसेन, अरुण कुमार, देव कुमार, सुरेश कुमार, शांति स्वरूप, मोहन, छत्रपाल, श्रवण कुमार, ज्ञान प्रकाश, राजेंद्र कुमार, शंकर लाल, विजयपाल, मुकेश कुमार, सुमित कुमार इस कावड़ यात्रा में हरिद्वार से जल लेने के लिए रवाना हुए।

## आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एसएसबी ने आयोजित किया कार्यक्रम

- वॉलीबॉल व टूर्नामेंट का भी किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



हजारा(पूरनपुर)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने कार्यक्रम करते हुए बालीवाल टूर्नामेंट का भी आयोजन किया। शहीदों के आंगन की माटी को नमन किया। 49वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत के कार्यवाहक कमांडेंट अजय बहादुर के नेतृत्व में सीमा चौकी सशस्त्र सीमा बल बसई पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिरीक्षक हेमराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण के साथ कार्यक्रम करते हुए सभी छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को भारत के विकास एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने एवं देश के आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले जवानों और महापुरुषों के प्रति समर्पण भाव रखने सहित अन्य बिंदुओं पर शपथ दिलाई। इसके अलावा एसएसबी की ओर से एसएसबी जवान और ग्रामीणों के मध्य वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया था।इस दौरान उप निरीक्षक सशस्त्र सीमा बल हेमराज सिंह,मुख्य आरक्षी गुरजीत सिंह,ग्राम प्रधान सुनीता देवी, राजनाथ यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं महिला पुरुष आरक्षी गण मौजूद रहे।

## सपा नेता ने कई गांवों में जन पंचायत में लोगों को सपा की गिनायीं कल्याणकारी योजनाएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बीसलपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आज विधानसभा में सेक्टर स्तर पर जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन खांडेपुर, रसयांखानपुर, खनंका उचसिया, रोहनिया, गौहनिया, अकबरगंज सिमरा, चौसरा, बीसलपुर नगर सहित 20 सेक्टरों में किया गया। जन पंचायतों में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री रहते अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के चहुंमुखी विकास कराया यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ रही है और समाजवादी पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रही है। सपा विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने मौजूदा भाजपा सरकार में महिलाओं का उत्पीड़न, बेरोजगारी, महंगाई, व्यापारियों का उत्पीड़न, आवारा पशुओं की समस्या, किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य न मिलना आदि समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, हरिपाल सिंह लोधी, गायत्री गंगवार, यासीन अंसारी, बीडी प्रजापति, पुत्तन फौजी, रामप्रताप गंगवार, दिलीप शुक्ला, शिवनंदन मौर्य, अनिल गंगवार, बंटी शर्मा, उजाला बाबू आदि लोग मौजूद रहे।

## महाकुंभ 2025 की समीक्षा बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



महाकुम्भ 2025 के स्थायी कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से तय समय पर कराए जाने पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन की समन्वय बैठक डीआरएम दफ्तर में तैयारी की समीक्षा हुई। प्रयागराज डिवीजन हिमांशु बदोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मेलाधिकारी कुम्भ मेला विजय किरन आनन्द भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। जनपद के विभिन्न लेवल क्रासिंग पर बनाये जा रहे सेतुओं, रेलवे स्टेशनों के आसपास कराये जा रहे चौड़ीकरण, सौन्दर्यकरण, रेलवे परिसर में रेलवे द्वारा कराये जा रहे विकास तथा अन्य संबंधित अन्तर्विभागीय कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्च की गई। पिछले कुम्भ में आयी भीड़ को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस बार 15 से 20 प्रतिशत ज्यादा श्रद्धालुओं के आगमन की अपेक्षा की जा रही है। सारी व्यवस्था इन आंकडों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। जिला प्रशासन ने रेलवे प्रशासन से प्रयागराज से लखनऊ सुपरफास्ट ट्रेन चलाने तथा प्रयागराज को पर्यटन के सर्किट का रूप देकर मिर्ज़ापुर वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, को जोड़ते हुए एक विशेष ट्रेन चलाने को जरूरी बताया गया। डीआरएम हिमांशु बदोनी ने प्रदेश सरकार से एक औपचारिक प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया। प्रयागराज जनपद के अन्तर्गत आने वाले उत्तर मध्य, उत्तर पूर्व एवं उत्तर रेलवे के परिसरों में जिला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन से सुन्दर कम्युनिटी टायलेट विकसित करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। इससे आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने में आसानी होगी। इन शौचालयों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## मेरी माटी, मेरा देश लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए बिखेरा जलवा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज




आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह में लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का जलवा बिखेरा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में गुरूवार को शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में गुरुवार की शाम गुलजार हो गई। लोक कलाकार उमेश कनौजिया और उनके साथी कलाकारों बेहतरीन प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर वीके सिंह संयोजक लोक पहल प्रांत प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच, समाज शेखर, गुलाम सरवर पांडुलिपि अधिकारी, वीरेश कुमार उपनिदेशक पर्यटन, प्रियंका सिंह चौहान, रागिनी चंद्रा, डॉ अंगद पटेल, रोशन लाल, शुभम कुमार, राजू सिंह सहित संस्कृत विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। संयोजन राकेश कुमार वर्मा ने किया। इसी क्रम में ''मेरी माटी, मेरा देश'' वंदनोत्सव कार्यक्रम के तहत शहीद लाल पद्ममधर की मूर्ति के समीप कलेक्ट्रेट परिसर में सांवरिया लोक रंग मण्डल की वेदानंद विश्वकर्मा एवं उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से देश की आजादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान एवं आजादी के महत्व को दर्शाया गया। इस अवसर पर प्राविधिक सहायक राकेश कुमार वर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# घर में सो रही चार वर्षीय बच्ची पर लाठी से हमला कर उतारा मौत के घाट

## भीख मांग कर गुजर बसर करता है मृतका का परिवार

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

भीख देने से इंकार करने पर की गयी टिप्पड़ी युवक को इतनी नागवार गुजरी की रात उसने भीख मांग कर गुजर बसर करने वाले परिवार के घर पहुंच कर लाठी से हमला बोल दिया। लाठी के प्रहार से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर एएसपी और सीओ ने मौके पर पहुंच कर मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने हत्यारोपी के साथ बाइक से उसे साथ लेकर आए युवक को हिरासम में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर कस्बे के पतारी मोहल्ले की है।

* भीख देने से इंकार पर की गयी टिप्पणी से आहत होकर दिया घटना को अंजाम
* पुलिस ने हत्यारोपी समेत उसके साथी को हिरासत में लिया

बिहार थाना क्षेत्र के भगोलेखेड़ा निवासी सज्जन डोम अपनी पत्नी पूनम और बेटियों गोल्डी (11) व सोनी (4) के साथ भगवंतनगर के पतारी मोहल्ले लाला बाजपेयी के मकान में किराए का कमरा लेकर रहता है।

उसका परिवार भीख मांग कर गुजर बसर करता है। बुधवार शाम भगवंतनगर बस स्टेशन पर पहाड़पुर ग्राम प्रधान शिवकरण सैनी के होटल पर उसका परिवार भीख मांगने पहुंचा था। गोल्डी (11) होटल के काउंटर पर बैठे मनीष यादव से उसने दस रुपये मांगे तो उसने इंकार कर दिया। जिस पर गोल्डी ने उसे कुछ टिप्पड़ी की। उसके साथ रही मां पूनम व सज्जन ने भी मनीष से भला बुरा कहा। जिस पर उसने परिवार को सबक सिखाने का फैसला लिया। रात करीब दस बजे मनीष लालाखेड़ा निवासी साथी दीपक पासवान के साथ बाइक से उनके घर पहुंचा। उसने सो रही बच्ची को गोल्डी समझकर उस पर लाठी से हमला कर दिया और वहां से फरार हो गया। हत्या की सूचना पर एसओ संदीप शुक्ला, चौकी इंचार्ज कमल किशोर दुबे डॉग स्क्रायड और फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच की।


रात में पहुंची पुलिस को घटना की जानकारी देती मृतका की मां व बहन

परिजनों की ओर से दी गयी जानकारी के आधार पर पुलिस ने रात में हत्यारोपी मनीष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही उसके साथी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। गुरूवार को एएसपी शशिशेखर व नवागत सीओ माया राय ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की और पीड़ित पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किए। एएसपी शशिशेखर ने बताया कि बच्ची की हत्या हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हत्यारोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अविनाश मिश्रा ने स्वल्पाहार कार्यक्रम का किया आयोजन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने स्तर पर वोटरों के पास जाकर वोट और सपोर्ट की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर अपनी दावेदारी कर चुके अविनाश मिश्रा के संयोजन में स्वल्पाहार कार्यक्रम का आयोजन लॉयर्स गेट के समीप रखा गया था। कार्यक्रम में सैकड़ों वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ साथ युवा अधिवक्ताओं ने सम्मिलित होकर स्वल्पाहार का आनंद लिया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजीत सोनकर, घनश्याम शर्मा, दिलीप सविता, सरोज सोनकर, अभिषेक तिवारी, अभिषेक मिश्रा सुमत सोनकर आदि शामिल रहे।

### पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** मनोहर नगर निवासी जाल बाबू और अनिल गिहार रिश्तेदार हैं। दोनों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। गुरूवार दोपहर दोनों के बीच लाठी डंडें निकल गई और ईंट पत्थर चलने लगे। जिस पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के लोग इधर उधर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों से कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। उसी को लेकर मारपीट हुई है। घायलों को इलाज के लिये भेजा गया है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नशे की हालत में छत से गिरा युवक, मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मदऊखेड़ा गांव में बीती रात नशे की हालत में छत पर सोने गया युवक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर कर घायल हो गया। परिजन घायल अवस्था में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने गुरूवार शव का पोस्टमार्टम कराया। सदर कोतवाली के गांव मदऊखेड़ा निवासी मुकेश उर्फ छोटू रैदास (27) औद्योगिक क्षेत्र बंथर स्थित एक लेदर फैक्ट्री में काम करता था। बुधवार रात ड्यूटी करने के बाद वह नशे की हालत में घर पहुंचा। खाना खाने के बाद छत पर सोने के लिए चला गया। वहां संतुलन बिगड़ने से वह नीचे आ गिरा। यह देख परिजनों के होश उड़ गए आनन फानन में घायल मुकेश को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मुकेश का विवाह चार माह पहले ही हुआ था। पत्नी मालती गर्भवती है। मृतक पांच भाईयों में चौथे नंबर का था। उसकी मौत पर पत्नी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि नशे की हालत में छत से गिरने से युवक की मौत हुई है। अस्पताल के मेमों पर पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### खेत जा रही महिला से दो युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** मौरावां थाना क्षेत्र में बीती देर शाम खेत जा रही महिला को दो युवकों ने रास्ते में दबोच लिया। उसे जबरन झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ मुंह काला किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। मौरावां थाना क्षेत्र के एक गांव रहने वाली अनुसूचित जाति की चौंतीस वर्षीया महिला बुधवार देर शाम अपने खेतों पर जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पिछड़ी जाति के दो युवकों संतोषी व भंवरेश्वर ने उसे रास्ते में रोक लिया। इसके बाद उसे झाडियां में खींचने के बाद उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर बारी बारी से दोनों ने दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों वहां से फरार हो गए। घर पहुंच कर महिला ने आप बीती बताई। थाने पहुंचने पर पुलिस ने रात में ही पीड़िता का मेडिकल कराया। तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ गैंग रेफ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओ मौरावां भवन सिंह मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** बुधवार को उ0नि0 रणजीत सिंह, हे0का0 रवीशंकर शर्मा, का0 अजय चौहान बैराज मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी बछड़ा सुल्तानपुर काली माता चौराहा बेनीगंज चौराहा थाना कोतवाली जिला फैजाबाद व हाल पता गोताखोर निवासी मो0 अल्ताफ पुत्र नूरआलम पुलिस को देख भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से पुलिस ने 12 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके साथ ही बाइक भी चोरी की बताई। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बुधवार देर रात कोहना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में बनी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। फायर कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। शहर के कोहना थाना क्षेत्र के मग्घनपुरवा गांव के सरकारी स्कूल वाली गली से 100 मीटर की दूर बनी एक झोपड़ी में आग लग गई। सूचना के बाद पहुंची कर्नलगंज फायर स्टेशन दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

# सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो सवार चाचा-भतीजे हुए घायल

**जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव**

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर ऑटो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार किसान चाचा-भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल चाचा-भतीजे को 108 एम्बुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने भतीजे को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना दही क्षेत्र के बिसुनपुर लइहा गांव निवासी किसान हरिपाल सिंह पुत्र रघुराज उम्र 70 वर्ष गुरुवार दोपहर अपने भतीजे अजीत पुत्र कृष्ण बहादुर 30 वर्ष के साथ ऑटो से बचत खाता खुलवाने के लिए अजगैन स्थित पोस्ट ऑफिस जा रहा था। इस दौरान कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर जगदीशपुर मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक ने अजीत को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# किसानों को वितरित करने के लिए आयी बीज की 43 बोरियां एक घर से बरामद

**जन एक्सप्रेस। हसनगंज, उन्नाव**

राजकीय बीज भंडार में किसानों में वितरण को आए बीज की 43 बोरियां एक घर से बरामद हुई। किसानों की सूचना पर नायब तहसीलदार की छापेमारी में बरामद बोरियों को सीज कर प्रभारी के सुपुर्द करते हुए जांच रिपोर्ट जिला कृषि अधिकारी को भेज दी गयी है।

बता दें कि स्थानीय कस्बे के बाहर राजकीय कृषि बीज भंडार है। किसानों को वितरण करने के लिए भंडार में मूंग, उर्द, सरसो, धान, मूंगफली के बीज व कीट नाशक आए थे। इनमें से 43 बोरी बीज क्षेत्र के ही बदबदाखेड़ा गांव के बाहर मउहा चौराहा के पास शरीफ पुत्र मुन्ना के घर में रखी होनी की जानकारी ग्रामीणों ने एसडीएम को दे दी। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने छापेमारी की। जहां उन्हें उक्त घर में बीज की 43 बोरियां बरामद हुई।



बरामद की गई सभी बीज की बोरियों को सीज कर कृषि रक्षा इकाई प्रभारी साहब लाल के सुपुर्द करते हुए जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी गयी। कृषि रक्षा इकाई प्रभारी साहब लाल ने बताया कि भवन जर्जर होने की वजह से बीज बारिश में भीग जाता है। उसके बचाव के लिए उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया था। जितनी बीज की बोरियां रखी गई थी वह सभी बोरिया मौके पर मिली है। एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया कि छापेमारी के दौरान 43 बीज की बोरिया मिली है।

* ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार ने की थी छापेमारी

जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएगें उसकी आधार पर रिपोर्ट तैयार कर जिला कृषि अधिकारी को भेजी जाएगी।

# किसानों ने सड़क खोद कर बना दिया नाला

**जन एक्सप्रेस। चौबेपुर**

क्षेत्र के एक गांव में नाली ना होने के कारण जल भराव की समस्या लोगों के लिए सर दर्द बन गईं हैं ज़ब घरो के अंदर पानी भरने लगा तब ग्रामीणों ने स्वम् ही पानी की निकासी हेतु सड़क को खोद कर पानी निकले की रास्ता बना दी हैं।

जहा प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तरह तरह की योजनाये लागू कर रही हैं जिससे सभी ग्रामीण क्षेत्र भी विकसित हो सके और ग्रामीणों को हर सुविधा मिल सके लेकिन कई गांवो में जिम्मेदारो की भेदभाव नीति के चलते आज भी पानी निकासी के लिए नालिया तक नहीं हैं जिससे पानी जमा होने के बाद बुरी तरह सड़ान्ध मारता हैं साथ ही जमा पानी मे पनपने वाले मच्छर तरह तरह की



बीमारिया फैला रहे हैं व लोगो को डॉक्टर के यहाँ के चककर लगाने पड़ जाते हैं ऐसा ही कुछ देखने को मिला चौबेपुर के राजारामपुर गांव में जहा गांव के पीछे के हिस्से मे पानी निकासी के लिए नाली का नामोनिशान तक नहीं हैं जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की लेकिन फिर भी आज तक पानी निकासी के लिए कोई नाली तक नहीं बनवाई गईं जिसके चलते वहा के निवासी नारकिये जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं वही ज़ब पानी लोगो के घरो व गलियों मे भरने लगा तो मजबूरन वहा के लोगो को पानी निकासी के लिए डाम्बर रोड को खोद कर पानी निकासी की रास्ता बनानी पड़ी जिससे रोड पर एक खंदी जैसी बन गईं हैं और वहा से गुजरने वालो के लिए मानो काल का रूप ले चुकी हैं यह सड़क अब सवाल यह उठता हैं कि आखिर क्यों ग्राम प्रधान या अन्य जिम्मेदारो ने इस समस्या पर ध्यान क्यों नहीं दिया जिससे ग्रामीणों को यह कदम उठाना पड़ा आखिर इसका जिम्मेदार कौन हैं ?

# तीमारदार महिलाओं में मारपीट से वार्ड में मची अफरा-तफरी

## कूलर अपनी ओर घुमाने को लेकर कहासुनी

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

जिला अस्पताल के वार्ड नंबर एक में गुरूवार दोपहर उस समय अफरा तफरी मच गयी जब दो मरीजों के तीमारदार कूलर अपनी तरफ घुमाने को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल चौकी लाई जहां आपस में सुलह समझौता करा दिया गया।

माखी थाना क्षेत्र के पटियारा गावं निवासी गिरीश (35) पुत्र जमुना जिला अस्पताल के वार्ड नंबर एक के बेड नंबर तीन पर भर्ती है। उनके बगल में बेड नंबर चार पर सदर कोवताली क्षेत्र के चौरा गांव नन्हकई पत्नी राम आसरे भर्ती हैं। गुरूवार दोपहर कूलर अपनी ओर घुमाने को लेकर नन्हकई की बेटी माया पत्नी राहुल निवासी ब्रह्मनगर शुक्लागंज व गिरीश की पत्नी मानसी से कहासुनी हुई। बात इतनी बढ़ी की गाली गलौज के बाद हाथापाई होने लगी। मानसी ने अपनी भाभी रीमा पत्नी विशाल के साथ मिलकर माया की धुनाई कर दी। महिलाओं के बीच मार होती देख पूरे वार्ड में अफरा तफरी मच गयी। स्टाफ नर्स की सूचना पर जिला अस्पताल चौकी के सिपाही मौके पर पहुंचे और मारपीट कर रही महिलाओं को चौकी ले आए। जहां बाद में दोनों पक्षों में सुलह हो गयी।

# शिवराजपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर छात्र को पीटा

## परिवारी जन थाने थाने फरियाद लेकर घूमते रहे किसी ने नहीं सुनी

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीसीए तृतीय वर्ष का छात्र प्रतिदिन ट्रेन से कॉलेज जाना और अपने घर बिल्हौर वापस आना रहता है गुरुवार को बीसीए के छात्र 11ः15 पर कल्याणपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में बैठा एक्सप्रेस ट्रेन जब शिवराजपुर पहुंचकर रुकी तब तक एक दर्जन लड़के और उस डिब्बे में युवांक पुत्र जयशंकर निवासी आशिक बाग बिल्हौर से उन्होंने पूछा कि मसाला खाकर मेरे ऊपर थूका उसने कहा मेरे दांत देख लो मैं मसाला खाता ही नहीं हूं इसी बात पर शिवराजपुर रेलवे स्टेशन पर लड़कों ने युवाक शुक़्ला छात्र को नीचे उतार लिया और पटक पटक कर बहुत बुरी तरह से पीटा एक्सप्रेस ट्रेन में भी जीआरपी नदारत रहती है 10 मिनट तक स्टेशन पर नंगा नाच होता रहा लेकिन किसी ने नहीं उसको बचाया। किसी तरह अपने जब घर पहुंचा मां बाप को आपबीती बताई जिससे गुस्साए परिजनों ने बिल्हौर कोतवाली



पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया जिस पर वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने शिवराजपुर थाने का मामला होने का बताकर शिवराजपुर जाने को कहा परिवारी जन एसीपी कार्यालय पहुंचे वहां पर भी यही जवाब मिला पीड़ित अपने बेटे को लेकर शिवराजपुर थाने पहुंचते हैं वहां पर भी थाने में पुलिस ने बताया यह मामला जीआरपी कन्नौज का है आप वहां जाकर प्रार्थना पत्र इसके बाद थक हारकर परिवारीजन अपने बच्चे का इलाज करा कर घर पर बैठ गए हैं उन्होंने बताया कि आखिरकार हम कहां जाएं कोई नहीं सुनने वाला है जानवरों की तरह से बेटे को पीटा है हमारे बेटे का कोई दोष होता तो कोई बात नहीं थी । सूत्रों की माने तो शिवराजपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में विवाद होता रहता है कभी सीट को लेकर के कभी अपनी और अपने ग्रुप को मैं अपने आप का वर्चस्व दिखाने के लिए सीधे साधे विद्यार्थियों और यात्रियों पर कहर बनकर टूट पड़ते हैं सीट पर बैठने को लेकर तो प्रदीप विवाद होता रहता है आखिरकार पुलिस फर्रुखाबाद से कन्नौज और शिवराजपुर तक यात्रियों से टिकट भी चेक करते हैं और अगर कोई कोई यात्री कालिंदी एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास में बैठ गया है तो उससे पैसे भी वसूली करते है आखिरकार आरपीएफ और जीआरपी पुलिस बर्राजपुर रेलवे स्टेशन आते ही कहां गायब हो जाती है कोई घटना दुर्घटना होती है वह लोग नजर नहीं आते हैं। बिल्हौर कस्बा निवासी भाजपा के अधिवक्ता जेपी कटियार रेलवे बोर्ड के परामर्शदात्री के सदस्य हैं उन्होंने बताया कि यह मामला गंभीर है यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित है इस पर उच्च अधिकारियों से बात करेंगे आये दिन घटनाएं घटती रहती हैं सुरक्षा अधिकारी कोई कठोर कदम नहीं उठा रहे हैं जिससे विवाद करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

# 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के तहत पालिका चेयरमैन ने निकाली प्रभात फेरी

## मुख्य अतिथि सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाई


प्रभात फेरी में शामिल सदर विधायक पंकज गुप्ता, चेयरमैन स्वेता मिश्रा, प्रतिनिधि भानू मिश्र व अन्य।

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहर में नगर पालिका चेयरमैन की अगुवाई में प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सभी सभासदों के साथ पालिका कर्मियों व स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

बता दें कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा था। जिसका आगामी स्वतंत्रता दिवस पर समापन होना है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देश भर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को नगर पालिका चेयर मैन स्वेता मिश्रा के नेतृत्व में पालिका परिक्षेत्र में प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में पालिका के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व सभासदों के अलावा स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। पालिका गेट से शुरू होकर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस पालिका पहुंच कर संपन्न हुई। यात्रा के समापन पर देश की आजादी में अपने प्राणों को बलिदान करने वाले समस्त वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानु, अधिशाषी अधिकारी ओम प्रकाश व सभासद मोनू दीक्षित, सुशील तिवारी, गुड्डा, सर्वेश गुप्ता, मीरा देवी, किरण, उमेंद्र के अलावा पालिका के सभी कर्मचारी मौजूद रहें।

# कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

## मारपीट और शांति भंग की धाराओं में की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

अचलगंज के कुशलपुर में निर्धारित मूल्य से अधिक में शराब बेचने के मामले में कुल्हाड़ी से वार कर लहूलुहान कर युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पर मारपीट व शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। बता दें कि अचलगंज थाना क्षेत्र के वसैना के मजरा कुशलपुर निवासी रामखेलावन ठेके की शराब लाकर बीस रुपये अधिक पर घर से बेंचता है। मंगलवार दोपहर गांव का गंगाराम रामखेलावन के पास शराब खरीदने पहुंचा था। जहां 20 रुपये अधिक लेने की बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। गंगाराम के रामखेलावन के थप्पड़ मार दिया। जिससे गुस्साए राम खेलावन ने वहीं रखी कुल्हाड़ी से गंगाराम के सिर व गर्दन पर वार कर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने इसे आपसी विवाद बताते हुए मारपीट की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### पारिवारिक कलह के चलते महिला ने फांसी लगा दी जान

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** मरहला चौराहा स्थित शिव नगर निवासी वीरेन्द्र शर्मा की पत्नी उर्मिला (40) ने गुरूवार दोपहर पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगा ली। कुछ देर बाद उसका बेटा कमरे में पहुंचा। जहां शव फंदे पर लटका देखा। जिस पर वह दहाड़े मारकर रोने लगा। चीख पुकार सुन आस पास के लोग एकत्र हो गई। फांसी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं उर्मिला की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव**

बुधवार रात जाजमऊ चौकी क्षेत्र के दीपक नगर निवासी प्रमोद कुमार लोधी बुधवार को पत्नी शारदा देवी (39) व बेटी खुशबू के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे, तभी जाजमऊ चौकी के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे शारदा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटी और पति गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद शव का पंचनामा भर पीएम के लिये भेजा है। वहीं घायलों को इलाज के लिये भेजा है। मृतक के पति ने गुरूवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# महिला की हालत बिगड़ी तो नर्सिंग होम ने बाहर निकाला

## पति ने सीएमओ दफ्तर पहुंच कर की शिकायत, दो दिन पहले हुआ था आपरेशन






**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

शहर में फैले निजी नर्सिंग होमों के साथ स्वास्थ्य विभाग के चूहे बिल्ली का खेल मरीजों की जान के लिए बड़ा जोखिम बन रहा है। बीते दिन कार्रवाई के बाद फिर से गुलजार हुए एक नर्सिंग होम से जुड़ी ऐसी ही शिकायत सीएमओ आफिस पहुंची। जिसमें शिकायतकर्ता ने दो दिन पूर्व बच्चेदानी का आपरेशन के करने के बाद गुरूवार महिला को गंभीर बता कर अस्पताल से निकाल देने का आरोप लगाया है। सीएमओ ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन पीड़ित को दिया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा मोहाल ओसिया निवासी गंगासागर ने सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बीती आठ अगस्त को उसने शहर के गदनखेड़ा बाईपास स्थित आराधना हास्पिटल में पत्नी की बच्चेदानी का आपरेशन कराया था। गुरूवार को पत्नी हालत बहुत बिगड़ जाने पर नर्सिंग होम के लोगों ने इलाज करने से हाथ खड़े करते हुए उसे बाहर निकाल दिया। पत्नी को उपचार के लिए कानपुर ले गया जहां इलाज का खर्चा अत्यधिक है। उसने मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। जिस पर सीएमओ ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वसन दिया है। बता दें कि दो माह पूर्व में इलाज के दौरान हुई मरीज की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच में मानकों की अनदेखी का हवाला देते हुए इसी नर्सिंग होम को सील कर दिया था। हलांकि बाद से विभाग से सेटिंग गेटिंग कर अस्पताल को क्लीन चिट मिल गयी।

## सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र राहुल पुत्र शिवरतन लाल व पुत्रवधू मोनी पत्नी राहुल के चालोचलन व कार्य व्यवहार हमारे परिवार के किसी भी सदस्य के प्रति सही नहीं है आए दिन झगड़ा फसाद करते रहते हैं आए दिन के विवाद से परेशान होकर मैंने अपने पुत्र और पुत्रवधू से संबंध विच्छेद कर लिया है उनके द्वारा किए हुए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं है

**- शिवरतनलाल**
**पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल**
**व उर्मिला पत्नी शिवरतनलाल**
**निवासीगण ग्राम हरीगंज खंड**
**पोस्ट ऑकिन थाना व**
**तहसील बिल्हौर**
**जिला कानपुर नगर**

## खुशखबरी! आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव, रेपो रेट 6.50 पर स्थिर

# ‘भारत बना दुनिया का नया ग्रोथ इंजन’

### लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी: लगातार तीसरी बार रेपो रेट 6.50%, महंगाई अनुमान बढ़ाकर 5.4% किया

- आरबीआई ने लगातार तीसरी बार रेपो रेट 6.50 फीसदी पर रखा बरकरार
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लोगों को बड़ी राहत दी गई है
- मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक आठ अगस्त को शुरू हुई थी
- शक्तिकांत दास ने कहा कि कॉरपोरेट सेक्टर की बैलेंस शीट मजबूत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद नीतिगत निर्णय की घोषणा कर दी गई है। आरबीआई ने एमपीसी की बैठक के बाद एक बार फिर रेपो रेट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। आरबीआई ने गुरुवार को लोगों को बड़ी राहत देते हुए रेपो रेट को स्थिर रखा है। आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यानी रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार है। जैसा की पहले से अनुमान लगाया जा रहा था आरबीआई ने रेपो रेट को स्थिर रख सकता है, ऐलान भी उसी तरह से हुआ है।

#### 8 अगस्त से शुरू हुई थी बैठक

बता दें कि आरबीआई की मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक आठ अगस्त को शुरू हुई थी। यह बैठक 10 अगस्त तक चली। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसमें लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी है। हाल में देश में खानेपीने की चीजों के दामों में काफी तेजी आई है। माना जा रहा है था कि महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई लगातार तीसरी बार नीतिगत दरों को यथावत रख सकता है।

#### पहले से लगाया जा रहा था अनुमान

- ब्लूमबर्ग के एक सर्वे में सभी 42 इकनॉमिस्ट्स ने भी इस बात का अनुमान लगाया था कि आरबीआई की छह सदस्यीय एमपीसी रेपो रेट को 6.50 परसेंट पर बनाए रख सकती है। बता दें कि जून में खुदरा महंगाई 4.81 परसेंट रही जो इसका तीन महीने का उच्चतम स्तर है। हाल में चावल और गेहूं के साथ-साथ सब्जियों की कीमत में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। माना जा रहा है कि जुलाई में महंगाई की दर आरबीआई के टारगेट रेंज से ऊपर पहुंच गई है।

#### नहीं मिली राहत


- आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इससे ऐसे लोगों को राहत नहीं मिली है जो ईएमआई में राहत की उम्मीद लगाए हुए थे। बता दें कि पिछले साल मई से रेपो रेट में 2.5 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। इससे सभी तरह के लोन महंगे हो गए हैं। लोग काफी समय से लोन सस्ता होने की उम्मीद लगाए हुए थे। लेकिन फिलहाल उन्हें राहत नहीं मिली है। आरबीआई ने देश में बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए मई 2022 के बाद से रेपो रेट को कई बार बढ़ाया है। इसके चलते नीतिगत दर रेपो फरवरी 2023 में 6.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। इसके बाद आरबीआई ने अप्रैल और जून में इसे यथावत रखा था।

#### कॉरपोरेट सेक्टर की बैलेंस शीट मजबूत

- आरबीआई गवर्नर ने देश के कॉरपोरेट सेक्टर की स्थिति को भी बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट सेक्टर की बैलेंस शीट मजबूत है और कंपनियों की लाभप्रदता बढ़ रही है। विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में दास ने कहा कि यह बाहरी खतरों से निपटने में पूरी तरह समर्थ है। उन्होंने कहा कि मैक्रो फाइनेंशियल स्टेबिलिटी को बढ़ाने के कदम उठाए जा रहे हैं।

#### भारत दुनिया का नया ग्रोथ इंजन

- आरबीआई गवर्नर ने कहा कि लार्ज इकॉनमी घरेलू डिमांड में तेजी के चलते बेहतर बनी हुई है। शक्तिकांत दास ने अपने स्टेटमेंट में कहा कि भारत दुनिया का नया ग्रोथ इंजन बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख महंगाई दर पिछले कुछ महीनों में सब्जियों के दाम में तेजी आने के चलते बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ग्लोबल फूड कीमतों पर नजर बनाए हुए है। आरबीआई ने अब तक रेपो रेट में 250 आधार अंक या 2.5 फीसदी की बढ़ोतरी की है।



#### पिछले वित्त वर्ष में रेपो रेट 6 बार में 2.50 प्रतिशत बढ़ी

- मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। पिछले वित्त वर्ष-2022-23 की पहली मीटिंग अप्रैल-2022 में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4 प्रतिशत पर स्थिर रखा था, लेकिन आरबीआई ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया था।
- 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40 प्रतिशत से बढ़कर 4.90 प्रतिशत हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50 प्रतिशत बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40 प्रतिशत पर पहुंच गई।
- सितंबर में ब्याज दरें 5.90 प्रतिशत हो गई। फिर दिसंबर में ब्याज दरें 6.25 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके बाद वित्त वर्ष 2022-23 की आखिरी मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग फरवरी में हुई, जिसमें ब्याज दरें 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दी गई थीं।

#### इस साल 6.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान

आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 2024 के लिए रियल जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी पर बरकार रखा गया है। अप्रैल से जून तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान भी 8.0 पर बरकरार रखा गया है। वहीं, जुलाई-सितंबर 2023 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी है। इसके बाद तीसरी तिमाही यानी अक्टूबर- दिसंबर 2023 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.0 फीसदी है। चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 5.7 फीसदी है। इसके बाद अप्रैल से जून 2023 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.6 फीसदी रखा गया है।

## वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, वैश्विक विकास दर 2023 में 2.1 फीसदी पर आ जाएगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ‘हमने बैंकिंग सेक्टर को बेहतर करने के लिए कई कदम उठाए हैं। बैंक अब राजनीतिक हस्तक्षेप के बिना काम कर रहे हैं। बैंकों में फैलाया यूपीए का रायता हम साफ कर रहे हैं।’ उन्होंने कहा कि 2013 में मॉर्गन स्टेनली ने भारत को दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल किया था। आज उसी मॉर्गन स्टेनली ने भारत को अपग्रेड किया और हाई रेटिंग दी है। 9 सालों में हमारी सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था ऊपर उठी और आर्थिक विकास हुआ। आज, हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं।



#### देश के सभी पब्लिक सेक्टर बैंक अच्छा परफॉर्म कर रहे

वित्त मंत्री ने कहा, यूपीए के समय बैंकों की हालत बेहद खराब थी, फंसे हुए कर्ज को लेकर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे थे। बीते 9 साल में बैंकों की सेहत में सुधार हुआ है और बदले हुए हालात सबके सामने हैं। आज देश के सभी पब्लिक सेक्टर के बैंक मुनाफे में हैं। पब्लिक सेक्टर बैंक रिकॉर्ड 1 लाख करोड़ से ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं। देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई सबसे प्रॉफिटेबल बैंक बना है। इसका नेट प्रॉफिट अप्रैल-जून तिमाही में 18,537 करोड़ रुपए रहा है। बैंक आज पिलर ऑफ जनकल्याण बन गए हैं। आज बैंक प्रोफेशनली मैनेज हो रहे हैं।

#### डीबीटी ने दुनिया के लिए उदाहरण स्थापित किया

हमारी डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर, यानी डीबीटी स्टोरी ने बाकी दुनिया के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। यूपीए ने 2013-14 में केवल 7,367 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। उस अमाउंट से 2014-15 तक ही डीबीटी ट्रांसफर 5 गुना बढ़ गया है। पिछले वित्त वर्ष में हमने डीबीटी के माध्यम से 7.16 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए हैं।

#### 2014 से पीएम मोदी ने देश की आर्थिक पॉलिसी में किया सुधार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि 2014 से पीएम मोदी ने हमारी पॉलिसी को इतना सुधारा कि जिसकी वजह से कोविड संकट को पार करते हुए भी रिकवरी के रास्ते में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। जनधन योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, आयुष्मान भारत, जन औषधि केंद्र ऐसी योजनाओं से सबको फायदा पहुंचाने का काम हुआ है। छह दशकों से हम सुन रहे थे गरीबी हटाओ, लेकिन ऐसा हुआ क्या? अब आप साफ देख पा रहे हैं कि गरीबी कैसे हटा रहे हैं।

#### ‘बनेगा, मिलेगा’ जैसे शब्द अब प्रचलन में नहीं

वित्त मंत्री ने कहा, ‘बनेगा, मिलेगा’ जैसे शब्द अब प्रचलन में नहीं हैं। आजकल लोग बन गए, मिल गए का उपयोग करते हैं। बिजली आएगी... अब बिजली आ गई, गैस कनेक्शन मिलेगा.. अब गैस कनेक्शन मिल गया, एयरपोर्ट बनेगा... अब एयरपोर्ट बन गया। उन्होंने कहा, परिवर्तन वास्तविक डिलीवरी के माध्यम से आता है, न कि बोले गए शब्दों के माध्यम से।

#### नौ साल में 9884 जन औषधि केंद्र खोले गए

वित्त मंत्री ने बताया कि 2014 में देश में 80 केंद्र थे, लेकिन बीते 9 साल में 9,884 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। वहीं अन्य सेक्टर्स का डेटा बताते हुए उन्होंने कहा कि कैपिटल एक्सपेंडिचर साल 2014 में 3.92 लाख करोड़ से बढ़कर अब 10.9 लाख करोड़ हो गया है। यूपीए कार्यकाल की तुलना में एग्रीकल्चर का बजट करीब पांच गुना बढ़कर 1 लाख 25 हजार करोड़ हो चुका है। साल 2014 में देश में 74 एयरपोर्ट थे, लेकिन अब ये आंकड़ा 148 तक पहुंच गया है।

#### ग्लोबल रैंकिंग में 10 से 5वें नंबर पर पहुंचे

वित्त मंत्री ने कहा कि दुनिया में विकास दर 3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आज दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है और ब्रिटेन-जर्मनी जैसे देश भी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। यूरोप भी आर्थिक संकट में है, लेकिन भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। साल 2014 में भारत ग्लोबल में 10वें पायदान पर था, लेकिन आज ये तेज रफ्तार के साथ 5वें नंबर पर आ गया है।

#### भारतीय बाजार में होने वाली है लंबी तेजी की शुरुआत

हाल ही में मॉर्गन स्टेनली ने भारत के बाजार पर अपने आउटलुक को बढ़ाकर ओवरवेट किया था, जबकि चीन पर आउटलुक डाउनग्रेड कर इक्वलवेट कर दिया था। स्टेनली का मानना है कि भारत में लंबी तेजी की शुरुआत होने वाली है, जबकि चीन की तेजी खत्म होने के करीब है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा भारत का भविष्य काफी हद तक चीन के अतीत जैसा दिखता है। ऐसा लगता है कि दशक के अंत में चीन का जीडीपी ग्रोथ रेट भारत के 6.5प्रतिशत की तुलना में लगभग 3.9 प्रतिशत रहेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री पोनमुडी के खिलाफ नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। मद्रास हाईकोर्ट ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर स्वत: संज्ञान लिया है और इस फैसले पर फिर से विचार करने का निर्णय किया है। वेल्लोर कोर्ट ने 28 जून मंत्री पोनमुडी और उनकी पत्नी को बरी कर दिया था। उच्च शिक्षा मंत्री पोनमुडी पर 2006 में डीवीएसी ने मामला दर्ज करवाया था। न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश गुरुवार, 10 अगस्त, 2023 को पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करने वाले हैं। न्यायाधीश ने कहा, रजिस्ट्री को इस आदेश की एक प्रति मुख्य न्यायाधीश के समक्ष जानकारी के लिए रखने का निर्देश दिया गया है। सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने मंत्री पोनमुडी के गृह जिले विल्लुपुरम की एक अदालत के समक्ष मंत्री पर मुकदमा चलाया था लेकिन बाद में इसे वेल्लोर स्थानांतरित कर दिया गया था। अभियोजन पक्ष का मामला यह था कि द्रमुक नेता पोनमुडी ने 1996 और 2001 के बीच मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपने और अपनी पत्नी के नाम पर 1.4 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी।

### मणिपुर में मैतेई महिला से 3 मई को गैंगरेप

**पीड़ित बोली, उपद्रवियों ने मेरा घर फूंका, बलात्कार किया**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। मणिपुर के चुराचांदपुर की एक मैतेई महिला ने कुकी समुदाय के लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया- 3 मई को उपद्रवियों ने उसके घर में आग लगा दी थी। वह अपने दो बेटों, भतीजी और भाभी के साथ जान बचाने के लिए भागी, लेकिन भीड़ ने उसे पकड़ लिया। गालियां दीं, मारपीट की। मैंने विरोध किया तो जमीन पर पटककर गैंगरेप किया। गैंगरेप के बाद किसी तरह मैं अपनी जान बचाकर राहत कैंप पहुंची। घटना के बाद से वह कैंप में ही रह रही थी। महिला ने बताया कि समाज के डर से मैंने अब तक अपने साथ हुई हैवानियत के बारे में किसी से बात नहीं की। लेकिन जब मैंने देखा कि महिलाएं उनपर हुए अत्याचार पर बात कर रही हैं तो मुझमें हिम्मत आई। बुधवार (9 अगस्त) को महिला ने बिष्णुपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई। उसकी उम्र 37 साल है।


### उत्तराखंड में भारी बारिश, 9 लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश की वजह से 9 लोगों की जान चली गई और 12 लोग घायल हो गए। ऋषिकेश-हल्द्वानी में 31 सेंटीमीटर बारिश हुई। ऋषिकेश के धलवाला और खारा इलाके में भी तेज बारिश हुई। एसडीआरएफ ने यहां से देर रात 50 लोगों को रेस्क्यू किया। हल्द्वानी में पानी में फंसे 150 लोगों को बचाया गया। राज्य के नैनीताल, चंपावत, उधम सिंह नगर और पौड़ी जिले में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। उधर, हिमाचल में 24 जून से अब तक करीब 223 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 295 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 800 घर पूरी तरह से खत्म हो गए और 7500 घर जर्जर हैं। इधर, दिल्ली में बाढ़ के मामले में हरियाणा सीएम मनोहर लाल खट्टर ने चीफ इंजीनियर संदीप तनेजा को सस्पेंड कर दिया है। संदीप पर आरोप है कि उन्होंने आईटीओ यमुना बैराज के 4 गेट नहीं खोले थे, जिस वजह से दिल्ली में बाढ़ आई थी।

### राज्यसभा में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को रेगुलेट करने से जुड़ा बिल पेश किया। बिल के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और कैबिनेट का मंत्री शामिल होंगे। राज्यसभा में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। विपक्षी दलों ने कहा, सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में एक आदेश में कहा था कि सीईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और विपक्ष के नेता की सलाह पर राष्ट्रपति करें। उधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा, इस बिल के जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट का एक और फैसला पलटने जा रही है। केजरीवाल ने 2 तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें पहले में सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर है, जिसमें मार्च 2023 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र है। वहीं, दूसरी तस्वीर में एक दस्तावेज है, जिसमें लिखा है कि सीईसी की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और पीएम की ओर से नॉमिनेटेड केंद्रीय मंत्री राष्ट्रपति को सलाह दें, जिसके बाद राष्ट्रपति नियुक्ति का आदेश दें।

## कर्नाटक: सरकार ने सिद्धारमैया और शिवकुमार पर दर्ज नौ मामले लिए वापस, कोरोना नियमों के उल्लघंन के थे आरोप



#### क्या है मेकेदातु परियोजना

कावेरी नदी जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में विवाद है। मेकेदातु परियोजना के तहत कर्नाटक सरकार रामनगर जिले के कनकपुरा में एक संतुलन जलाशय का निर्माण कराने की योजना बना रही है। इस परियोजना से बेंगलुरु और पड़ोसी क्षेत्रों को पीने का पानी मिल सकेगा और 400 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी होगा। हालांकि तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है और उनका कहना है कि इस परियोजना से उनके राज्य में आने वाले पानी का प्रवाह रुक जाएगा या बाधित हो जाएगा। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। इसी परियोजना को लागू करने की मांग करते हुए कांग्रेस नेताओं ने पदयात्रा की थी, जिसके चलते उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरू

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने दोनों नेताओं के खिलाफ दर्ज कोविड 19 नियम उल्लंघन के मामले को वापस ले लिया है। बता दें कि सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ साल 2022 में कर्नाटक एपिडेमिक डिजीज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मामला कोरोना पाबंदियों के उल्लंघन के चलते दर्ज किया गया था। कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज नौ आपराधिक मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। यह मेकेदातु आंदोलन, कोरोना नियमों और धारा 144 के उल्लंघन और अन्य से संबंधित है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कांग्रेस विधायक अशोक पट्टन के आवेदन के आधार पर लिया गया है, जो विधानसभा में सरकार के मुख्य सचेतक भी हैं। बता दें कि जनवरी 2022 में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार समेत कई कांग्रेस नेताओं ने मेकेदातु बांध परियोजना को लागू करने की मांग के लिए पदयात्रा आयोजित की थी। उस समय पूरे देश में कोरोना महामारी के चलते पाबंदियां लागू थीं, जिसके चलते कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कर्नाटक एपिडेमिक डिजीज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ रामनगर निवासी विजय कुमार तहसीलदार नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसके खिलाफ 13 याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट का रुख किया था और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दर्ज केस को खारिज करने की मांग की थी।

## लेदर फुटवियर को जीआई टैग मिलने पर हुआ एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर का सम्मान

- सम्मान पाकर बोले एफमेक अध्यक्ष, हमारा सपना है जूता निर्माण में आगरा बने दुनिया की ग्लोबल फैक्ट्री
- पूरन डावर के नेतृत्व में एफमेक द्वारा साल 2020 में किया गया था बौद्धिक सम्पदा अधिकार के लिए आवेदन



एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर को सम्मानित करते एफएएफएम अध्यक्ष कुलदीप कोहली साथ में संचित मुंजाल, नकुल मनचंदा एवं रोमी मगन।

जन एक्सप्रेस । आगरा

बौद्धिक सम्पदा अधिकार (जीआई) में आगरा के लेदर फुटवियर को शामिल किये जाने पर एफएएफएम-फ्रेटर्निटी ऑफ आगरा फुटवियर मैन्यूफैक्चर्स द्वारा एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर और उनकी टीम को उनके अथक प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर को जूता इंडस्ट्री का लीडर बताते हुए एफएएफएम कुलदीप सिंह कोहली ने कहा कि आगरा की 500 साल पुरानी इस विरासत को बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अंतर्गत जीआई टैग मिलना ऐतिहासिक उपलब्धि है इससे आगरा के जूते को दुनियां में विशिष्ट पहचान मिलेगी। श्री पूरन डावर की दूरदृष्टि सोच ने हमें आगरा में बने जूते पर गर्व करने का अवसर दिया है। वहीं सम्मान के लिए टीम एफएएफएम का आभार व्यक्त करते हुए पूरन डावर ने कहा कि हमारा सपना है कि आगरा जूता निर्माण में विश्व की ग्लोबल फैक्ट्री बने इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगें। सम्मान के मौके एफएएफएम अध्यक्ष कुलदीप कोहली के साथ संस्था सचिव संचित मुंजाल, संयुक्त सचिव नकुल मनचंदा, कोषाध्यक्ष रोमी मगन आदि विशेष रूप से शामिल रहे।

## 15 अगस्त से पहले कश्मीर में 6 आतंकी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कश्मीर पुलिस और इंडियन आर्मी ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान 15 अगस्त से पहले 6 आतंकियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से गोला-बारूद और हथियार बरामद किए। पहला मामला बुधवार रात का है, जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गए। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत 3 लोग घायल हुए। दूसरा मामला बारामूला के उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के 3 आतंकी पकड़े। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बारामूला पुलिस और सेना की 16 सिख लाइट इन्फैंट्री के सुरक्षा बलों ने पेट्रोलिंग के दौरान चुरुंडा उरी में एक संदिग्ध को देखा। सुरक्षाबलों को देखकर वह भागने लगा, लेकिन सुरक्षाबलों ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान उरी के निवासी शौकत अली अवान के रूप में हुई। उसके पास से दो ग्रेनेड बरामद हुए। पकड़े गए आतंकी ने अपने साथियों का नाम भी कबूले हैं।



## नूंह हिंसा के दो आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नूंह

नूंह हिंसा के बाद हरियाणा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को अपराध शाखा तावडू को बड़ी कामयाबी मिली है। नूंह हिंसा के दो आरोपियों का पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, निरीक्षक संदीर मोर के नेतृत्व में गठित टीम ने नूंह हिंसा के मामले में शामिल आरोपी मुनफेद निवासी गवारका को पुलिस मुठभेड़ के बाद साथी आरोपी सैकुल निवासी गवारका के साथ गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में सैकुल के पैर में गोली लगी है।

#### आरोपियों के पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद

पुलिस की टीम ने आरोपी सैफुल को अस्पताल में भर्ती कराया है। टीम ने आरोपियों के पास से एक अवैध देशी कट्टा, एक बाइक समेत अन्य सामान बरामद किया है। अपराध शाखा की यह कार्रवाई तावडू के सिलखो गांव की पहाड़ी के नजदीक हुई है।

#### अरावली की पहाड़ियों में छुपे दंगाई, ड्रोन से सर्च

नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा में शामिल संदिग्ध लोग अरावली की पहाड़ियों में छिपे हुए हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसटीएफ और पुलिस टीमों ने ड्रोन की मदद ली है, जिसके जरिए उनके ठिकानों को तलाश करने के बाद आरोपियों को हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस पहाड़ियों में छिपे 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। बताया जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के बाद से ही आस-पास के गांवों के काफी लोग अरावली की पहाड़ियों में जाकर छिप गए। कई दिनों से इन पहाड़ियों में छिपे हुए हैं। इनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद को बेकसूर बताते हैं।

#### हिंसा के 216 आरोपी गिरफ्तार

हिंसा के बाद बीती 6 अगस्त तक पुलिस ने कार्रवाई कर विभिन्न जिलों में 104 एफआईआर दर्ज की हैं और 216 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि 88 और लोगों को हिरासत में लिया गया। इन सभी से पूछताछ हो रही है।वहीं 10 लोगों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जबकि गुरुग्राम जिले में हिंसा को लेकर शुक्रवार तक 27 एफआईआर दर्ज की गई है और 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 60 लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि भड़काऊ पोस्ट के 2300 वीडियो की जांच चल रही है।

#### नूंह हिंसा के बाद प्रशासन की कार्रवाई

नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के बाद रोहिंग्याओं की अवैध बस्तियों पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला है और 250 से ज्यादा झुग्गियों को ध्वस्त कर दिया गया है। इन रोहिंग्याओं के हिंसा में शामिल होने की जानकारी सामने आई हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 31 जुलाई को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा निकाली थी। ये यात्रा नूंह के नलहेश्वर मंदिर से शुरू हुई और इसे फिरोजपुर झिरका होते हुए पुन्हाना उपमंडल के सिंगार गांव के शिव मंदिर में समाप्त होना था। लेकिन उससे पहले ही यात्रा के दौरान हिंसा भड़क गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)